# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, 17 जून 2025 मंगलवार • वर्ष : 09 • अंक : 31 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

1670 : सिंहगढ़ किले को छत्रपति शिवाजी महाराज ने मुगलों से जीता।
1698 : औरंगजेब ने जिंजी के किले पर कब्जा कर लिया।
1972 : ब्रिटिश संसद ने यूरोपीय समुदाय में शामिल होने का प्रस्ताव पारित किया।
1979 : चीन की सेना ने वियतनाम पर हमला किया।
1813 : फ्रांस के खिलाफ प्रसिया ने जंग का ऐलान किया।
1867 : स्वेज नहर से पहला जहाज गुजरा।
1915 : महात्मा गांधी ने पहली बार शांतिनिकेतन का दौरा किया।

# श्रावणी मेला में पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का होगा इस्तेमाल

## नए ऐप से महत्वपूर्ण स्थानों की मिलेगी जानकारी, श्रद्धालुओं को मिलेंगी सुविधाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** झारखंड का श्रावणी मेला पूरे देश में विख्यात है। सावन में हर साल लाखों की संख्या में भक्त यहां आते हैं। दूसरे देश और राज्यों से लोग काफी संख्या में यहां बाबा भोलेनाथ की पूजा करने आते हैं। इस साल 2025 में 11 जुलाई से इस बड़े आयोजन की शुरुआत हो रही है। देवघर जिला प्रशासन इसे भव्य और भक्तों के लिए सुखद और आसान बनाने के लिए प्रयासरत है। जिसके लिए इस बार नई तकनीक का भी इस्तेमाल किया जा रहा है।11 जुलाई से शुरू होने वाली श्रावणी मेला झारखंड सरकार के लिए एक बड़ा आयोजन है। एक महीने तक चलने वाले इस मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुख सुविधा के लिए राज्य सरकार हरसंभव प्रयास करती है। इसकी तैयारी भी अभी से ही शुरू हो गई है। इस बार मेले में करीब 51 लाख से ज्यादा लोगों के आने की संभावना है। जिसके लिए जिला प्रशासन अभी से ही पूरे क्षेत्र की साफ सफाई, रंग रोवन और अन्य सभी इंतजाम को पूरा करने के लिए दिन रात काम करते दिख रहे हैं। इस वर्ष श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कई नई व्यवस्थाओं की शुरुआत की जा रही है, जो पहली बार शुरू हो रहा है। इस बार जिला प्रशासन मैनुअल व्यवस्था के साथ-साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नई तकनीक के तहत आने वाली नई



सुविधा की शुरुआत कर रहा है। जिसमें एक चैटबोट ऐप भी शामिल है। चैटबोट को लेकर देवघर के जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी अभय परासर बताते हैं कि जिला प्रशासन द्वारा शुरू किया जा रहा है यह एक ऐप है। जिसके माध्यम से श्रावणी मेला के बारे में लोगों को विशेष जानकारी दी जाएगी। इस ऐप को डाउनलोड करने के लिए एक लिंक तैयार किया जा रहा है। जिस लिंक को छूते ही यह ऐप श्रद्धालुओं के मोबाइल में डाउनलोड हो जाएगा। इस ऐप के माध्यम से लोगों को देवघर और बाबा मंदिर का इतिहास सहित कई जानकारियां दी जाएंगी। वहीं मेला के दौरान अगर किसी श्रद्धालु को स्टेशन, बस स्टैंड, एयरपोर्ट, हॉस्पिटल सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थान की जानकारी चाहिए तो वो भी इस ऐप के माध्यम से मिल पाएगी। इस ऐप को श्रद्धालू एक लिंक के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं या फिर जिला प्रशासन द्वारा जारी किए जाने वाले नंबर के माध्यम से भी इस ऐप का लाभ ले सकते हैं। जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी अभय पराशर ने बताया कि यह व्यवस्था पहली बार शुरू की जा रही है। नई तकनीक का उपयोग कर जिला प्रशासन लोगों की मदद करने के लिए लगातार तत्पर है। श्रद्धालुओं की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए चैट बोट नाम के ऐप के टेस्टिंग की प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी। टेस्टिंग की प्रक्रिया पास होने के बाद लोगों तक इससे जुड़ी अन्य जानकारियां भी साझा की जाएगी।बता दें कि इस वर्ष आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से कई व्यवस्थाएं की जा रही हैं। जिला के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने भी बताया कि इस नए व्यवस्था के शुरू होने के बाद सावन मेला में देवघर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का संपर्क जिला प्रशासन से आसानी से हो पाएग।

# कुवैत में झारखंड के प्रवासी श्रमिक रामेश्वर महतो की मौत

## सरकार से मुआवजे और शव वापसी की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत जोबर पंचायत के बंदखारो गांव निवासी प्रवासी श्रमिक रामेश्वर महतो (उम्र 38 वर्ष) की 15 जून की रात कुवैत में अचानक तबीयत बिगड़ने और उच्च रक्तचाप बढ़ने के कारण मृत्यु हो गई। रामेश्वर बीते 10 वर्षों से कुवैत की इंको कंपनी में कार्यरत थे और समय-समय पर अपने गांव आते-जाते रहते थे। इस दुखद समाचार के मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पत्नी प्रमिला देवी, पुत्र किशोर कुमार (18 वर्ष), कुलदीप कुमार (13 वर्ष) और माता डलवा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने घर का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। घटना से आहत समाजसेवी चंद्रनाथ भाई पटेल ने शोक व्यक्त करते हुए झारखंड सरकार से सवाल किया है कि आज भी राज्य के हजारों श्रमिकों को रोजगार के लिए विदेशों का रुख क्यों करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि सरकार राज्य में ही स्थायी और सुरक्षित रोजगार सुनिश्चित करे ताकि मजदूरों को विदेश जाने की मजबूरी न हो। श्री पटेल ने केंद्र सरकार और विदेश मंत्रालय से मृतक का शव भारत लाकर पैतृक गांव भेजने की मांग की है। साथ ही इंको कंपनी से उचित मुआवजा देने की अपील भी की है, जिससे परिवार को आर्थिक सहायता मिल सके। मृतक के घर जाकर पूर्व मुखिया मुनीलाल महतो, समाजसेवी नारायण महतो, दौलत महतो सहित कई लोगों ने संवेदना प्रकट की और परिवार को ढांढस बंधाया। यह घटना प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा और स्थायी रोजगार नीति की गंभीर जरूरत की ओर संकेत करती है।

# विकसित भारत देशवासियों के सपने और उम्मीदों का प्रतिबिंब : बाबूलाल मरांडी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची/बोकारो।** भाजपा प्रदेश कार्यालय, रांची में भाजपा किसान मोर्चा की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 वर्षों के कार्यकाल की मुख्य मुख्य उपलब्धियों पर चर्चा हुई। विकसित भारत का अमृतकाल, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण संबंधित उल्लेखनीय कार्यों के संबंध हुई चर्चा में मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, प्रमंडलीय प्रभारी, सोशल मीडिया, मीडिया, आईटी सेल, प्रवक्ता, प्रकोष्ठ संयोजक, जिला अध्यक्ष, एवं जिला प्रभारी शामिल हुए। बैठक भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं मुख्य वक्ता प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश महामंत्री अजय




मुंडा ने किया। पवन साहू ने कहा, झारखंड में भाजपा किसान मोर्चा किसानों की उत्पादन एवं आय दुगनी हो इसके लिए निरंतर केंद्र सरकार के द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रहीं योजनाओं को प्रत्येक गांव एवं किसानों तक पहुंचा रहा है। वर्तमान समय में विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से चल रहा है जिसमें किसानों को नई-नई तरीके से उत्तम खेती के लिए कृषि वैज्ञानिक गांव-गांव जाकर किसानों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। साथ ही साथ प्रगतिशील किसान को प्राकृतिक खेती एवं जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे किसान लाभांवित हो रहे हैं। साथ ही किसनो की समस्या को लेकर आगामी 24 जून को प्रदेश के सभी प्रखंड कार्यालय पर प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। बाबूलाल मरांडी ने कहा, विकसित भारत सिर्फ एक योजना नहीं है एक सपना है। वह सपना जिसका मतलब केवल आर्थिक विकास नहीं बल्कि देश के हर नागरिक के सपनों और उम्मीदों का प्रतिबिंब है। विकसित भारत मतलब हर गांव, हर शहर, हर घर में खुशहाली, समृद्धि और समान अवसर प्राप्त हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत का सपना देश के सामने रखा एक ऐसा भारत जो आजादी के 100 वर्ष पूरे होने पर दुनिया के अग्रणी पंक्ति में हो। हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हो। चाहे कृषि, उद्योग, विज्ञान या तकनीक युवा शक्ति को नवाचार शिक्षा और कौशल विकास के लिए पूरे अवसर और संसाधन मिले। कर्मवीर सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी द्वारा विकसित भारत हेतु पांचप्रण लिए गए हैं- विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, एकता और नागरिक कर्तव्य देश की प्रगति के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष रंजय भारती, रीता प्रसाद, विक्रांत उपाध्याय, अरविंद सिंह खुराना, राजेश कुशवाहा, प्रदेश मंत्री मनमीत अकेला, प्रभात रंजन, सदानंद महतो, विनोद ठाकुर, प्रदेश कोषाध्यक्ष टोनी जैन, प्रदेश प्रवक्ता अनिल राय, भूपेंद्र मिश्रा, कार्यालय मंत्री अजय दुबे, सुरेंद्रनाथ, अवधेश दुबे, ऋषिकेश सिंह, रितु लाल महतो, विजय कोइरी, मुकेश राय, जितेंद्र तिवारी आदि शामिल हुए।

# एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा से ऊर्जा क्षेत्र में नई उड़ान तीसरी इकाई के साथ पूरी क्षमता पर पहुंचा संयंत्र

**नवीन सिन्हा**

**हजारीबाग।** एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा ने तीसरी इकाई (660 मेगावाट) के वाणिज्यिक संचालन की औपचारिक घोषणा कर दी है। इसके साथ ही यह सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट अपनी पूर्ण क्षमता 1,980 मेगावाट–पर पहुंच चुका है। यह उपलब्धि एनटीपीसी के तकनीकी कौशल, कार्यकुशलता और समर्पण का प्रतीक है। चतरा जिले में स्थित यह परियोजना 'पिट-हेड' श्रेणी की है, यानी कोयला खदान के समीप स्थित, जिससे परिवहन लागत कम होती है और विद्युत उत्पादन अधिक प्रभावी बनता है। यह संयंत्र झारखंड, बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और सिक्किम राज्यों को चौबीसों घंटे सस्ती, स्थायी और भरोसेमंद बिजली उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाएगा। इस यूनिट के चालू होते ही एनटीपीसी समूह की कुल स्थापित क्षमता 81,368 मेगावाट तक पहुंच गई है, जिससे देश के ऊर्जा क्षेत्र में उसकी नेतृत्वकारी भूमिका और अधिक मजबूत हो गई है। एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा देश की पहली ऐसी सुपरक्रिटिकल परियोजना है, जिसमें बड़े पैमाने पर एयर-कूल्ड कंडेंसर तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। यह प्रणाली पारंपरिक वॉटर-कूल्ड कंडेंसर की तुलना में लगभग 66% कम जल



उपयोग करती है– जो विशेष रूप से जल-संकटग्रस्त क्षेत्रों के लिए एक बड़ी राहत है और एनटीपीसी की पर्यावरणीय संवेदनशीलता को दर्शाती है। परियोजना प्रमुख एस.के. सार ने इस अवसर पर कहा,''यूनिट-3 का वाणिज्यिक संचालन हमारे लिए ऐतिहासिक क्षण है। यह हमारे संपूर्ण दल के अथक परिश्रम, तकनीकी विशेषज्ञता और टीमवर्क का सजीव उदाहरण है। एनटीपीसी पर्यावरण संरक्षण, समुदाय विकास और संचालन उत्कृष्टता के मूल मंत्र के साथ देश को सशक्त ऊर्जा भविष्य की ओर ले जाने के अपने मिशन पर अग्रसर है।

## संक्षिप्त समाचार

### जंगल में मिला युवती का शव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के बरकट्ठा थाना क्षेत्र के बरकनगांगो पंचायत अंतर्गत बनकेशरी जंगल में सुबह एक अज्ञात युवती का शव बरामद हुआ है। बॉडी मिलने की बात से इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीण जब जंगल की ओर गए तो उन्हें तेज दुर्गंध का एहसास हुआ। पास जाकर देखने पर जमीन पर नमक बिखरा था और मिट्टी के नीचे किसी कपड़े की झलक दिख रही थी। इसकी सूचना उन्होंने तत्काल पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बरकट्ठा थाना प्रभारी गौतम उरांव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। खुदाई करवाई गई तो एक युवती का शव बरामद हुआ, जिसे कपड़े में लपेटकर नमक छिड़का गया था और ऊपर से मिट्टी डालकर छिपा दिया गया था।

### दुर्घटना में सेना के जवान की पत्नी की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मधेपुरा।** सदर थाना क्षेत्र के गोढ़ियारी में सड़क हादसे में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका की पहचान गोढ़ियारी निवासी सच्चिदानंद यादव की बेटी रजिया कुमारी (28) के रूप में हुई। घटना के बाद मृतका के पिता ने इसे सड़क हादसा नहीं, बल्कि साजिश के तहत हत्या करार दिया है। उसने सिमराहा निवासी कुछ लोगों पर अपनी बेटी को जानबूझकर बाइक से टक्कर मारने का आरोप लगाया है। सच्चिदानंद यादव ने बताया कि रविवार शाम करीब 6 बजे रजिया कुमारी अपने घर के पास सड़क किनारे जा रही थी। इसी दौरान सिमराहा निवासी हलदर यादव, मिथिलेश यादव, उपेंद्र यादव और एक अज्ञात व्यक्ति 2 बाइकों पर सवार होकर आए। आरोप है कि उन्होंने रजिया को टक्कर मारकर गिरा दिया और एक बाइक उसके सिर पर चढ़ा दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी।

# दम घुटने से पिता-पुत्र की मौत

## सूखे कुंए से लोटा निकालने के दौरान हुआ हादसा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिला में सोमवार को दर्दनाक हादसा हो गया। जहां कुआं से लोटा निकालने के चलते पिता- पुत्र की दम घुटने से मौत हो गई। घटना जिला के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के सहियारा गांव की है। मृतकों में 65 वर्षीय जगत रजवार और 32 वर्षीय पुत्र मुन्ना रजवार शामिल है। इस घटना के बाद परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद दोनों के शवों को पुलिस एवं ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया। इस दौरान दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अस्पताल भेज दिया गया। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार सुबह मुन्ना रजवार कुएं के पास लोटा लेकर कुछ काम कर रहा था। इसी बीच लोटा कुएं में गिर गया, जिसे निकालने मुन्ना कुएं में उतर गया, जब काफी देर बाद भी वह वापस नहीं आया तो उसे देखने पिता जगत रजवार भी कुएं में उतर गए।



घटनास्थल पर जुटी लोगों की भीड़

जानकारी के मुताबिक कुएं में पानी नहीं था लेकिन कुआं काफी संकरा था जिसकी वजह से बाप-बेटे की दम घुटने से मौत हो गई। इधर, अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो ने मृतक के आश्रितों को हरसंभव मदद दिलाना का भरोसा दिलाया है। थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने कहा कि प्रथम दृष्टया पिता पुत्र दोनों की मौत दम घुटने से प्रतीत होती है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो जाएगा। कुएं से लोटा निकालने के चक्कर में दोनों की दम घुटने से मौत हुई है। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो, सीओ पंकज कुमार, बीडीओ सुनील कुमार, थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी विनेश राम के अलावा कई पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारी घटनास्थल पहुंचे।

# अलग-अलग हादसों में महिला समेत तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सहरसा।** जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुए सड़क दुर्घटना में एक महिला एवं दो युवकों की मौत हो गई। पहली घटना जिले के सौर बाजार थाना क्षेत्र की है। बैजनाथपुर-सोनबरसा मुख्य मार्ग चंदौर के समीप रविवार की देर रात हाईवा ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई तो दूसरे युवक की मौत इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में हो गई। मृतक की पहचान मधेपुरा जिला के घैलाढ प्रखंड क्षेत्र के रामनगर निवासी राजा कुमार एवं कृष्ण कुमार के रूप में हुई है। वही दूसरी घटना बिहरा थाना क्षेत्र के सहरसा-सुपौल मुख्य मार्ग पर हुई। थाना क्षेत्र के तुलसियाही गांव के समीप एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने एक महिला को ठोकर मारते हुए पलट गई। इसमें महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान रंजीत कुमार की पत्नी उषा देवी पति के रूप में हुई है। घटना बाद से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# डुमरी पंचायत सचिव की मौत के बाद हंगामा

## विधायक की मौजूदगी में आरोपितों पर नामजद एफआईआर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के डुमरी प्रखंड में कार्यरत पंचायत सचिव सुखलाल महतो की रिम्स रांची में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। उन्होंने प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या का प्रयास किया था। रविवार देर रात उनका शव डुमरी लाया गया। शव पहुंचते ही परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो उठे। सोमवार सुबह से उन्होंने डुमरी प्रखंड मुख्यालय के सामने धरना देना शुरू कर दिया। परिजनों के साथ सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण धरने पर बैठे रहे। इस दौरान डुमरी विधायक जयराम महतो भी मौके पर पहुंचे और आंदोलन का समर्थन किया। उन्होंने प्रशासन से परिजनों की मांगें मानने की अपील की। विधायक की मौजूदगी में धरना और ज्यादा प्रभावशाली हो गया, जिससे प्रशासन हरकत में आया। घटना को लेकर उपायुक्त की ओर से सरिया-बगोदर एसडीएम संतोष गुप्ता के नेतृत्व में एक जांच टीम डुमरी भेजी गई। टीम ने धरना स्थल पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों से बातचीत की। सुखलाल महतो के सुसाइड नोट में डुमरी बीडीओ समेत तीन लोगों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया गया था। परिजनों की मांग थी कि सभी आरोपितों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की जाए। प्रशासन ने सभी आरोपितों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज करने की सहमति दे दी। साथ ही आश्रित को सरकारी नौकरी देने की मांग भी मान ली गई। एसडीएम संतोष गुप्ता ने बताया कि मृतक की विधवा पत्नी की सहमति से एक आश्रित को जिले में स्थायी पद पर नियुक्त किया जाएगा। अनापत्ति प्रमाण पत्र और जरूरी दस्तावेज जमा करने के बाद 15 दिनों के भीतर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जाएगी। परिजनों और ग्रामीणों की सभी मांगें माने जाने के बाद धरना समाप्त कर दिया गया। इसके बाद सुखलाल महतो का पार्थिव शरीर अंतिम संस्कार के लिए कुलगो नदी घाट ले जाया गया। अंतिम विदाई में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और दुख जताया।

# पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट पांच महिलाओं की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश के अमरोहा में एक पटाखा फैक्ट्री में सोमवार दोपहर भीषण ब्लास्ट हो गया। हादसे में फैक्ट्री में काम कर रहीं पांच महिलाओं की मौत हो गई है। मृतकों में एक महिला की नौकरी का आज पहला दिन था। हादसे में 12 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए। इनमें 6 की हालत नाजुक है। घायल पगडंडी पर बैठे तड़पते नजर आए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। धमाका इतना तेज था कि फैक्ट्री की इमारत और टीनशेड पूरी तरह से मलबे में तब्दील हो गए। महिलाओं के शव इस कदर जल गए कि उनकी पहचान करना मुश्किल था। धमाके के बाद शव इधर-उधर बिखर गए। शवों का इकट्ठा करके फैक्ट्री के बाहर टीन पर रख दिया और उसे गत्ते से ढक दिया गया। अतरासी गांव से 2 किमी दूर जंगल में फैक्ट्री पटाखा फैक्ट्री अतरासी गांव से 2 किमी दूर जंगल के बीच में थी। फैक्ट्री में सुबह करीब 25 महिला और पुरुष काम कर रहे थे। इसी दौरान किसी मजदूर के बच्चे ने फुलझड़ी जला दी। धमाके की आवाज और धुआं उठता देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे। मलबे में दबे मजदूरों को बाहर निकाला। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचीं। डीएम निधि गुप्ता और एसपी अमित कुमार आनंद मौके पर पहुंचे।

# दो किशोरियों की डूबने से मौत

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** चेरिया बरियारपुर थाना क्षेत्र के सराय में दो किशोरियों की मौत डूबने से हो गयी। मृत किशोरियों की पहचान इसी पंचायत के वार्ड तीन निवासी जीबू पासवान की पुत्री ममता कुमारी एवं नेबल पासवान की पुत्री अंचला कुमारी के रूप में की गयी है। बताया जा रहा है कि परिजन मन्नतें पूरा होने पर बेगूसराय काली स्थान पर पूजा करने के लिए गए हुए थे तभी उक्त दोनों किशोरी स्नान करने के उद्देश्य से नगरी चौर चली गयी। नहाने के क्रम में गहरे पानी में चले जाने के कारण दोनों किशोरी की डूबकर मौत हो गयी है। खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। लोगों की भीड़ नगरी चौर पहुंचकर शव को बाहर निकाला। इस हादसे की खबर चेरिया बरियारपुर थाना पुलिस को दी गयी।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

## संक्षिप्त समाचार

### प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी को ग्रामीणों ने पकड़ा : परिजनों की मौजूदगी में मंदिर में दोनों की शादी कराई



**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर में रविवार देर रात प्रेमिका के गांव पहुंचे प्रेमी को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। परिजनों को बुलाकर गांव के मंदिर में दोनों की शादी करा दी। एक साल से अफेयर चल रहा था। प्रेमी की पहचान गुरुदेव कुमार(18) के तौर पर हुई है। प्रेमिका नाबालिग है। दसवीं क्लास में पढ़ती है। मामला भवानीपुर थाना क्षेत्र के मथुरापुर इलाके की है। जानकारी के मुताबिक चार दिन पहले लड़की को अपने घर भी लेकर गया था। जिसके बाद लड़की के परिजनों ने थाने आवेदन दिया था। शादी करने का दबाव बना रहे थे, लेकिन लड़का पक्ष इसके लिए तैयार नहीं थे। ग्रामीणों के समझाने के बाद तैयार हुए। लड़की की मां मेस में खाना बनाने का काम करती है। शादी के बाद प्रेमी ने कहा कि हम दोनों काफी खुश हैं, मेरी मर्जी से शादी हुई है। वहीं, लड़की का कहना है कि अब हम दोनों एक साथ रहेंगे। खुशी-खुशी शादी हुई है। इस संबंध में भवानीपुर थानाध्यक्ष महेश कुमार से बात करने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे बात नहीं हो पाई। एडिशनल एसएचओ ने कहा कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है। विस्तृत जानकारी बड़ा बाबू ही दे सकते हैं।

### बीआरए बिहार यूनिवर्सिटी में घमासान, वीसी और प्रॉक्टर के खिलाफ थाना पहुंचे एग्जाम कंट्रोलर



**पटना, एजेंसी।** बिहार के प्रतिष्ठित बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय में परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबा लाल पासवान ने वीसी और प्रॉक्टर के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय और प्रॉक्टर प्रो. विनय शंकर राय के खिलाफ एससी-एसटी थाने में शिकायत की है। आवेदन में परीक्षा नियंत्रक ने कुलपति और प्रॉक्टर पर जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करने और डराने-धमकाने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उधर, परीक्षा नियंत्रक की शिकायत और आरोप को विवि के कुलपति प्रो. राय ने बेबुनियाद बताया है। उनका कहना है कि परीक्षा नियंत्रक के सारे आरोप मनगढ़ंत हैं। वहीं, एससी-एसटी थाना के थानाध्यक्ष राम विनय कुमार ने बताया कि परीक्षा नियंत्रक ने आवेदन देकर शिकायत की है। वरीय अधिकारियों के निर्देश के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. पासवान ने आवेदन में बताया है कि 14 जून 2025 को पार्ट-2 की विशेष परीक्षा के लिए केंद्र की सूची तैयार करने के लिए कुलपति ने उन्हें अपने कक्ष में बुलाया। यहां बुरा भला कहते हुए त्याग पत्र देने को कहा। इसके बाद उन्होंने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया। परीक्षा नियंत्रक ने अपनी शिकायत में कहा है कि कुलपति के साथ प्रॉक्टर प्रो. विनय शंकर ने भी उन्हें डराने-धमकाने की कोशिश की। दोनों अधिकारी पूर्व में भी उन्हें धमकी दे चुके हैं कि उनकी बात नहीं मानी तो पद से हटा दिया जाएगा। परीक्षा नियंत्रक ने आवेदन में कहा है कि उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के लिए विवि में दो उप परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति की गई है। यह विवि अधिनियम के खिलाफ है। इससे पहले परीक्षा नियंत्रक की ओर से वीसी के खिलाफ राज्यपाल को लिखा गया एक पत्र भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इस पत्र में भी परीक्षा नियंत्रक ने कुलपति पर परेशान करने का आरोप लगाया है। इस पत्र की चर्चा दिनभर होती रही। हालांकि, इस वायरल पत्र की सत्यता की पुष्टि लाइव हिन्दुस्तान नहीं करता है।

### बिहार में सुबह-सुबह दर्दनाक हादसा, पिकअप पलटने से 5 लोगों की मौत; 10 घायल

**छपरा, एजेंसी।** बिहार में सुबह-सुबह बड़ा सड़क हादसा हुआ है। यहां सड़क हादसे में 5 लोगों की जान चली गई है। छपरा में हुए इस दर्दनाक हादसे में करीब 10 लोग जख्मी भी है। जानकारी के मुताबिक, नयागांव थाना क्षेत्र के बाजितपुर के पास सोमवार की सुबह टायर फटने से पिकअप पलट गया। पिकअप पलटने की वजह से उसमें सवार पांच लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में लगभग 10 लोग जख्मी हैं। पिकअप में सवार लोग दिघवारा से सोनपुर जा रहे थे। चार लोगों की मौत घटना स्थल पर ही हो गई थी। इधर हाजीपुर में इलाज के दौरान एक किशोर की मौत की सूचना भी आई। जिसके बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई। बता दें कि दिघवारा से लोग भूजा के लिए मक्के की कुटाई कराने महीने में दो-तीन बार हाजीपुर जाते हैं।

# बिहार में शिक्षा और रोजगार के मुद्दे पर चुनाव लड़ेगी जन सुराज : प्रशांत किशोर



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कहा कि उनकी पार्टी शिक्षा और रोजगार के मुद्दे पर चुनाव लड़ेगी। इसी को लेकर बिहार बदलाव अभियान के तहत यात्रा पर निकले हैं। हर जिले में छोटी-छोटी सभाएं कर लोगों से संपर्क कर रहे हैं। वे रविवार को यहां जिला अतिथि गृह के सभागार में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। प्रशांत किशोर ने कहा कि उनकी पार्टी प्रदेश की सभी 243 विस सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इनमें 90 फीसदी उम्मीदवार ऐसे होंगे, जो कभी चुनाव मैदान में नहीं उतरे होंगे। कहा कि गली-मोहल्लों में उनकी पार्टी के कई लोग अपना बैनर-पोस्टर लगा संभावित उम्मीदवार होने का दावा कर रहे है। यह जन सुराज की रणनीति का हिस्सा है।

जिसकी क्षेत्र में अधिक पकड़ होगी, वही दावेदार होगा। प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार में सवा करोड़ लोग जन सुराज से जुड़ चुके है। यह सिलसिला जारी है। कहा कि जन सुराज के दो संकल्प हैं। पहला बिहार से पलायन रोकना और दूसरा 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को दो-दो हजार रुपये देने की व्यवस्था करना है।

## सभी पद घर में ही तो दूसरे लोग कहां जाएंगे

समस्तीपुर सांसद के मैदान में उतरकर चुनाव लड़ने की चुनौती पर प्रशांत किशोर ने कहा कि वह किसी से डरते नहीं है। राघोपुर, हरनौत या कल्याण बिगहा जाने से नहीं डरते। कहा कि सांसद के पिता कुर्सी के लिए कांग्रेस छोड़कर जेडीयू में आए थे। उनके नेता के सामने वह कैसे दरबार लगाते थे, हमने सब देखा है। खुद मंत्री, बेटी सांसद, दामाद धार्मिक न्यास का सदस्य। सभी पद घर में ही है तो दूसरे लोग कहां जाएंगे। यह अपनी कुर्सी के लिए दलित की राजनीति करते है। 30-40 साल की राजनीति में दलित के लिए क्या किया, दो-चार उपलब्धि तो गिना दें।

## मंगल पांडेय को मुख्यमंत्री बर्खास्त करें

कुढ़नी दुष्कर्म पीड़िता की मौत पर प्रशांत किशोर ने स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय से इस्तीफे की मांग की। कहा है कि अगर वे इस्तीफा नहीं दे रहे तो मुख्यमंत्री उन्हें बर्खास्त करें, अन्यथा जन सुराज उनका धेराव करेगा। बच्ची की मौत पीएमसीएच की लापरवाही की वजह से हुई है। इसके लिए स्वास्थ्य मंत्री सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं।

## कांग्रेस अपने दम पर बिहार में लड़े चुनाव

प्रशांत किशोर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को चुनौती देते हुए कहा कि उनमें हिम्मत है तो लालू यादव द्वारा बाबा साहेब आंबेडकर के अपमान का विरोध करें। कांग्रेस की स्थिति पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि बिहार में कांग्रेस लालू और उनकी पार्टी का झंडा ढोने वाली पार्टी है। अगर कांग्रेस में हिम्मत है तो वह अपने दम पर चुनाव लड़े।

# बिहार चुनाव से पहले सीटों पर कांग्रेस का मंथन

**पटना, एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने सीटों पर मंथन शुरू कर दिया है। रविवार को गांधी मैदान स्थित एक होटल में पार्टी विधायक दल की हुई बैठक में इस संबंध में विधायकों की राय जानी गई। उनसे दावेदारी पूछी गई। संभावित उम्मीदवारों को टटोला गया। साढ़े चार साल के दौरान विधायकों की ओर से किए गए कार्यो की समीक्षा की गई। प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम की अध्यक्षता में हुई बैठक में पार्टी की संभावित मजबूत सीटों पर चर्चा हुई। पार्टी की ओर से गांवों में चौपाल आयोजित की जा रही है। इसके जरिए लोगों से जनसंवाद कर मजबूत सीटों की पहचान की जाएगी। हाल ही में हुई इंडिया गठबंधन की बैठक में घटक दलों से दावेदारी वाली सीटों की संख्या और नाम मांगे गए थे। सभी घटक दलों को गठबंधन समन्वय समिति के चेयरमैन तेजस्वी यादव को नाम और संख्या सौंपनी है। इसी के मद्देनजर यह बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इस पर चर्चा की गई कि संभावित नाम समन्वय समिति की बैठक में ही सभी घटक दलों के



साथ दी जाए। पार्टी सूत्रों के अनुसार प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने बैठक में कहा कि पार्टी सर्वे करा रही है। इस बार जीतने वाली सीट पर समीक्षा कर उम्मीदवार तय किये जायेंगे। बैठक में हाल के दिनों में पार्टी की ओर से चलाए गए आंदोलनों और जनसंवाद अभियान पर भी फीडबैक लिया गया।

हर घर झंडा कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई। इसके अलावा माई-बहिन योजना की जानकारी ज्यादा से ज्यादा महिलाओं के बीच ले जाने की रणनीति बनी। बैठक में सह प्रभारी सुशील पासी, सांसद तारिक अनवर, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह, विधायक दल नेता शकील अहमद खान, मदन मोहन झा, समीर कुमार सिंह, अजीत शर्मा समेत ज्यादातर विधायक और विधान परिषद सदस्य मौजूद रहे।

# जमुई में तेज रफ्तार मैजिक ने बाइक को मारी टक्कर : युवक ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

**जमुई, एजेंसी।** जमुई में रविवार शाम मैजिक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना एनएच-333ए सिकंदरा-शेखपुरा मुख्य



मार्ग पर हुई। मृतक की पहचान पिरहिंडा गांव निवासी राहुल कुमार (30) के रूप में हुई है। वे बाइक से महरथ की ओर जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार मैजिक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने घायल राहुल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरा पहुंचाया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद मैजिक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने मौके से वाहन को जब्त कर लिया।

## शव रखकर सड़क किया जाम

पुलिस के देर से अस्पताल पहुंचने पर आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शव को पिरहिंडा गांव के पास मुख्य सड़क पर रखकर यातायात बाधित कर दिया। ग्रामीणों ने मृतक के परिवार को सरकारी मुआवजा और दोषी चालक की गिरफ्तारी की मांग की। अवर निरीक्षक विवेक कुमार यादव और पीयूष कुमार के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम हटाया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जमुई भेज दिया। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है।

# नालंदा की मुस्कान को मिला रजत पदक

**देहरादून में राष्ट्रीय कराटा प्रतियोगिता, 3000 खिलाड़ियों ने लिया था हिस्सा**




**नालंदा, एजेंसी।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में आयोजित चौथी राष्ट्रीय कराटा प्रतियोगिता में नालंदा की बेटी मुस्कान कुमारी को रजत पदक मिला है। 12 से 15 जून तक देहरादून के परेड ग्राउंड इंडोर हॉल में चली इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के लगभग 3000 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। मुस्कान ने जूनियर वर्ग के 42 किलोग्राम भार वर्ग में अपनी तकनीकी दक्षता और मानसिक मजबूती का परिचय देते हुए रजत पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता के रेफरी सह एकेडमी ऑफ मार्शल आर्ट एंड स्पोर्ट्स जोन के संस्थापक एवं मुख्य प्रशिक्षक रेंसी राकेश राज खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पूरे देश से आए 3000 खिलाड़ियों के बीच हमारी अकादमी की एकमात्र खिलाड़ी मुस्कान का बिहार टीम में चयन होना, फिर मेडल जीतना हमारे लिए गर्व की बात है। यह उपलब्धि हमारी प्रशिक्षण पद्धति और मेहनत दोनों का परिणाम है।

## मुस्कान के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी

मुस्कान की इस उपलब्धि पर खेल जगत की कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इनमें कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष हंसी भरत शर्मा, सचिव संजीव जांगड़ा, बिहार कराटे एसोसिएशन के सचिव क्योशी पंकज कबंली, अध्यक्ष क्योशी अभय कुमार अतुल, राष्ट्रीय रेफरी हर्ष कुमार, बिहार टीम के कोच राम सिंह यादव और सुभाष कुमार शामिल हैं। एकेडमी ऑफ मार्शल आर्ट एंड स्पोर्ट्स जोन के पदाधिकारियों में अध्यक्ष डॉ. रविचंद्र कुमार, निर्देशक संजय कुशवाहा, कोषाध्यक्ष ऋषिकेश कुमार और न्यूरोसर्जन डॉ. राजीव कुमार रंजन ने भी मुस्कान के इस शानदार प्रदर्शन की सराहना की है।

## स्थानीय खेल संगठनों का उत्साह

नालंदा जिला कराटे संघ के सचिन क्योशी संजय खड्गी और राष्ट्रीय खिलाड़ी संध्या रानी तथा अंकिता राज सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने इस युवा प्रतिभा को भविष्य की चुनौतियों के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# भोजपुर में अपराधियों ने ज्योतिषी को मारी गोली

**15 डिसमिल जमीन को लेकर 2 महीने से चल रहा था विवाद; बच्चों से मिलने गांव जा रहे थे**



**भोजपुर, एजेंसी।** भोजपुर में 15 डिसमिल जमीन विवाद में अपराधियों ने ज्योतिषी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। विरोध करने पर गोली मार दी। बुलेट पेट में लगी है। हालत गंभीर बनी हुई है। इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट कराया गया है। घायल की पहचान चासी गांव निवासी विनोद कुमार पांडेय(55) के तौर पर हुई है। पिछले 10 साल से नवादा इलाके के बाजार समिति में रह रहे हैं। वहीं से ज्योतिषी का काम करते हैं। घटना नारायणपुर थाना क्षेत्र की है।

## ऑपरेशन करके बुलेट निकाला

सर्जन डॉ. विकास सिंह ने बताया कि गोली लगने से लिवर और छोटी आंत बुरी तरह से डैमेज हुआ है। ऑपरेशन करके बुलेट निकाल दिया गया है। अभी मरीज को ऑब्जर्वेशन में रखकर इलाज किया जा रहा है।

## घर के पास घात लगाकर बैठे थे

अस्पताल में भर्ती घायल विनोद कुमार पांडेय ने बताया, 15 डिसमिल जमीन को लेकर गांव के ही पिंटू कुमार पांडेय, धर्मेंद्र पांडेय और शैलेंद्र कुमार पांडेय से दो महीने से विवाद चल रहा है। दबंगई के बल पर जमीन हड़पना चाहते हैं। गर्मी की छुट्टी में बच्चे गांव गए हैं।

उसी से मिलने के लिए रविवार को बाजार समिति से गांव जा रहा था। घर के पास पहुंचते ही घात लगाकर बैठे तीन लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। इसके बाद पेट में गोली मार दी। खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ा। गोली की आवाज सुनकर परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया।

## जांच में जुटी पुलिस

विनोद कुमार पांडेय ने पिंटू कुमार पांडेय, धर्मेंद्र पांडेय और शैलेंद्र पांडेय पर जमीन विवाद में गोली मारने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# युवक की हत्या, 6 बदमाशों ने घेरकर सीने में मारी गोली

**मुंगेर, एजेंसी।** मुंगेर में बदमाशों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान आशीष कुमार(26) के रूप में हुई है। रविवार शाम उसके सीने में दो गोली मारी गई। वो रविवार की शाम हाईवे से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान घर के पास ही घात लगाए 6-7 बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की। इसमें दो गोली उसके सीने में लगी। गोलियों की आवाज सुनकर ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे। घायल आशीष को आनन-फानन में निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना बरियारपुर थाना क्षेत्र के महदेवा स्कूल मैदान के गली की है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने बताया कि दो बाइक से बदमाश आए थे। आशीष पर फायरिंग करने के बाद हटिया की ओर फरार हो गए। मृतक की पत्नी प्रेग्नेट है।

**आपसी रंजिश में हत्या :** घटना की सूचना मिलने के बाद थानाध्यक्ष वीरभद्र कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि आपसी रंजिश में फायरिंग की गई है। पुलिस इस मामले को बरियारपुर बस स्टैंड विवाद में हुए डबल मर्डर से जोड़कर देख रही है। दरअसल आशीष के पिता नेपाली मंडल और चचेरे भाई मुकेश मंडल उर्फ



दुलो मंडल डबल मर्डर में नामजद आरोपी था। वर्तमान में दुलो मंडल जेल में है। 13 जून 2023 को बस स्टैंड में वर्चस्व को लेकर विवाद हुआ था। इस विवाद में 2 युवकों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतकों में कचहरी टोला निवासी शिवदानी मंडल के बेटे पंकज मंडल और गांधीपुर निवासी विनोद सिंह के बेटे रंजन सिंह शामिल थे। एसपी सैयद इमरान मसूद ने बताया कि शाम में गोली मारकर एक युवक की हत्या की सूचना मिली है। सूचना मिलने के बादएसएचओ और एसडीपीओ मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। मृतक के परिजनों से बातचीत हुई है। पुलिस कार्रवाई कर रही है।

# मीठापुर-महुली एलिवेटेड रोड की सौगात, इन जिलों से पटना का सफर अब होगा आसान




**पटना, एजेंसी।** बिहार की राजधानी पटना को जाममुक्त बनाने और शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए शहरवासियों को सोमवार को एक और नए एलिवेटेड सड़क की सौगात मिलेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को मीठापुर-महुली एलिवेटेड सड़क का उद्घाटन करेंगे। इस एलिवेटेड सड़क के चालू होने से राजधानी के दक्षिणी इलाकों में रहने वाले लाखों लोगों को यातायात में काफी सहूलियत होगी।

दक्षिण बिहार के विभिन्न जिलों में आना-जाना भी अब बेहद आसान हो जाएगा। रोज घंटों लगने वाले जाम से लोगों को मुक्ति मिलेगी और समय की बचत होगी। पथ निर्माण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 1400 करोड़ की लागत निर्मित मीठापुर-महुली-पुनपुन परियोजना अंतर्गत भूपतिपुर से पुनपुन (एनएच-22) तक एलिवेटेड-सह-एटग्रेड सड़क का लोकार्पण मुख्यमंत्री करेंगे। राज्य के दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा के अलावा पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन भी मौजूद रहेंगे। सांसद रविशंकर प्रसाद और मीसा भारती, विधायक गोपाल रविदास, अरुण सिन्हा, विधान पार्षद रवींद्र प्रसाद सिंह, नीरज कुमार, नवल किशोर यादव और कार्तिक कुमार को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। मीठापुर-महुली एलिवेटेड रोड के चालू होने से पटना के दक्षिणी इलाकों में रहने वाले लाखों लोगों को यातायात में काफी सहूलियत होगी। जहानाबाद, अरवल, बिहारशरीफ और गया के लिए सफर अब आसान हो जाएगा। पहले फेज में सिपारा से महुली तक एलिवेटेड रोड बनकर तैयार हो चुका है। सिपारा से महुली एलिवेटेड रोड पर जाने के लिए भूपतिपुर के पास बने रैंप से होकर लोग अब सफर कर सकेंगे। इसके चालू होने से सिपारा से महुली की दूरी महज 5 से 6 मिनट में पूरी हो जाएगी। अभी इस दूरी को तय करने में लोगों को काफी मशक्कत करना पड़ता है।

## मीठापुर से सिपारा तक एलिवेटेड नवंबर तक

मीठापुर-महुली एलिवेटेड रोड का निर्माण कार्य दो फेज में चल रहा है। पहला फेज सिपारा से महुली तक है। फेज-एक का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। मीठापुर से सिपारा तक रूट की संरचना में काफी बदलाव होने के कारण मीठापुर-सिपारा-महुली-पुनपुन पथ परियोजना (फेज-2) का भी प्रावधान किया गया है। वहीं फेज-2 में मीठापुर से सिपारा तक की दूरी जो करीब 2.10 किलोमीटर है, इस पर एलिवेटेड सड़क का निर्माण किया गया है। महुली से पुनपुन तक कुल 2.20 किलोमीटर की दूरी तय करने के लिए फोरलेन सड़क का भी प्रावधान किया गया है। मीठापुर से सिपारा तक एलिवेटेड रोड का निर्माण कार्य नवंबर तक पूरा कर लिया जाएगा।

# लक्ष्य की पूर्ति के लिए विभाग करें समन्वित प्रयास, बढ़ाएं राजस्व संग्रहण की गति: उपायुक्त

## राजस्व संग्रहण को लेकर गिरिडीह समाहरणालय में हुई समीक्षा बैठक, उपायुक्त ने दिए सख्त निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह समाहरणालय सभागार में सोमवार को राजस्व संबंधी समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त रामनिवास यादव ने की। बैठक का उद्देश्य विभिन्न विभागों द्वारा अब तक हुए राजस्व संग्रहण की प्रगति की समीक्षा करना और आगामी रणनीतियों को दिशा देना था। उपायुक्त ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे वार्षिक लक्ष्यों के अनुरूप राजस्व वसूली में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के लिए समन्वित और ठोस कार्ययोजना बनानी होगी। उन्होंने आंतरिक संसाधनों की स्थिति की समीक्षा करते हुए




स्थानीय निकायों को राजस्व संग्रहण में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कार्य करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा, स्थानीय संसाधनों की पहचान कर संग्रहण की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाएं। नीलाम पत्र की अद्यतन स्थिति में सुधार लाएं और लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करें। बैठक में माप-तौल, नीलाम पत्र, कृषि उत्पादन बाजार समिति, मोटरयान निरीक्षण, भू-राजस्व समेत अन्य विभागों की समीक्षा की गई। नीलाम पत्र शाखा से जुड़े अधिकारियों को विशेष रूप से लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

उपायुक्त ने कहा कि राजस्व में प्रगति सीधे तौर पर जिले के विकास से जुड़ी हुई है, अतः सभी विभागीय अधिकारी पारदर्शिता, समयबद्धता और नियमित अनुश्रवण को प्राथमिकता दें। बैठक में अपर समाहर्ता, जिला कोषागार पदाधिकारी, उपनगर आयुक्त, जिला परिवहन पदाधिकारी, खनन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता (विद्युत विभाग - उत्तरी एवं दक्षिणी), उत्पाद अधीक्षक, जिला एवं अवर निबंधकगण, माप-तौल पदाधिकारी, जिला नीलाम पत्र शाखा प्रभारी, राष्ट्रीय बचत कार्यपालक पदाधिकारी, सांख्यिकी पदाधिकारी सहित सभी अंचल अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने दो आरोपितों को किया गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा

## अलग-अलग मामलों में हुई कार्रवाई, अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की तैयारी में पुलिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र में दर्ज दो अलग-अलग मामलों में थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बेंगाबाद थाना कांड संख्या 88/25, दिनांक 11 जून 2025 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64/62 में नामजद समीर रजक, निवासी मोतीलेदा, को पुलिस ने गिरफ्तार किया। वहीं, कांड संख्या 94/25, दिनांक 16 जून 2025 के तहत धारा 69 बीएनएस में आरोपी मोहम्मद अफ़ा आलम, निवासी घूठीया, को भी पुलिस ने धर दबोचा।

दोनों अभियुक्तों को बेंगाबाद थाना पुलिस ने आवश्यक कानूनी औपचारिकताओं के बाद न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने जानकारी दी कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से लगातार छापेमारी और गिरफ्तारी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि अन्य मामलों में संलिप्त अपराधियों की तलाश जारी है और शीघ्र ही उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# प्रशिक्षु आइएएस आनंद शर्मा ने हजारीबाग में योगदान दिया, उपायुक्त से की शिष्टाचार भेंट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2024 बैच के प्रशिक्षु अधिकारी श्री आनंद शर्मा ने रविवार, 16 जून 2025 को हजारीबाग जिले में प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी के रूप में योगदान दिया। उन्होंने जिलाधिकारी श्री शशि प्रकाश सिंह से शिष्टाचार भेंट कर अपना कार्यभार ग्रहण किया।




दिल्ली निवासी आनंद शर्मा, अब आगामी 12 महीनों के प्रशिक्षण काल के दौरान जिले में प्रशासनिक कार्यों, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, और विभागीय कार्य प्रणाली को नजदीक से जानने और समझने का अनुभव प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने उनका जिले में स्वागत किया और उन्हें हजारीबाग की प्रशासनिक संरचना, प्राथमिकता वाले क्षेत्रों, तथा समावेशी विकास को लेकर चल रही सरकारी पहलों की विस्तृत जानकारी दी। बताया गया कि प्रशिक्षु अधिकारी आने वाले दिनों में जिले के विभिन्न विभागों, प्रखंड कार्यालयों और मैदानी इकाइयों में कार्यरत होकर नीतिगत और क्रियान्वयन स्तर की गतिविधियों में भाग लेंगे। इससे न केवल उनकी प्रशासनिक दक्षता में वृद्धि होगी, बल्कि ग्रामीण और शहरी विकास की जमीनी हकीकत को भी समझने में सहायता मिलेगी। हजारीबाग प्रशासन को उम्मीद है कि श्री शर्मा की ऊर्ज़ा, दृष्टिकोण और प्रतिबद्धता जिले के कार्यों में नवाचार और प्रभावशीलता लाने में सहायक होगी।

# नीट में पवई की कुसुम कुमारी की सफलता, 6932वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का बढ़ाया मान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**चौपारण (हजारीबाग)।** पाण्डेयबारा पंचायत के पवई गांव की कुसुम कुमारी ने नीट 2025 परीक्षा में 6932वीं रैंक हासिल कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। यह सफलता उन्होंने अपने दूसरे प्रयास में प्राप्त की, जिससे यह स्पष्ट होता है कि संघर्ष, समर्पण और धैर्य से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। कुसुम समाजसेवी भुनेश्वर साव की भतीजी हैं। उनकी इस उपलब्धि पर पूरा गांव गौरवान्वित है और क्षेत्र की बेटियों के लिए यह सफलता प्रेरणा का स्रोत बन गई है। कुसुम ने बताया कि इस सफलता के पीछे उनके माता-पिता, शिक्षक और सहपाठियों का बड़ा योगदान है। कठिन परिस्थितियों में भी उनके पिता, जो बरही में कुट्टी (पशु चारा) की दुकान चलाते हैं, और माता, जो एक गृहिणी होने के साथ-साथ बरही के निजी क्लिनिक में नर्स के रूप में कार्यरत हैं, ने हमेशा उनका मनोबल बढ़ाया। कुसुम ने मैट्रिक की परीक्षा डीएवी स्कूल, बरही से और इंटरमीडिएट की पढ़ाई केडी कॉलेज, रांची से पूरी की। नीट की तैयारी उन्होंने रांची के एक प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान से की। उन्होंने बताया कि पढ़ाई के दौरान कई बार मानसिक दबाव भी रहा, लेकिन परिवार और शिक्षकों के सहयोग से वह डटी रहीं। समाजसेवी भुनेश्वर साव ने कहा कि कुसुम की सफलता यह प्रमाण है कि सही मार्गदर्शन, मजबूत इरादा और परिवार का सहयोग हो तो कोई भी छात्र कठिन से कठिन परीक्षा में सफलता पा सकता है।

# बिजली संकट पर हजारीबाग-रामगढ़ की जनता नाराज, सांसद मनीष जायसवाल के नेतृत्व में जीएम कार्यालय के बाहर भाजपा का महाधरना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग और रामगढ़ जिले में लगातार बिजली कटौती से नाराज़ जनता का गुस्सा सोमवार को फूट पड़ा। सांसद मनीष जायसवाल के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक (तकनीकी) कार्यालय के बाहर जुलू पार्क परिसर में महाधरना दिया। सुबह 11 बजे शुरू हुआ प्रदर्शन साढ़े पांच घंटे तक चला, जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। जनता की नाराज़गी के बीच बिजली विभाग के अधिकारियों ने लिखित आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया। धरना की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने की, जबकि मंच संचालन भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजकरण पांडेय और धन्यवाद ज्ञापन जीवन मेहता ने किया। प्रदर्शनकारियों ने बिजली कटौती की




भयावह स्थिति, विभागीय लापरवाही और झारखंड सरकार की विफलता को लेकर जमकर नारेबाज़ी की।

**सांसद ने दी चेतावनी**

धरने को संबोधित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि हेमंत सरकार ने झारखंड को फिर से ढिबरी युग में पहुंचा दिया है। किसान बेहाल हैं, छात्र पढ़ाई से वंचित हैं, और पानी जैसी मूलभूत सुविधा भी बाधित हो गई है। अगर विभाग ने लिखित आश्वासन का पालन नहीं किया तो संबंधित अधिकारी और मंत्री के घर की बिजली काट दी जाएगी और पूरे राज्य में आंदोलन किया जाएगा।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि देश में बिजली की कोई कमी नहीं है, लेकिन राज्य सरकार की नाकामी के कारण झारखंड अंधेरे में डूबा है।

**विधायकों ने भी दिया समर्थन**

प्रदर्शन में मौजूद भाजपा विधायकों ने भी आंदोलन को समर्थन देते हुए एलान किया कि यदि बिजली व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं हुआ, तो बड़कागांव, केरेडारी समेत पूरे जिले में कोयला ढुलाई को रोका जाएगा और अनिश्चितकालीन चक्का जाम किया जाएगा।

# डुमरी आत्महत्या कांड में संजय मेहता ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को लिखा पत्र

## कार्रवाई की मांग की, आयोग में मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिला अंतर्गत डुमरी प्रखंड के बलथरिया पंचायत के पंचायत सेवक सुखलाल महतो की आत्महत्या मामले में आजसू नेता संजय मेहता ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली को पत्र लिखकर न्याय की मांग की है संजय मेहता ने आयोग के अध्यक्ष के नाम अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि यह मामला न सिर्फ मानवाधिकारों के उल्लंघन से जुड़ा है, बल्कि कार्यस्थल पर सरकारी पदाधिकारियों द्वारा किए गए मानसिक उत्पीड़न का गंभीर उदाहरण भी है। उन्होंने बताया कि मृतक सुखलाल महतो ने आत्महत्या के पूर्व लिखे पत्र में डुमरी के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) समेत तीन अन्य अधिकारियों पर मानसिक प्रताड़ना और सार्वजनिक अपमान के गंभीर आरोप लगाए थे



संजय मेहता ने आशंका जताई है कि चूंकि यह मामला सरकार और सरकारी पदाधिकारियों से जुड़ा है, इसलिए तथ्यों के साथ छेड़छाड़ की जा सकती है, और सरकारी मशीनरी द्वारा सच्चाई को दबाने की कोशिश की जा सकती है। उन्होंने कहा कि यहां तो मुंसिफ ही चोर है, इसलिए मानवाधिकार आयोग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। संजय मेहता ने आयोग को भेजे अपने पत्र में संविधान के अनुच्छेद 21 और यूनिवर्सल डिक्लेरेशन ऑफ ह्यूमन राइट्स के अनुच्छेद 5 का हवाला देते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को सम्मानपूर्वक जीवन और अमानवीय व्यवहार से मुक्ति का अधिकार है, और यह घटना इन मूल अधिकारों का घोर उल्लंघन है मानवाधिकार आयोग ने संजय मेहता के पत्र पर संज्ञान लेते हुए केस संख्या 14015/इन/2025 के अंतर्गत 16 जून 2025 को मामला दर्ज कर लिया है। संजय मेहता ने आयोग से निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह मामला गिरिडीह जिले में कार्यस्थल पर व्याप्त भ्रष्टाचार और अमानवीयता को उजागर करता है, और यदि समय रहते ऐसे मामलों पर न्याय नहीं हुआ, तो यह प्रवृत्ति और भयावह रूप ले सकती है।

# पंकज कुमार ने नीट-2025 में हासिल किए 551 अंक नवादा का बढ़ाया मान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां (नवादा)।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा 2025 में पकरीबरावां निवासी पंकज कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 551 अंक प्राप्त किए हैं। पंकज की इस सफलता ने न केवल उनके परिवार, बल्कि नवादा जिला और बिहार राज्य का नाम भी गौरवान्वित किया है। पंकज कुमार, ग्रामीण चिकित्सक डॉ. बालगोविंद चौहान के पुत्र हैं। 23 वर्षीय पंकज ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर यह मुकाम हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से पूरे इलाके में हर्ष और उत्साह का माहौल है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों और समाजसेवियों ने पंकज को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। लोगों का कहना है कि पंकज की सफलता से क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

# मेकअप प्रतियोगिता व लेवल अचीवमेंट सर्टिफिकेट वितरण समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह स्थित स्मार्ट ड्रीम एकेडमी की भरतनाट्यम पाठशाला के तत्वावधान में एक भव्य प्रतियोगिता एवं स्मार्ट एबेकस के बच्चों के लिए लेवल सर्टिफिकेट एवं मेडल वितरण कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया और कला एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की एक मिसाल पेश की। इस विशेष आयोजन की अध्यक्षता संस्थान की संचालिका प्रीति भास्कर ने की। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए विशिष्ट अतिथि के रूप में लेक्मे सलून (गिरिडीह) की डायरेक्टर एवं सीनियर मेकअप आर्टिस्ट उपस्थित रहीं, जिन्होंने मेकअप प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाई। अतिथियों का स्वागत परंपरागत रूप से पौधों के गमले भेंट कर किया गया, जो




पर्यावरण संरक्षण के प्रति संस्थान की सकारात्मक सोच को दर्शाता है। मेकअप प्रतियोगिता में बच्चों की रचनात्मकता और सौंदर्यबोध की परख की गई। इस प्रतियोगिता में मान्या खंडेलवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, प्रगति केसरी को द्वितीय स्थान मिला, जबकि मधु कुमारी और दानया रोशन ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में बच्चों के आत्मविश्वास और प्रस्तुतिकरण की प्रतिभा ने सभी को प्रभावित किया। लेक्मे सलून की ओर से विजेताओं एवं सभी प्रतिभागियों को उत्साहवर्धन हेतु आकर्षक गिफ्ट वाउचर्स प्रदान किए गए, जिससे बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला इसके साथ ही, स्मार्ट एबेकस में पढ़ने वाले बच्चों को उनके लेवल पूरा करने पर सर्टिफिकेट एवं मेडल्स देकर सम्मानित किया गया। इस खंड में बच्चों की गणितीय क्षमता, ध्यान केंद्रित करने की कला, एवं मानसिक विकास पर जोर दिया गया, जो आज के शैक्षिक परिवेश में अत्यंत आवश्यक है कार्यक्रम में संस्थान के लगभग सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने अभिभावकों की उपस्थिति में अपनी कला और शिक्षा की प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। संस्थान की संचालिका प्रीति भास्कर ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी प्रतिभागियों, अभिभावकों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और अनुशासन को विकसित करने में सहायक होते हैं और आगे भी इस प्रकार के कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे।

# सोनू वॉरियर मार्शल आर्ट अकादमी का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** बगोदर में स्थित एस प्लाजा, कांप्लेक्स में सोनू वॉरियर मार्शल आर्ट अकादमी का आज बगोदर थाना प्रभारी विनय यादव ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व रेंबुकान कराटे डू एसोसिएशन ऑफ झारखंड के महासचिव नारायण कुमार महतो और रेंबुकान कराटे संघ गिरिडीह के जिला सचिव सोनू कुमार कर रहे थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में येन. पी पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर नागेश्वर महतो, स्किल प्रोफ़ेशनल के डायरेक्टर सुगंध सर और समाजसेवी बबलू सिंह शामिल थे। इस कार्यक्रम में आए हुए सभी खिलाड़ियों को बगोदर प्रखंड के महिला समाजसेवी आरती सिंह ने बुके, कॉपी और पेन देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कराटे मास्टर दिलीप दास, और आनंदी कुमारी का पूरा सहयोग रहा।

# अभय करण बच्चों को सिखा रहे मार्शल आर्ट की कला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

गिरिडीह। जी हां यह है ग्रैंडमास्टर अभय करण सर हरियाणा राज्य में स्थित जिला फरीदाबाद में जन्म हुआ था, उनके पिताजी एक छोटी सी सरकारी जॉब डीसी ऑफिस में कार्यरत थे, उसके पिताजी की एक छोटी सी इच्छा थी कि हमारे बच्चे पढ़ लिख कर एक अच्छे इंसान बने, साथ ग्रैंड मास्टर अभय करण की दो बहन भी हैं, इस दौरान अभय करण के पिताजी 1989 में देहांत हो गया, उसके बाद जो गवर्नमेंट जॉब ग्रैंड मास्टर अभय करण को मिलने वाले थे, वो उन्होंने अपने जॉब को त्याग कर अपनी छोटी बहन को दे दिए, साथ ग्रैंड मास्टर के पुश्तों की करोड़ों की जमीन अपना बड़ी बहन सौंप दी, अपने गिरिडीह प्रवास के दौरान उन्होंने अपने प्रेस वार्ता के माध्यम से बताए कि अपने भारत के अनेकों राज्यों से साढ़े छह सौ करोड़ बच्चों को निशुल्क शारीरिक शिक्षा मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग देकर रिकॉर्ड बनाकर अपने देश साथ विदेशों में भी परचम लहराए हैं, इनके साथ साथ इनके दिए हुए शिक्षा से इनके लाखों बच्चे गवर्नमेंट सर्विस में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, उसी को देखते हुए झारखंड सरकार ने पिछले साल से ही निशुल्क मार्शल आर्ट सिखाने की योजना के तहत, ग्रैंड मास्टर अभय करण से निस्वार्थ भावना से निःशुल्क मार्शल आर्ट सीखने को लेकर कॉन्ट्रैक्ट किया है।

# ग्रामीणों ने फैक्ट्री प्रबंधन के विरोध में लिया आंदोलन का फैसला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** सोमवार को गिरिडीह के उदनाबाद पंचायत अंतर्गत अजीडीह स्थित विवाह भवन के प्रांगण में पूर्व निर्धारित एक बैठक दिलीप उपाध्याय के अध्यक्षता में रखी गई। इस बैठक में चरणबद्ध आंदोलन के लिए कमिटी गठन का प्रस्ताव पारित किया गया जो जिला प्रशासन को ज्ञापन देकर प्रबंधन के मनमाने रवैए के खिलाफ जन आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगी।ज्ञात हो कि विगत एक सप्ताह पूर्व भी उदनाबाद पंचायत के ग्रामीण जनता दुखहरण नाथ मंदिर के समीप बैठक की और उसी दिन लोगों ने एक स्वर में लंगटा बाबा फैक्ट्री के द्वारा गैरमजरूआ प्लॉट में जबरन कब्जा और फैक्ट्री का गंदा पानी तालाब में



बहाने का ग्रामीण जनता ने विरोध किया था। परन्तु अभी तक प्रबंधन द्वारा कार्य को सुधार होता नहीं देखा गया जिससे ग्रामीण जनता अब चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य हो चुके है क्योंकि पूर्व में भी फैक्ट्री प्रबंधन को चेतावनी दिया गया था पर कुछ भी सुधार हुआ नहीं। बैठक में लिए गए निर्णय में अब लोग फैक्ट्री प्रबंधक के खिलाफ जिला प्रशासन के साथ पुनः सभी संबंधित विभाग को ज्ञापन दे कर आंदोलन की शुरुआत करेंगे।आज के बैठक की मुख्य रूप से दिलीप उपाध्याय, दीपक उपाध्याय, दीपक पंडित, रंजीत कुमार राय,कुमार सौरव , रोहित चौबे, कन्हाई पांडे , विनय सिंहा, अनूप सिंहा,पंचानंद वर्मा, उत्तम त्रिवेदी, विजय त्रिवेदी , गौतम त्रिवेदी,बसंत तांती,संतोष चौबे, दीपक त्रिवेदी समेत कई ग्रामीण उपस्थिति थे।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा का निरसन**

सहायक संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-1, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा पूर्व प्रकाशित **खुली ई-निविदा सं. एसडीएसटीई-केबल-एएसटीई-आरपीएच-25, दिनांक 06.06.2025, खुलने की तारीख 30.06.2025।** कुछ तकनीकी कारण से ऊपर उल्लेखित निविदा निरस्त कर दी गई है।

(HWH-143/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-36-37-25, दिनांक 13.06.2025**; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/आद्रा, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक एवं निविदा सं.; कार्यों का विवरण; निविदा मूल्य: (1) ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-36-25, दिनांक 13.06.2025,** (1) आद्रा मंडल के इंटर कॉलेज भोजूडीह का सुधार एवं (2) आद्रा मंडल में भोजूडीह में विशिष्ट ओवरहेड पीवीसी टैंक का प्रावधान तथा पुरानी पाइप लाइन का प्रतिस्थान; रु. 3,21,69,205.10; **(2) ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-37-25, दिनांक 13.06.2025,** मंडल अभियंता/ईस्ट/आद्रा के अधीन संवेदनशील स्थानों पर दुर्घटनाओं से बचाव के लिए रनिंग रेलवे ट्रैक की संरक्षा हेतु सड़क की आवश्यक बैरेकेडिंग/फेंसिंग; रु.1,85,89,615.22; **ई-निविदाओं के बंद होने की तारीख एवं समय:** दिनांक 11.07.2025 को अपराह्न 3.00 बजे है। ऊपरोक्त ई-निविदाओं के विवरण के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। **(PR-275)**

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: ओ/एसी/टी/63 से 64/25-26 (ओपन), दिनांक: 13.06.2025;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1, केस सं.: ओ-एसी-टी-63-25-26; कार्य का नाम:** दिनांक 30.06.2026 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए सम्पूर्ण आसनसोल मंडल में एसएसई/बीआर/सीतारामपुर द्वारा रखरखाव किए जाने वाले पुलों के लिए पुलों के सुपर स्ट्रक्चर के रखरखाव के साथ आनुषंगिक कार्यों के लिए जोनल कार्यों हेतु खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 41,25,000। **बयाना राशि:** रु. 82,500; **क्रमांक 2, केस सं. ओ-एसी-टी-64-25-26; कार्य का नाम:** (i) आसनसोल मंडल में यूडीएल, सिउड़ी एवं जेएसएमई यार्ड में एमईएमयू रेकों को रात में ठहराने हेतु रखरखाव के लिए पाथवे तथा अच्छादित ड्रेन का प्रावधान। (i) सीनि. डीईएन/II/एएसएन के अधीन जेएसएमई में नए 10 बिस्तरों वाले आरपीएफ महिला बैरक के साथ शौचालय, रसोईघर, मेस, भोजनालय इत्यादि के निर्माण की शेष बची हुई मात्रा का कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 2,28,83,250.60। **बयाना राशि:** रु. 2,64,400; **कार्य हेतु समापन अवधि:** प्रत्येक के लिए 12 महीने। **बंद होने की तारीख एवं समय:** प्रत्येक के लिए दिनांक 11.07.2025 को 12.00 बजे। परिपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। (ASN-87/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, आसनसोल स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए आईआरईपीएस पोर्टल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के जरिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है: **(क) आसनसोल मंडल के तहत 5 वर्षों की अवधि के लिए बहुउद्देशीय स्टॉलों (एमपीएस) (6 फीट x 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का प्रावधान। नीलामी सूचीपत्र सं.: एएसएन-एमपीएस-25-5, सिक्वेंस सं.; लॉट सं./श्रेणी, स्थान, ई-नीलामी बंद होने की तारीख/समय** क्रमशः निम्नलिखित है: **(एए/1),** एमपीएस-एएसएन-यूकेए-एमपीएस-8-24-1; उखरा रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म सं. 1 पर प्लेटफॉर्म शेड के निकट अनारक्षित (किसी भी व्यक्ति) के लिए चिन्हित, 27.06.2025 को 11.30 बजे। **(एए/2),** एमपीएस-एएसएन-केजेएमई-एमपीएस-7-24-1; काजोराग्राम रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म नं. 1 पर स्टेशन मॉस्टर कार्यालय के निकट अनारक्षित (किसी भी व्यक्ति) के लिए चिन्हित, 27.06.2025, 11.40 बजे। **(एए/3),** एमपीएस-एएसएन-केएमएमई-एमपीएस-11-24-1; कुमारधुबी रेलवे स्टेशन में सर्कुलेटिंग क्षेत्र में बगीचे के निकट अनुसूचित जाति के लिए चिन्हित, 27.06.2025, 11.50 बजे। **(ख) आसनसोल मंडल के तहत 5 वर्षों की अवधि के लिए एकल आधार पर वाटर वेंडिंग मशीनों (डब्ल्यूवीएम) की स्थापना एवं संचालन के लिए लाइसेंस की सुपुर्दगी। नीलामी सूचीपत्र सं.: एएसएन-डब्ल्यूवीएम-25-6, सिक्वेंस सं.; लॉट सं./श्रेणी, स्थान, ई-नीलामी बंद होने की तारीख/समय** क्रमशः निम्नलिखित है: **(एए/1),** एमएसएस-एएसएन-एसयूआरआई-डब्ल्यूवीएम-89-25-1; सिउड़ी रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म सं. 2-3 पर ओएचई पी/सं. 54/8 तथा सिउड़ी/1018 के बीच (30 वर्ग फीट), 27.06.2025 को 13.30 बजे। **(एए/2),** एमएसएस-एएसएन-यूडीएल-डब्ल्यूवीएम-26-25-1; अंडाल रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म सं. 3-4 पर ओएचई मॉस्ट सं. 186/36 के निकट, 27.06.2025 को 13.40 बजे। **(एए/3),** एमएसएस-एएसएन-एसटीएन-डब्ल्यूवीएम-90-25-1; सीतारामपुर रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म सं. 2-3 पर पुराने एफओबी के निकट (30 वर्ग फीट), 27.06.2025 को 13.50 बजे। **(एए/4),** एमएसएस-एएसएन-पीएएन-डब्ल्यूवीएम-91-25-1; पानागढ़ रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म सं. 1-2 पर ओएसओपी स्टॉल के बगल में (30 वर्ग फीट), 27.06.2025 को 14.00 बजे। **(एए/5),** एमएसएस-एएसएन-डीजीएचआर-डब्ल्यूवीएम-24-25-1; देवघर रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म सं. 2 पर बैठने की व्यवस्था सं. 4 एवं 5 के बीच शेड के नीचे सबवे के निकट, 27.06.2025 को 14.10 बजे। **(एए/6),** एमएसएस-एएसएन-एमएनएई-डब्ल्यूवीएम-39-25-1; मानकड़ रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म सं. 1-2 पर सीट सं. 16-20 तथा सीट सं. 31-35 के बीच, 27.06.2025 को 14.20 बजे। **(ग) आसनसोल मंडल के तहत 5 वर्षों की अवधि के लिए जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) के अधीन मॉड्युलर कैटरिंग स्टॉल (10'x6'=60 वर्ग फीट) के जरिए कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। नीलामी सूचीपत्र सं.: सीएटीजी-जीएमयू-25-8, सिक्वेंस सं.; लॉट सं./श्रेणी, स्थान, ई-नीलामी बंद होने की तारीख/समय** क्रमशः निम्नलिखित है: **(एए/1),** सीएटीजी-एएसएन-केजेएमई-जीएमयू-15-24-1; काजोराग्राम रेलवे स्टेशन (श्रेणी ई) में प्लेटफॉर्म सं. 1 पर अंडाल छोर के प्लेटफॉर्म शेड के निकट, महिला के लिए चिन्हित, 27.06.2025 को 15.30 बजे। **(एए/2),** सीएटीजी-एएसएन-यूकेए-जीएमयू-14-24-1; उखरा रेलवे स्टेशन (श्रेणी ई) में प्लेटफॉर्म सं. 1 पर सैंथिया छोर के प्लेटफॉर्म शेड के निकट, 27.06.2025 को 15.40 बजे। **(एए/3),** सीएटीजी-एएसएन-ओवाईआर-जीएमयू-23-24-1; वारिया रेलवे स्टेशन (श्रेणी ई) में प्लेटफॉर्म सं. 3-4 पर, 27.06.2025 को 15.50 बजे। **(एए/4),** सीएटीजी-एएसएन-एसटीएल-जीएमयू-76-23-1; सिमुलतला रेलवे स्टेशन (श्रेणी डी) में डाउन प्लेटफॉर्म की शेड के नीचे, 27.06.2025 को 16.00 बजे। **(एए/5),** सीएटीजी-एएसएन-सीएएम-जीएमयू-67-24-1; छोटा अमबोना रेलवे स्टेशन (श्रेणी ई) में डाउन प्लेटफॉर्म पर, 27.06.2025 को 16.10 बजे। **(एए/6),** सीएटीजी-एएसएन-सीएएम-जीएमयू-66-24-1; छोटा अमबोना रेलवे स्टेशन (श्रेणी ई) में अप प्लेटफॉर्म पर, 27.06.2025 को 16.20 बजे।

(ASN-86/2025-26) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आसनसोल**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# भाजपा सांसद का पुत्र हुआ लापता

- पुलिस महकमे में हड़कम्प
- अनहोनी की आशंका से सहमे परिजन
- दोपहर में पैदल निकला था बाजार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** मधुबनी के भाजपा सांसद अशोक कुमार यादव के छोटे पुत्र विभूति यादव (24) के अचानक लापता हो जाने से पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया है।

बताया जाता है कि लहेरियासराय थाना क्षेत्र के बंगाली टोला स्थित आवास से विभूति रविवार की सुबह आठ बजे बाजार की ओर पैदल निकला था। लेकिन, वह देर शाम तक नहीं लौटा।

इसके बाद स्वजन खोजबीन करने लगे। रिश्तेदार, दोस्तों और जान-पहचान वाले व्यक्तियों से संपर्क करने पर भी कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद अनहोनी की आशंका सताने लगी।

घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। बताया जाता है कि विभूति अपना मोबाइल भी घर पर छोड़ दिया है। उधर, सांसद के लिखित शिकायत पर पुलिस विभूति को बरामद करने में जुट गई है।

घर से लेकर विभिन्न चौक-चौराहों के सीसी फुटेज को खंगाला जा रहा है। हालांकि, देर रात तक पुलिस को कोई सुराग नहीं मिल पाया। बता दें कि विभूति दिल्ली में लॉ की पढ़ाई करता है। वह कुछ दिन पहले ही दरभंगा आया था।

सदर एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि गुमशुदगी के आवेदन पर पुलिस जांच में जुटी है। उसे बहुत जल्द बरामद कर लिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि हल्की दाढ़ी में विभूति काला पेंट और ग्रीन टी-शर्ट पहनकर अपने घर से निकला था। जिसे सीसी कैमरे के फुटेज से मिलान किया जा रहा है।

# वज्रपात से तीन की गयी जान

## एक मवेशी सहित चार लोग गंभीर



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बक्सर।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र की चौसा नगर पंचायत के दो अलग-अलग जगह पर सोमवार की दोपहर आकाशीय बिजली ने कहर बरपा दिया। इस घटना में कुल तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, चार लोग गंभीर रूप से झुलसकर घायल हैं, जिनका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। इस घटना की जानकारी के बाद सदर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम को भेजा दिया है। इधर घटना के बाद सदर अस्पताल पर मृतक के स्वजन की चीख-पुकार मच गई। रोते-बिलखते पहुंचे स्वजन का हाल बुरा हो गया है। इस हादसे में एक मवेशी की भी जान चली गई है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना उस समय घटी, जब कुछ लोग मवेशी चराने खेत की ओर गए थे और कुछ गंगा तट स्थित पीपल के पेड़ पास बैठे थे। पहली घटना चौसा स्थित थाना घाट की है।

वर्षा शुरू होने पर सभी लोग पीपल के पेड़ के नीचे छिप गए थे। उसी दौरान तेज गरज के साथ बिजली कड़की, पेड़ के पास गिरी, जहां मौके पर मवेशी की मौत हो गई।

साथ ही छह लोग गंभीर रूप झुलस मूर्छित हो गए। घटना के बाद देख रहे ग्रामीण दौड़े सभी को उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया।

इनमें चौसा दुर्गा मंदिर निवासी वीरेंद्र गोंड़ (50 वर्ष), पिता स्व. सूरज गोंड़, मिथिलेश राम, पिता बलिराम राम की मौत हो गई।

वहीं, चार अन्य झुलसे नंदजी राम का 18 वर्षीय पुत्र सोनू राम बलिराम राम का दूसरा पुत्र (18 वर्ष) लालू राम, अमर भारती का पुत्र नीरज (18 वर्ष) और उपेंद्र चौधरी का पुत्र अमित कुमार चौधरी (30 वर्ष) का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। जहां उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। वहीं, दूसरी तरफ नरवतपुर में मवेशी चराने कर्मनाशा नदी के तट पर गए बहादुर सिंह के 55 वर्षीय पुत्र भगवान यादव उर्फ झोला यादव की भी आकाशीय बिजली के चपेट में आने से मौत हो गई।

हालांकि, बिजली से झुलसने के बाद इन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। लेकिन, चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि यह हादसा दोपहर के वक्त हुआ, जब तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हुई।

सभी युवक और बुजुर्ग पास के पीपल के पेड़ के नीचे शरण लेने पहुंच गए। तभी अचानक तेज गर्जना के साथ बिजली गिर गई, जिससे एक मवेशी की भी मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, आरओ उद्धव मिश्रा ने बताया कि कर्मियों को भेजा गया है। आपदा में सरकारी सहायता के तहत जो प्रक्रिया है। उनके स्वजनों को लाभान्वित किया जाएगा।

# युवक ने जहर खाकर की आत्महत्या

## परिवार में तीन महीने में चौथी मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** मुंगेर जिला के संग्रामपुर निवासी रवि कुमार (22 वर्ष) ने जहरीला पदार्थ खाने से इलाज के दौरान मायागंज स्थित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

रवि की मौत से पहले तीन महीने में उसके परिवार पर एक के बाद एक तीन लोगों की मौत हो गई थी। स्वजनों के अनुसार तीन माह पूर्व 04 मार्च को रवि के बड़े भाई सूरज की सड़क हादसे में मौत हो गई थी।

बेटे की असामयिक मौत का सदमा उसकी मां बर्दाश्त नहीं कर सकीं और 13 दिन बाद ही उन्होंने भी दम तोड़ दिया।

इसके कुछ दिन ही बाद जीविका चलाने वाली एक मात्र भैंस की भी मौत हो गई। अब छोटे बेटे रवि ने भी शनिवार देर रात खेत में देने वाली कीटनाशक दवा खाकर खुदकुशी कर ली।

उसके पिता चंदेश्वरी यादव ने बताया कि रवि ने उन्हें खाना खिलाया और फिर अपने कमरे में चला गया। रात करीब 11 बजे उसे उल्टी होने लगी। पहले उसे संग्रामपुर अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान रविवार को उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि अब घर में केवल एक बेटी बची है। पत्नी, दोनों बेटे, यहां तक कि पशु तक नहीं बचे।

उन्होंने कहा उनका पूरा घर उजड़ गया। अब जीने का सहारा भी नहीं बचा। इधर, पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है।

# 1172 अपराधियों की संपत्ति होगी जब्त

- डीजीपी आये एक्शन मोड में
- खुलेंगे 100 नये फास्ट ट्रैक कोर्ट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार पुलिस ने अपराधियों की अवैध संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। राज्य के 1249 थानों में अब तक 1172 अपराधियों की संपत्ति को जब्ती के लिए चिह्नित किया गया है। इनमें बालू, शराब और भूमि माफिया के साथ रंगदारी-लूट आदि के जरिए अवैध संपत्ति अर्जित करने वाले अपराधी शामिल हैं।

इसके अलावा हत्या, डकैती, लूट जैसे गंभीर कांडों में जल्द सजा दिलाने के लिए 100 नए फास्ट ट्रैक कोर्ट भी खोले जाएंगे। पुलिस मुख्यालय ने राज्य सरकार को इससे जुड़ा प्रस्ताव भेजा है। डीजीपी विनय कुमार ने सोमवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी।

डीजीपी ने बताया कि वर्तमान में संपत्ति जब्ती के 239 प्रस्ताव अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ), 212 प्रस्ताव एसपी और 188 प्रस्ताव कोर्ट के समक्ष विचाराधीन हैं। अभी तक चार मामलों में संपत्ति जब्त किए जाने का आदेश पारित किया जा चुका है। संपत्ति जब्ती की कार्रवाई भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 107 के तहत की जाएगी। इसके अंतर्गत अनुसंधान पदाधिकारी (आइओ) अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) और एसपी के अनुमोदन के बाद सीधे कोर्ट को संपत्ति जब्ती का प्रस्ताव दे सकेंगे।



कोर्ट में संपत्ति जब्ती के प्रस्ताव पर सुनवाई के दौरान जवाब के लिए संबंधित अपराधी को 14 दिनों का समय दिया जाएगा अगर इस दौरान जवाब नहीं मिलता है, तो कोर्ट एकपक्षीय फैसला सुना सकेगी। यदि अपराध से पीड़ित व्यक्तियों की पहचान हो गई है, तो संबंधित डीएम को 60 दिनों के अंदर जब्त संपत्ति का विवरण पीड़ितों के बीच करना होगा। चिह्नित किए गए अपराधियों के प्रथम अपराध के बाद अर्जित की गई संपत्ति को अवैध मानकर जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने प्रिवेंशन आफ मनी लांड्रिंग एक्ट के अंतर्गत इस साल अभी तक तीन अपराधियों की पांच करोड़ की संपत्ति अधिग्रहित करने का प्रस्ताव ईडी को भेजा है। इनमें ठगी जालसाजी के मामले में मधुबनी के मनोज झा, हत्या, लूट, रंगदारी मामले में मुजफ्फरपुर के राकेश कुमार उर्फ चुन्नु ठाकुर और भू-माफिया, फिरौती, रंगदारी मामले में पटना के खुसरूपुर का संजय कुमार उर्फ संतोष कुमार डान के नाम शामिल हैं।

राज्य में हत्या, लूट, डकैती, अपहरण जैसे गंभीर कांडों की त्वरित सुनवाई के लिए विशेष न्यायालय बनाए जाएंगे। डीजीपी विनय कुमार ने बताया कि इसके लिए 100 नए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा गया है।

पटना समेत बड़े जिलों में पांच, मध्यम जिलों में तीन और अरवल-शिवहर जैसे छोटे जिलों में दो फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाए जाने का प्रस्ताव है। इन विशेष कोर्ट में रिटायर्ड जज की सेवा लेने पर विचार किया जा रहा है। इसके अलावा आर्म्स एक्ट के बढ़ते मामलों को देखते हुए इसके लिए भी अलग से विशेष कोर्ट बनाए जाने की योजना है।

राज्य में 2011 के आसपास करीब 178 फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाए गए थे जिसके माध्यम से बड़ी संख्या में सजा सुनाई गई थी मगर बाद में यह मामला ठंडा पड़ गया। वर्तमान में पाक्सो, शराबबंदी, एससी-एसटी आदि मामलों के लिए अलग से विशेष कोर्ट हैं।

# मालगाड़ी हुई बेपटरी, परिचालन बाधित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर** । मुजफ्फरपुर जंक्शन के पास में एक हादसा हुआ है। कपरपुरा से ट्रैक के लिए गिट्टी को गिरा करके आ रही मालगाड़ी बेपटरी हो गई है। घटना के बाद मौके पर रेलवे के कई आला अधिकारी पहुंचे हैं। घटना के बाद कई ट्रेनों के परिचालन पर रोक लगा दी गई है। सोनपुर से एआरटी को बुलाया जा रहा है और इसको ठीक करने के बाद परिचालन को शुरू कर दिया जाएगा।

दरअसल मुजफ्फरपुर जंक्शन के आगे हाजीपुर लाइन के पास में एक मालगाड़ी अचानक डिरेल हो गई है। बताया गया है कि ट्रेन जंक्शन की यार्ड में आ रही थी और तभी इस दौरान मालगाड़ी के एक डिब्बे पटरी से उतर गए जिसमें उक्त डिब्बे के दो पहिए है।रेलवे विभाग को जानकारी मिलने के बाद अब रेल महकमे में अफरातफरी मच गई है।घटनास्थल पर सोनपुर डीआरएम विवेक भूषण सूद स्टेशन मास्टर स्टेशन अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी पहुंच गए हैं। इस घटना से विभाग पर एक बार फिर से सवाल खड़े हो रहे हैं आपको बता दें कि बीते एक वर्ष में ऐसी तीन घटना हो चुकी।वही घटना के बाद से कई ट्रेनों के परिचालन को रोक दी गई है और कई ट्रेन जंक्शन पर रुकी हुई है।जिसके मुजफ्फरपुर पुणे एक्सप्रेस ट्रेन शामिल है। पूरे मामले पर सोनपुर मंडल के डीआरएम विवेक भूषण सूद ने बताया कि शाम को ब्लॉक में रैक को खाली कर लौट रही मालगाड़ी डिरेल हो गई है। उसमें दो पहिया जंक्शन के थोड़ा पहले उतर गया है, जिसके कारण मेन लाइन डिस्टर्ब हुआ है। इसको जल्द ठीक करा लिया जायेगा। जानकारी के बाद रेल के अधिकारी इसकी मरम्मती कराने में जुट गए हैं। मेन लाइन प्रभावित होने से इस रूट की कई ट्रेनों को रोक दिया गया है। जल्द ही सोनपुर से एटीआर की टीम मौके पर पहुंच कर ठीक करने का काम शुरू कर देगी। डीआरएम विवेक भूषण सूद का कहना है कि ट्रेनों को रोका गया है, अभी रूट डाइवर्ट करने की जरूरत नहीं है अगले एक से डेढ़ घंटे में इसको दुरुस्त कर लिया जाएगा।

# एक विज्ञापन जो दिल में बस गया

## एक फुसफुसाहट, जिसने बहुत कुछ कह दिया

*लेखक: अम्बरीश श्रीवास्तव*

यह एक सच्ची घटना है – जो मेरे एक घनिष्ठ मित्र ने हाल ही में मुझसे साझा की। यह उनकी स्मृति है – सजीव, अडिग और समय के बावजूद अक्षुण्ण। मैं इसे बिल्कुल वैसे ही सुनाता हूँ, जैसे उन्होंने बताया। क्योंकि कई बार सबसे मौन क्षण ही सबसे गहरी छाप छोड़ जाते हैं।

***सादगी जो सबसे अलग थी***- यह बात आज से चालीस वर्ष पहले की है, जब मेरे मित्र कक्षा 10 के एक जिज्ञासु छात्र थे। उस दिन उन्होंने The Economist में कुछ ऐसा देखा जिसने जीवन भर की छाप छोड़ दी – न कोई लेख, न कोई प्रमुख खबर, बल्कि एक विज्ञापन।

यह विज्ञापन चुपचाप पीछे के पन्ने पर छपा था – न कोई शोर, न कोई आडंबर। फिर भी, यह उनके मन में इस तरह उतर गया कि आज भी, दशकों बाद, वह स्मृति ताजगी से भरी है। वह 1980 का दशक था – इंटरनेट का नामोनिशान नहीं, और टेलीविजन विज्ञापन ज्यादातर तेज, बनावटी और एक जैसे हुआ करते थे। ऐसे समय में The Economist जैसी पत्रिकाएँ एक गहन और सूक्ष्म संसार का द्वार खोलती थीं।

एक दिन, जब वह पत्रिका के पन्ने पलट रहे थे, उन्होंने एक फुल-पेज विज्ञापन देखा – एक ट्रक पहाड़ी रास्ते पर धीरे-धीरे चढ़ रहा था। न कोई चकाचौंध, न कोई स्टार चेहरा, न कोई बोल्ड स्लोगन। बस एक ट्रक, एक रास्ता, और एक नजारा।

पृष्ठ के नीचे सामान्य चेतावनी छपी थी –**शराब पीना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है**। पर तभी, बारीकी से देखने पर ट्रक की बॉडी पर बहुत ही बारीक अक्षरों में लिखा मिला – CARLSBERG. World's Best Bee बस इतना ही। न कोई जोरदार दावा, न कोई खरीदने की अपील।

बस एक फुसफुसाहट। मानो वह चाहता हो कि आप उसे ढूंढें, न कि वह स्वयं दिखे।

**संयम में छिपा आकर्षण** इस विज्ञापन की याद आज भी जीवित है, पर इसलिए नहीं कि उसने कुछ खास दिखाया, बल्कि इसलिए कि उसने बहुत कुछ नहीं दिखाया। वह बेचने की कोशिश नहीं कर रहा था। वह अपने दर्शक की बुद्धिमत्ता पर भरोसा कर रहा था।

उसने चिल्लाकर नहीं बुलाया, बल्कि आमंत्रण दिया – धीरे से, आत्मीयता से।

यह विज्ञापन डिजाइन नहीं, संयम के बल पर टिका था। यह सिखा गया कि मौन भी प्रभावी हो सकता है।

***कहानी कहने की एक शांत शैली***- उस समय मेरे मित्र को ब्रांडिंग या कंज्यूमर साइकोलॉजी की कोई समझ नहीं थी। पर वह सहज रूप से यह महसूस कर पाए कि यह केवल विज्ञापन नहीं था – यह एक कहानी थी। एक ऐसी कहानी, जो बिना बोले कही गई। एक ऐसी कहानी, जो देखने वाले को इनाम देती थी –खोजने का सुख, एक फुसफुसाहट को सुनने का रोमांच। उसी क्षण उन्होंने समझा कि –महान कहानी कहने के लिए मंच नहीं चाहिए, बल्कि भावना चाहिए।

यह Carlsberg का विज्ञापन उनके लिए एक मौन मार्गदर्शक बन गया। उसने यह सिखाया कि कल्पना, संकेत और दर्शकों में विश्वास – ये सब मिलकर वह प्रभाव पैदा कर सकते हैं जो शब्दों की भीड़ नहीं कर सकती।

जब तस्वीरें शब्दों से ज्यादा बोलती हैं- ऐसा ही एक क्षण मेरी अपनी ज़िंदगी में भी आया – उतना ही गहरा और आज भी उतना ही सजीव। मैं उस समय पत्रकारिता का छात्र था और मेरे सबसे प्रिय शिक्षकों में से एक थे दिलीप पडगांवकर सर – एक ऐसे गुरु, जिनकी यादें और विचार हर व्याख्यान को प्रेरणादायक बना देते थे।

वे अक्सर दृश्य कथा कहने की शक्ति पर बात करते थे। एक विशेष फोटो का ज़िक्र वे बार-बार किया करते थे – जो भारत में लगे आपातकाल के दौरान खींचा गया था।

वह फोटो The Times of India के पहले पन्ने पर छपा था। तस्वीर में एक महिला दिल्ली के कनॉट प्लेस में बारिश में भीगती हुई एक बस को पकड़ने के लिए दौड़ रही थी। एक हाथ में छाता, दूसरे में बस का हैंडल। हैंडबैग झूल रहा था, एक पैर सड़क पर, दूसरा बस की सीढ़ी पर। एक फिसलन और वह गिरी होती।

उस फोटो के नीचे कैप्शन था –आपातकाल की भयभीत पकड़

Padgaonkar Sir कहा करते थे – यह फोटो एक युग की मानसिकता को दर्शाता है। वह केवल एक महिला की दौड़ नहीं थी, बल्कि एक राष्ट्र की घबराहट, अनिश्चितता, और विवशता को दर्शा रही थी।

फर्स्ट पिक का सिद्धांत सर एक और गहरा उदाहरण देते थे, जो आज तक दिमाग में गूंजता है।

कल्पना कीजिए – कोई व्यक्ति सुबह रेलवे स्टेशन पर आता है। ट्रेन बस आने ही वाली है और वह अपना अखबार लेना भूल गया है। वह एक वेंडर को देखता है जहाँ कई अखबार सजे हैं। वह कौन-सा चुनेगा?

सर समझाते थे – जिसमें सबसे प्रभावशाली फोटो हो।

पहले आंख फोटो से जुड़ती है, फिर डिजाइन से, फिर हेडलाइन से। अगर फोटो आकर्षित करे, तो बाकी सब पीछे-पीछे आता है।

इसे उन्होंने कहा – "First Pick" सिद्धांत। यह बात भी मेरे मन में CÔrlsberg विज्ञापन की तरह ही बस गई –

एक फुसफुसाहट की तरह बोले गए विज्ञापन और एक शांत पर चीखती हुई तस्वीर – दोनों की शक्ति मौन में ही थी।

***जब विज्ञापन कला बन जाता है*** अगर मुझे इन दो अनुभवों को परिभाषित करना हो – तो मैं कहूँगा कि ये ₹अदृश्य स्याही में लिखी कविताएँ₹ थीं। जो केवल उन लोगों को दिखती हैं – जो रुककर उन्हें महसूस करते हैं।

पहाड़ी रास्ते पर चढ़ता ट्रक, बारिश में दौड़ती स्त्री –

दोनों संघर्ष, संतुलन और मौन सौंदर्य के प्रतीक थे।

दोनों ने ध्यान खींचा, पर जोर से नहीं – आत्मा से।

***अंतिम सोच*** ये दो क्षण – एक विज्ञापन और एक तस्वीर – आज भी मेरे मन में साथ-साथ जीवित हैं। और वे मुझे एक गहरा सत्य याद दिलाते हैं: जीवन के सबसे प्रभावशाली संदेश अक्सर चिल्लाते नहीं – वे बस धीरे से हमारे भीतर उतर जाते हैं। वह पुराना Carlsberg विज्ञापन शायद कोई पुरस्कार न जीते। वह इमरजेंसी वाली तस्वीर शायद किसी गैलरी में न टँगे। पर वे दोनों अमर हैं – स्मृति में ही नहीं, बल्कि अर्थ में भी।

क्योंकि कई बार, वे कहानियाँ जो हमारे साथ सबसे ज्यादा रहती हैं,

वो होती हैं जो – ₹कभी हमसे जाती नहीं हैं। लेखक परिचय: अम्बरीश श्रीवास्तव एक वरिष्ठ पत्रकार हैं, जिन्हें रचनात्मक संप्रेषण और स्मृति-आधारित कहानी कहने में गहरी रुचि है। उनका मानना है कि कहानियाँ केवल कही नहीं जातीं – वे महसूस की जाती हैं। संपर्क: ambrish.sri-vas@gmail.com

# डीसी की अध्यक्षता में भू-अर्जन की बैठक

## मुआवजा भुगतान में तेजी लाने के निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)** । पलामू की उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस ने सोमवार को एनएच 75, फोरलेन पथ निर्माण, आरओआर, आरओबी व राज्य सरकार के सड़क निर्माण परियोजनाओं की प्रगति से संबंधित बैठक की।समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने एनएचएआई के विभिन्न परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण व मुआवजा भुगतान की समीक्षा की।

प्रखंडों में चल रहे सड़क निर्माण कार्य में अवार्डी की संख्या, निर्गत एलपीसी समेत अन्य बिंदुओं पर समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संबंधित सभी सीओ को लाभुक का भुगतान करने में आ रही सभी अड़चनों को दूर करते हुए भुगतान में तेजी लाने का निर्देश दिया। एनएच 75 सेक्शन टू के फोरलेन पथ निर्माण में पाया गया कि विश्रामपुर अंचल अंतर्गत 367 अवार्डी है। इसके विरुद्ध 318 एलपीसी निर्गत किया जा चुका है। इसी तरह पंड़वा के पांचों गांव में कूल 309 अवार्डी के विरुद्ध 279 एलपीसी निर्गत किया गया है। बैठक में वगैर दस्तावेज के पहुंचे नावाबाजार सीओ के प्रति उपायुक्त ने नाराजगी प्रकट की। कहा कि आगे से सभी डॉक्यूमेंट के साथ बैठक में उपस्थित हों। उन्होंने सभी संबंधित सीओ को जिला भू-अर्जन कार्यालय से बेहतर समन्वय रखने का निर्देश दिया। कहा कि किसी भी अंचलाधिकारी स्तर से कार्य प्रभावित होने की स्थिति में निर्माण कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। सभी सीओ रैयतों से वार्ता कर सभी तरह के कार्यों को ससमय निष्पादित करें। मौके पर अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी विजय केरकेट्टा समेत संबंधित सीओ उपस्थित थे।

# पदाधिकारी ने की बीएलओ के साथ विशेष बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** बिहार राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में आज मखदुमपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी बीएलओ के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक स्वीप नोडल पदाधिकारी शिल्पी आनंद एवं सहायक स्वीप नोडल पदाधिकारी अमित कुमार के नेतृत्व में सम्पन्न हुई।

नोडल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि बिहार विधानसभा निर्वाचन 2025 के अंतर्गत राज्य में अपेक्षाकृत कम मतदान प्रतिशत को ध्यान में रखते हुए विभागीय स्तर पर मिशन 60 अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। मिशन 60 के तहत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में न्यूनतम मतदान प्रतिशत वाले 60 मतदान केंद्रों का चयन किया जाएगा। इन केंद्रों पर विशेष प्रयासों के माध्यम से मतदान प्रतिशत को 66 तक पहुंचाना लक्ष्य है।बैठक में मखदुमपुर विधानसभा क्षेत्र के न्यूनतम मतदान प्रतिशत वाले 60 मतदान केन्द्रों की विशेष समीक्षा की गई। संबंधित बीएलओ को निर्देशित किया गया कि वे पिछले चुनावों के मतदान आंकड़ों का विश्लेषण करते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु विस्तृत कार्य योजना तैयार करें। साथ ही, नए मतदाताओं के नाम जोड़ने एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची सुनिश्चित करने के लिए शत-प्रतिशत योगदान देने का भी निर्देश दिया गया।




इस कार्य में आंगनबाड़ी सेविकाओं, आशा कार्यकर्ताओं, स्वच्छता पर्यवेक्षकों एवं जीविका दीदियों सहित अन्य फील्ड कर्मियों की भी सहायता ली जाएगी, ताकि डोर-टू-डोर संपर्क अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित किया जा सके। बताया गया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि आगामी विधानसभा चुनावों में मखदुमपुर विधानसभा क्षेत्र का मतदान प्रतिशत राज्य औसत के समकक्ष या उससे अधिक हो।

इस अवसर पर बीएलओ को सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग हेतु मार्गदर्शन दिया गया। जिले एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से जुड़कर जानकारी साझा करने का भी अनुरोध किया गया।

इसके अतिरिक्त, नवविवाहित महिलाओं एवं युवतियों की चुनावी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु विशेष अभियान चलाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। इसके लिए जीविका समूहों तथा सेविका-सहायिका की सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया गया।इस बैठक में मखदुमपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सहायक निर्वाची पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार भी उपस्थित रहे। उन्होंने फील्ड स्तर पर बीएलओ की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए, सभी को पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का संदेश दिया।

# छठ तालाब निर्माण के लिए महिला समिति ने दिए 21,000 रुपये

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** रुक्मणि भवन में संचालित महिला शिल्पकला केंद्र, महिला समिति हजारीबाग ने सामाजिक और सांस्कृतिक समर्पण का परिचय देते हुए चित्रगुप्त मंदिर छठ तालाब निर्माण समिति को 21,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की। यह सहायता मंदिर और तालाब निर्माण के लिए जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दी गई। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष मीना अंबष्ट ने कहा, ₹मंदिर केवल ईश्वर की पूजा का स्थल नहीं होता, बल्कि यह हमारी संस्कृति और पीढ़ियों को जोड़ने का माध्यम होता है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से आह्वान किया कि वे इस पुण्य कार्य में आगे आएं।समिति की सचिव अखौरी वीणा प्रसाद ने छठ तालाब और चित्रगुप्त मंदिर को हजारीबाग के भविष्य के धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में देखते हुए कहा कि यह स्थल न केवल श्रद्धालुओं के लिए महत्वपूर्ण होगा, बल्कि इससे स्थानीय रोजगार और सांस्कृतिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।




कार्यक्रम में समिति की सक्रिय सदस्य अलका सिन्हा, लता खतरी और गीता चौरसिया ने भी भाग लिया और समाजसेवा के ऐसे कार्यों में निरंतर योगदान का संकल्प लिया। उन्होंने अन्य संगठनों से भी इस पुनीत कार्य में योगदान की अपील की।

चित्रगुप्त मंदिर निर्माण समिति के सदस्य अनुपम सिन्हा, राज प्रकाश एडवोकेट, संजीव कुमार बॉबी, शुभम प्रकाश, दीप नारायण और अनुज सिन्हा ने महिला समिति के इस योगदान के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह सहयोग मंदिर निर्माण के मार्ग में एक प्रेरणादायक मील का पत्थर साबित होगा।

गौरतलब है कि छठ तालाब और मंदिर का निर्माण पूरी तरह से स्थानीय दानदाताओं और समाजसेवियों के सहयोग से हो रहा है, जो भविष्य में छठ पर्व जैसे बड़े आयोजन के लिए एक स्थायी और भव्य स्थल बनेगा।

# पैसा लूट कर भाग रहा अपराधी दुर्घटनाग्रस्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले में हाल के दिनों में बैंक और उसके आसपास कई गिरोह सक्रिय दिखे हैं जिन्होंने ग्राहकों को अपना शिकार बनाया है। ऐसी ही एक खबर जहानाबाद जिले के घोसी से आ रही है। जहां बैंक से पैसा निकाल कर जा रही है एक महिला को लूट कर भागते हुआ अपराधी दुर्घटना में घायल हो गया। दरअसल घोसी स्थित पंजाब नेशनल बैंक से एक महिला 2 लाख 82 हजार रुपया निकाल कर अपने घर की तरफ जा रही थी। पहले से घात लगाए बाइक सवार अपराधी ने झपट्टा मार कर पैसे का बैग छीन लिया। बाइक पर सवार दोनों अपराधी भाग रहे थे तभी बाइक आगे जाकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना के बाद दो में से एक अपराधी दुर्घटना के बाद दौड़ते हुए फरार हो गया। बाइक चला रहा सख्स बुरी तरह घायल हो गया। लोगों ने घटना की सूचना घोसी थाना को दी। घोसी थाना से आई पुलिस की टीम ने घायल को जहानाबाद सदर अस्पताल पहुंचाया। बाइक पर दुर्घटना में घायल हुआ अपराधी कौन है? कहां का रहने वाला है अभी इसके बारे में किसी तरह की जानकारी नहीं मिल पा रही है।

# बाइक सवार से बदमाशों ने लूटी बाइक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** सदर थाना क्षेत्र के न्यू फोरलेन स्थित मादापुर इलाके में बाइक सवार तीन बदमाशों ने एक युवक की बाइक लूट ली। विरोध करने पर गोली मार दी। गोली युवक के हाथ में लगी है। वह मटन खरीदकर लौट रहा था। युवक को गोली मारने के बाद बदमाश खुद की बाइक छोड़कर लूटी गई बाइक लेकर भाग निकले।सूचना पर मौके पर पहुंची सदर थाने की पुलिस ने छानबीन की। घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। उसकी पहचान गांव के ही विकास कुमार के रूप में हुई है। सदर थानाध्यक्ष अस्मित कुमार ने करजा व सदर थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाके में मादापुर के समीप बाइक लूट की घटना हुई है। गोली हाथ में लगी है।जांच कर बदमाशों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। बताया गया कि पकड़ी बाजार से मटन खरीदकर विकास शनिवार की रात मादापुर स्थित गांव लौट रहा था। इसी क्रम में बाइक सवार तीन बदमाशों ने पीछा कर उसे ओवरटेक कर रोका।

अभद्र व्यवहार कर लूटपाट की कोशिश की। विरोध पर बदमाशों ने विकास को गोली मार दी। गोली उसके दाए हाथ में लगी है। वह घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। इसके बाद बदमाशों ने खुद की बाइक छोड़ उसकी बाइक लूटकर भाग निकले।शोरगुल पर आसपास के लोगों की भीड़ जुटी। दो थानों के सीमावर्ती इलाके में घटना को अंजाम दिया गया है। सीमा विवाद में पुलिसकर्मी उलझ गए। अंत में सदर थाने की पुलिस ने मामला दर्ज किया। सदर अस्पताल से विकास को एसकेएमसीएच रेफर कर दिया गया है।

घायल विकास ने पुलिस को बताया कि उसे बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने ओवरटेक कर रोका। बाइक की चाभी निकाली। हाथापाई की।

# मुख्यमंत्री उद्यमी योजना ने लगाए युवा उद्यमियों को पंख

**योजना से लाभान्वित हो युवा भर रहे ऊंची उड़ान** **अब तक कुल 43,049 लाभार्थी ले चुके हैं योजना का लाभ**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री उद्यमी योजना से अब बिहार के लोग व्यापार के क्षेत्र में ऊंची उड़ान भर रहे हैं। बिहार जो ज्ञान की धरती के रूप में जाना जाता है वो अब स्टार्टअप और उद्यमिता के क्षेत्र में भी एक मकाम हासिल कर रहा है। यहां हुनर की कमी नहीं है, लेकिन उनके रास्ते में बाधा बन रही है उनकी आर्थिक स्थिति। बिहार सरकार ने उनकी इस बाधा को दूर करने के लिए भी एक रास्ता निकाला है। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के अंतर्गत शिक्षित युवा उद्यमियों को स्वरोजगार शुरू करने के लिए 10 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता दी जाती है। इसमें अधिकतम 5 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण शामिल है जबकि शेष अधिकतम 5 लाख रुपये अनुदान के रूप में तीन किश्तों में प्रदान की जाती है। यह योजना राज्य के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए आत्मनिर्भरता की राह खोल रही है। वर्ष 2018 में शुरू हुई इस योजना का उद्देश्य शिक्षित युवाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता की ओर प्रोत्साहित करना है जिससे वे न केवल अपने लिए रोजगार सृजित करें, बल्कि दूसरों को भी रोजगार देने में सक्षम बन सकें। यह योजना समाज के विभिन्न वर्गों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है और अब यह बिहार की आर्थिक विकास रणनीति का आधार बन गई है। इस योजना के तहत अबतक कुल 43049 उद्यमी लाभान्वित हुए हैं और कुल 3035.54 करोड़ रुपये राशि का वितरण हो चुका है। इस योजना के अंतर्गत युवाओं ने कई प्रकार के उद्यम स्थापित किए हैं जैसे कि बाढ़ के रौशन कुमार ने फ्लैक्स प्रिंटिंग का कारोबार शुरू किया है जहां उन्होंने अपने साथ कई अन्य लोगों को भी रोजगार दिया है। ठीक वैसे ही ममता चौधरी ने रेडीमेड गारमेंट्स का कारोबार शुरू किया है। शिप्रा, वंदना गुप्ता जैसे कई लोगों ने अपना कारोबार शुरू कर अन्य लोगों को भी रोजगार प्रदान किया है। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के लाभार्थी रौशन कुमार ने बताया कि सरकार ने उनकी काफी मदद की है जिसकी वजह से वे अपने सपने को पूरा कर पाए।

## पीपीयू प्री-पीएचडी इंट्रेंस परिणाम जारी, इतिहास में सबसे अधिक सफल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय ने प्री-पीएचडी 2024 का परिणाम जारी कर दिया। कुलपति डा. इंद्रजीत सिंह ने अपने कार्यालय कक्ष से जारी किया। इस दौरान प्रति कुलपति प्रो. गणेश महतो, कुलसचिव प्रो. एनके झा, परीक्षा नियंत्रक प्रो. मनोज कुमार, पीएचडी ओएसडी डा. कुमारी सीमा मौजूद रहीं। परीक्षा में सबसे अधिक इतिहास के अभ्यर्थी सफल हुए। कुलपति के निर्देश पर प्रति कुलपति प्रो. गणेश महतो के निर्देशन में रिजल्ट की प्रक्रिया की गई। प्रति कुलपति प्रो. गणेश महतो ने बताया कि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में 803 सीटों के लिए यह टेस्ट चार अप्रैल को राजधानी के छह परीक्षा केंद्रों पर आयोजित किया गया था। इस परीक्षा के लिए 7399 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, इनमें से 1581 नेट, जेआरएफ व पैट पास होने के कारण उत्तीर्ण होने के कारण परीक्षा से छूट के पात्र हैं।

## अपराधियों की काली कमाई होगी जब्त : डीजीपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अपराध की दुनिया से बेशुमार संपत्ति अर्जित करने वाले अपराधियों की अब खैर नहीं। ऐसे अपराधी जो अपराध के रास्ते अकूत संपत्ति अर्जित कर उसका इस्तेमाल न्यायालय से खुद को बेगुनाह साबित कराने में करते रहे हैं, उन्हें अब उनकी अवैध संपत्ति भी निर्दोष साबित नहीं करा सकेगी। राज्य पुलिस मुख्यालय ने ऐसे अपराधियों की काली कमाई को जब्त करने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा-107 को अपना मुख्य हथियार बना लिया है। बिहार के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त किसी भी पुलिस अधिकारी या कर्मी को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि किसी व्यक्ति से कोई भी पुलिस अधिकारी या कर्मी रिश्वत की मांग करता है तो इसकी शिकायत निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, विशेष निगरानी इकाई, आर्थिक अपराध इकाई या फिर सीधे राज्य पुलिस मुख्यालय में दर्ज कराई जा सकती है। उन्होंने कहा कि अपराधियों को उनके किए की सजा दिलाने के लिए राज्य पुलिस मुख्यालय की तरफ से जिलों में फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। राज्य के सभी जिलों में फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन कर न केवल अपराधियों को उनके किए की त्वरित सजा दिलाने की व्यवस्था की जा रही है बल्कि इससे निर्दोष लोगों के साथ-साथ पीड़ितों को भी तत्काल न्याय मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में कुल सौ फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन किया जाएगा। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार सोमवार को सरदार पटेल भवन स्थित राज्य पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष जुलाई माह में देश भर में बीएनएसएस लागू होने से पहले ऐसे अपराधियों की काली कमाई को जब्त करने में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ता था। लेकिन कानून में जोड़े गए नए प्रावधानों से अब यह काम आसान हो गया है। पहले इसके लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के स्तर पर कार्रवाई करनी पड़ती थी। ईडी की व्यस्तताओं के कारण अपराधियों की संपत्ति जब्त करने माना काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। अब डीएसपी स्तर के पुलिस अधिकारियों को यह शक्ति प्राप्त हो गई है, जिससे वे खुद अपराधियों की काली कमाई को जब्त करने का प्रस्ताव न्यायालयों को दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में कुल 1249 थाने हैं। इन थानों में ऐसे पेशेवर अपराधियों की संपत्ति जब्त करने के लिए कुल 1172 अपराधियों को चिन्हित किया गया है। उन्होंने कहा कि चिन्हित अपराधियों में से 239 अपराधियों के विरुद्ध अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं और उनकी संपत्ति जब्ती की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## कांग्रेस के वार रूम में मीडिया और सोशल मीडिया को लेकर बनी रणनीति

**बेहतर संयोजन में काम करेगी कांग्रेस की मीडिया और सोशल मीडिया टीम : कृष्णा अल्लावारू**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार कांग्रेस ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर कमर कसते हुए वार रूम में मीडिया और सोशल मीडिया टीम के उचित संचालन और संयोजन को लेकर बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू, प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और विधान मंडल दल के नेता डॉ शकील अहमद खान के नेतृत्व में बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने कहा कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती से मीडिया के सभी स्वरूपों में अपनी उपस्थिति को संचालित करेगी। इसको लेकर प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ सोशल मीडिया की टीम को मजबूत और चुस्त दुरुस्त करने की कवायद शुरू है। बिहार कांग्रेस की नजर बिहार के प्रत्येक हिस्से में घटित घटनाओं पर विशेष तौर से है जिससे बिहार की आम जनता त्रस्त है और उसे वो मीडिया के माध्यम से आवाज देने का काम करेगी। बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि मीडिया में पार्टी की मजबूत उपस्थिति बेहद जरूरी है। कांग्रेस पार्टी लगातार मुखर होकर मीडिया के माध्यम से जनहित के मुद्दों को उठाती रही है। चुनाव के दौरान मीडिया की भूमिका को और मजबूत किया जाएगा। कांग्रेस विधान मंडल दल के नेता डॉ शकील अहमद खान ने मीडिया को लोकतंत्र की प्रहरी बताते हुए कहा कि बिहार कांग्रेस की आगामी चुनाव में मीडिया में मजबूत उपस्थिति को लेकर वार रूम की बैठक हुई है।

## कांग्रेस देश में सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** आबादी के मुताबिक हिस्सेदारी सुनिश्चित करने एवं जातिगत जनगणना पर केंद्र सरकार के ढुल मूल रवैये के मद्देनजर पटना के प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आज सामाजिक न्याय सम्मेलन का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि पूरे देश में सामाजिक न्याय के लिए कांग्रेसपार्टी प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस ही है जो समाज के निचले पायदान के लोगों के अधिकारों की लड़ाई मुखरता के साथ लड़ रही है। उन्होंने सरकार से मांग की कि आबादी के मुताबिक इस देश में हिस्सेदारी सुनिश्चित हो। साथ ही उन्होंने जातिगत जनगणना पर केंद्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जातिगत जनगणना की घोषणा केवल चुनावी जुमले की तरह न करे सरकार। अपितु उसे यथाशीघ्र करवाने की घोषणा करे। उन्होंने सरकार से यह भी मांग की किसी भी स्थिति में आरक्षण के दायरे को बढ़ाकर 65 फीसदी किया जाय साथ ही उसे संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल किया जाय,जो कि पूर्व के महागठबंधन की सरकार में प्रस्तावित था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार प्रदेश के प्रभारी श्री कृष्णा अल्लावारु ने कहा कि सामाजिक न्याय के नाम पर लोग बड़ी बड़ी बातें करते है, लेकिन सामाजिक न्याय के लिए जमीनी स्तर काम कांग्रेस पार्टी ही कर रही है। उन्होंने कहा कि जननेता राहुल गांधी ने देश में संविधान और लोकतंत्र की सुरक्षा के लिए कमर कस लिया है। समाज के निचले पायदान के लोगों को उसे वास्तविक हक दिलवाने का जिम्मा कांग्रेस पार्टी ने उठा रखा है और जब तक देश में ऐसा नहीं होता तब तक कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता चैन से नहीं बैठेंगे। कार्यक्रम में शिरकत कर रहे बिहार प्रदेश के सह प्रभारी सुशील पासी ने कहा कि अत्याचार और अन्याय के खिलाफ देश की मजबूत आवाज है कांग्रेस पार्टी। समाज के ऐसे वंचित पीड़ित लोगों को न्याय दिलाने हेतु कांग्रेसपार्टी पूरी तरह से समर्पित है। कार्यक्रम का आयोजन अति पिछड़ा विभाग के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाई कुन्दन गुप्ता एवं किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक राज कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम, राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी, सांसद मनोज राम, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता, मोती लाल शर्मा, विनोद चैधरी, जमाल अहमद भल्लू, भाई कुन्दन गुप्ता, राज कुमार शर्मा, अजय चैधरी, प्रवीण कुमार, सूरज कुमार यादव, अमानुल्ला अंसारी, रौशन कुमार सिंह, देविता गुप्ता, सतीश कुमार साह, धमेन्द्र पासवान, रामचन्द्र पासवान, अधिवक्ता दुखन राम, भूटाली बिन्द, अनिल कुमार गुप्ता, कमलेश चन्द्रवंशी, मधुरेन्द्र सिंह, महिप लाल पंडित, गायत्री देवी, मनोज ठाकुर, संजय कुमार गुप्ता, जयप्रकाश नारायण सहित अति पिछड़ा समाज के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अंबेडकर को अपमानित करने के लिए लालू यादव को प्रायश्चित करना होगा : गिरिराज सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव पर संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीम राव आंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगने के बाद सियासत गर्मा गई है। इसको लेकर अब केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने सोमवार को पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि अब लालू यादव का 'असली चेहरा' सामने आ चुका है। उन्होंने कहा कि आपने अंबेडकर को अपमानित किया, पैर के नीचे कुचला। इसके लिए देश के दलितों से माफी मांगनी होगी। प्रायश्चित करना होगा। गिरिराज सिंह ने कहा कि लालू यादव गंगा किनारे जाकर बालू और गोबर खाकर अपने पाप का प्रायश्चित करें। अगर हिंदू धर्म में आस्था नहीं है तो फुलवारी शरीफ चले जाएं। उन्होंने सिर्फ अंबेडकर पर ही टिप्पणी नहीं की, बल्कि तेजस्वी यादव के उस बयान को भी निशाने पर लिया जिसमें उन्होंने भाजपा पर आयोगों और बोर्डों में परिवारवाद का आरोप लगाया था। गिरिराज ने पलटवार करते हुए कहा कि चोर, चोरी पर प्रवचन दे रहा है। ये तो हास्यास्पद है। राजद खुद एक खानदानी पार्टी है। लालू यादव ने पहले अपनी पत्नी राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनाया, फिर बेटी को सांसद और बेटे को उपमुख्यमंत्री बना दिया। क्या पूरे बिहार में कोई और योग्य यादव नहीं मिला? अब वही लालू परिवार आज दूसरों पर परिवारवाद का आरोप लगा रहा है।

## एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने किया पटना में नई शाखा एवं इस्ट-2 क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने पटना में अपनी नई शाखा एवं इस्ट-2 क्षेत्रीय कार्यालय का भव्य उद्घाटन कर बिहार एवं पूर्वी भारत में अपनी उपस्थिति को और अधिक सुदृढ़ किया। यह नया कार्यालय सी-ब्लॉक, सिटी सेंटर मॉल, 5वीं एवं 6वीं मंजिल, अग्निशमन केंद्र के सामने, बुद्धमार्ग, लोडीपुर, पटना- 800001 में स्थित है जो कंपनी के सेवा विस्तार और ग्राहकों तक प्रभावशाली पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस विशेष अवसर पर शाखा एवं क्षेत्रीय कार्यालय का संयुक्त रूप से उद्घाटन नवीन चंद्र झा, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, एवं के. वी. बंगारराजू, मुख्य महाप्रबंधक, एसबीआई बैंक पटना सर्कल द्वारा किया गया।

## किसानों की उन्नति के लिए प्रतिबद्ध हूं : शिवराज सिंह चौहान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-पूर्वांचल क्षेत्रीय अनुसंधान परिसर, पटना के परिसर का दौरा किया और पूर्वी भारत में कृषि परिवर्तन को गति देने हेतु संस्थान द्वारा किए जा रहे अनुसंधान कार्यों और संस्थागत प्रगति की समीक्षा की। उनके साथ बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा तथा भारत सरकार एवं बिहार सरकार के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। दौरे की शुरुआत केंद्रीय मंत्री श्री सिन्हा और अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम से हुई। इसके पश्चात डॉ. अशुतोष उपाध्याय, कार्यवाहक निदेशक द्वारा संस्थान की दृष्टि, प्रमुख उपलब्धियों एवं वर्तमान अनुसंधान कार्यक्रमों पर एक व्यापक प्रस्तुति दी गई। उन्होंने बताया हमारा संस्थान जल उत्पादकता बढ़ाने, जलवायु अनुकूल कृषि को बढ़ावा देने, किसान-केन्द्रित तकनीकी नवाचारों और छोटे एवं सीमान्त किसानों की जरूरतों के अनुरूप एकीकृत भूमि एवं जल प्रबंधन पद्धतियों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मंत्री ने संस्थान की अनुसंधान योजनाओं और अधोसंरचना विकास की समीक्षा की तथा छोटे एवं सीमान्त किसानों के उत्थान हेतु किए जा रहे वैज्ञानिक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने आईसीएआर-आरसीईआर पटना की प्रशंसा करते हुए वैज्ञानिक समुदाय से 'विकसित भारत अ2047' की राष्ट्रीय दृष्टि के अनुरूप अपने अनुसंधान कार्यों को दिशा देने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ट्रांसलेशनल रिसर्च की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आईसीएआर और इसके कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से हाल ही में संपन्न 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के सफल संचालन की सराहना की और इसे एक ऐतिहासिक पहल बताया, जहां पहली बार केंद्र एवं राज्य कृषि विभागों ने मिलकर वैज्ञानिक समाधान सीधे किसानों तक पहुंचाए। इसके उपरांत, संस्थान के वैज्ञानिकों के साथ एक वैज्ञानिक संवाद बैठक आयोजित की गई, जिसमें आईसीएआर-एटारी, पटना के वैज्ञानिकों ने भी भाग लिया। बैठक में प्राकृतिक खेती, संरक्षण कृषि, मौसम आधारित परामर्श, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, भविष्य की कृषि रणनीतियां एवं क्षेत्रीय कृषि प्रौद्योगिकियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। मंत्री ने संस्थान की अंतःविषयात्मक कार्यप्रणाली की सराहना की और वैज्ञानिकों से नवाचार एवं प्रचार-प्रसार की गतिविधियों को और अधिक तीव्र करने का आग्रह किया ताकि अनुसंधान के परिणाम प्रभावी रूप से किसानों तक पहुंच सकें।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. शिवानी, प्रमुख वैज्ञानिक, भूमि एवं जल प्रबंधन प्रभाग द्वारा किया गया और कार्यक्रम का समापन डॉ. उज्ज्वल कुमार, प्रमुख, सामाजिक-अर्थशास्त्र एवं प्रसार प्रभाग आईसीएआर-आरसीईआर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने मंत्री, सभी गणमान्य अतिथियों एवं प्रतिभागियों की गरिमामयी उपस्थिति एवं योगदान के लिए आभार प्रकट किया।

## योगाभ्यास के जरिए किया जाएगा लोगों को जागरूक : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्य में योगाभ्यास के माध्यम से योग की महत्ता पर लोगों को जागरूक किया जाएगा। योगाभ्यास राज्य के सभी जिलों के प्रत्येक वार्ड, पंचायत, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जागरूकता बढ़ाने के लिए सभी स्वास्थ्य संस्थानों जैसे आयुष्मान आरोग्य मंदिर, स्वास्थ्य उपकेंद्र, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अनुमंडलीय अस्पताल, रेफरल अस्पताल एवं जिला अस्पताल सहित मेडिकल कॉलेज पर स्थानीय प्रातनीनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर वृहत रूप से कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें योगाभ्यास, योग संवाद तथा योग संगम जैसी गतिविधियां शामिल होंगे। श्री पांडेय ने कहा कि राष्ट्रीय आयुष मिशन, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के स्लोगन- ''एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य'' की थीम पर विभिन्न जागरूकता गतिविधि आयोजित किए जाएंगे। राज्य के आश्रय गृह, बाल सुधार गृह, जेल, सुरक्षित स्थल एवं सभी पंचायत सरकार भवनों में योगाभ्यास के जरिए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। जिला एवं प्रखंड स्तर के मुख्य समारोह स्थल पर स्थानीय जनप्रतनिधि, गण्यमान्य व्यक्तियों, जिला स्तरीय पदाधिकारियों व परिवार सहित स्थानीय योग प्रशिक्षकों एवं शिक्षकों को आमंत्रित कर अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। स्थानीय वार्ड एवं पंचायत पर एएनएम, आशा एवं ममता द्वारा योगाभ्यास के लिए स्थल का चयन किया जाएगा एवं उनके द्वारा अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी। श्री पांडेय ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए जीविका दीदियों को स्थानीय स्तर पर आयोजित होने वाले गतिविधियों में शामिल करने एवं उनके द्वारा कार्यक्रम आयोजित कराने पर जोर दिया गया है। स्थानीय स्तर पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजनों के विषय में लोगों को जानकारी देने के लिए जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। योग न केवल शरीर को निरोग बनाता है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य और आत्मिक शांति का मार्ग भी प्रशस्त करता है। ऐसे आयोजन हमारे समाज को स्वस्थ, जागरूक और सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

## राजद ने लांच किया 'तेजस्वी डिजिटल फोर्स' पोर्टल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए राजद ने लोगों से जुड़ने के लिए 'तेजस्वी डिजिटल फोर्स' पोर्टल लांच किया है। प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने पोर्टल लांच करते हुए कहा कि नीतीश कुमार की 20 साल के सरकार से लोग परेशान हैं और बदलाव चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अचेतावस्था में हैं। सरकार के लोग भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं और परिवारवाद को बढ़ावा दे रहे हैं। तेजस्वी यादव ने इस दौरान कहा कि मुझे विश्वास है जनता नीतीश कुमार की सरकार को उखाड़ फेंकेगी और एक नई सरकार जिसके पास विजन है, रोड मैप है को तवज्जो देगी। उन्होंने कहा कि मुझे पीड़ा होती है जब यह सुनते हैं कि बिहार में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। लोग गरीब हैं। किसान बदहाल हैं और मजदूरों की स्थिति भी ठीक नहीं है।

उन्होंने कहा कि हम मुद्दों की राजनीति करना चाहते हैं, जो जनता के असल मुद्दे हैं, उसके लिए हम लड़ रहे हैं। बिहार में बीते बीस वर्षों में एक भी अच्छा उद्योग नहीं लगा। केंद्र में भाजपा की सरकार पिछले ग्यारह वर्षों से है, लेकिन प्रधानमंत्री जी बिहार में एक भी चीनी मिल शुरू नहीं करवा पाए हैं। हमारे पास एक विजन और ब्लूप्रिंट है और लोग हमसे जुड़ना चाहते हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि डीके बॉस को लेकर जो बात हमने रविवार को कही थी, उसका कोई जवाब मुख्यमंत्री की तरफ से अब तक नहीं आया है। मुख्यमंत्री मेरे किसी भी आरोप का कभी कोई जवाब नहीं देते। भ्रष्ट अधिकारियों को सिस्टम में लाया जा रहा है और सरकारी राजस्व की लूट हो रही है। तेजस्वी यादव ने कहा कि पीएमसीएच के अधीक्षक आईएस ठाकुर पर हमने आरोप लगाया, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। किसी में हिम्मत नहीं है कि उन पर कार्रवाई करे। आईएस ठाकुर को क्यों नहीं हटाया गया? बिहार के स्वास्थ्य मंत्री कार्रवाई करें या छापा मारें या नहीं, लेकिन तेजस्वी यादव यह जरूर करेंगे। बिहार सरकार और नीतीश कुमार के डबल इंजन का ये हाल है कि अच्छे अधिकारियों को हटाया जाता है और गलत लोगों को रखा जाता है। उन्होंने कहा कि हमने 17 महीने में काम करके दिखा दिया। उन्होंने दावा किया कि जातिगत जनगणना हमारी देन है और आरक्षण की सीमा बढ़ाने के अलावा 4 लाख लोगों को नौकरी भी हमने दी। उन्होंने कहा कि 17 महीने में शिक्षा, स्वास्थ्य और टूरिज्म हर क्षेत्र में काम हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि लोग राष्ट्रीय जनता दल से जुड़ना चाहते हैं। हम लोगों से अपील करते हैं कि वो चाहे किसी भी जात, धर्म के हो चलिए सब मिलकर एक नया बिहार बनाते हैं जहां तरक्की की बात हो, उत्थान की बात हो।

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ का भुगतान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स मैगा कैलिबर इन्टरप्राइजेज प्रा. लि. के अंतर्गत पंजीकृत बीमित व्यक्ति पंकज कुमार जो भागलपुर में मीटर रीडर के पद पर कार्यरत थे, उनकी आश्रिता पत्नी-अनीता कुमारी, पुत्र-श्रीविशेष कुमार, को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. पंकज कुमार की मृत्यु 22 फरवरी 2023 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा ईएसआईसी द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया। पेंशन के रूप में 639 रु. प्रतिदिन की दर से लगभग प्रतिमाह (19170/-) आश्रितों को मिलेगा। दुर्घटना की तिथि से आज तक लगभग 287550 रुपये का बकाया भुगतान भी उनके खाते में अंतरित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कार्य के दौरान व कार्यस्थल और निवासस्थान के मध्य आवागमन के कारण होने वाली दुर्घटना को इएसआई कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के तहत रोजगार चोट के रूप में स्वीकृत करने का प्रावधान है जिसके अंतर्गत बीमित कर्मचारी की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रित परिवारजनों को ईएसआई योजना के तहत वेतन का 90% तक मासिक आश्रित पेंशन दिया जाता है।

## रोटरी क्लब पाटलिपुत्र के चार्टर डे में दिखा उमंग और उत्साह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व की प्रेरणादायी यात्रा को 50 वर्ष पूरे कर चुके रोटरी क्लब पाटलिपुत्र ने अपनी स्वर्ण जयंती चार्टर डे एवं अवॉर्ड नाइट समारोह को भव्यता और गरिमा के साथ मनाया। यह आयोजन पटना शहर के गणमान्य रोटेरियन्स, विशिष्ट अतिथियों और सामाजिक क्षेत्र की प्रतिष्ठित हस्तियों की उपस्थिति में अत्यंत भावपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का कुशल संचालन क्लब के पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन विनोद चौधरी ने किया। मुख्य अतिथि जिला प्रांतपाल रोटेरियन बिपिन चाचान एवं प्रथम महिला शिल्पी चाचान ने क्लब के उत्कृष्ट कार्यों को सम्मानित करते हुए ग्लोबल ग्रांट एवं फाउंडेशन डोनेशन अवॉर्ड्स प्रदान किए। क्लब अध्यक्ष द्वारा प्रेसिडेंशियल अवॉर्ड से भी विभिन्न सक्रिय सदस्यों को सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में डीजी बिपिन चाचान ने भावुक होकर कहा कि यह मेरे लिए अत्यंत गर्व और सम्मान का क्षण है कि आज मैं उसी क्लब पाटलिपुत्र में जहां से मैंने अपनी रोटरी यात्रा शुरू की आप सभी को जिला प्रांतपाल के रूप में संबोधित कर रहा हूं। शिल्पी चाचान ने रोटरी के सेवा मूल्यों की सराहना करते हुए सभी सदस्यों को समाजहित में सक्रिय बने रहने के लिए प्रेरित किया।

क्लब अध्यक्ष स्वाति मोदी ने क्लब की ओर से किए जा रहे सामाजिक कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महावीर आरोग्य कंकड़बाग में क्लब की ओर से 9 डायलिसिस मशीनें लगाई गई हैं जिनसे जरूरतमंद मरीजों को रियायती दर पर इलाज मिल रहा है। महावीर वात्सल्य में नेत्र परीक्षण एवं अन्य स्वास्थ्य जांच निःशुल्क की जाती है। वहीं मोतियाबिंद के ऑपरेशन भी बिना किसी शुल्क के कराए जाते हैं। क्लब की ओर से स्थापित ब्लड बैंक जरूरतमंदों को कम दर पर रक्त उपलब्ध करा रहा है। गर्मी के मौसम में 50 स्थानों पर वाटर कूलर लगाकर राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध कराया गया है। दो एयर कंडीशन मुक्तिरथ और डेड बॉडी फ्रीजर वैन की व्यवस्था भी क्लब ने की है जिससे अंतिम यात्रा में सुविधा मिल रही है। जेपी गंगा पथ पर क्लब ने 500 से अधिक पौधे गैबियन में लगाए हैं, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अनुकरणीय प्रयास है। पल्स पोलियो अभियान में सरकार के साथ सहभागिता, अन्नपूर्णा योजना के अंतर्गत जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराना जैसे अनेक कार्यों के माध्यम से क्लब समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता निभा रहा है।

## संपादकीय

# दुनिया में खसरे की वापसी

खसरे का संक्रमण एक बार फिर अपने पांव तेजी से पसार रहा है। यह किसी एक देश की बात नहीं, बल्कि दुनिया भर में खसरे के मामले बढ़ रहे हैं। इससे संबंधित एक हालिया रपट ने विश्व भर के स्वास्थ्य विशेषज्ञों को चिंता में डाल दिया है। इसके मुताबिक, वर्ष 2023 में पूरी दुनिया में खसरे के एक करोड़ तीन लाख मामले सामने आए, जो 2022 की तुलना में 20 फीसद अधिक हैं। इसे अमेरिका, यूरोप, भारत और आस्ट्रेलिया सहित कई देशों के लिए नई चुनौती के रूप में देखा जा रहा है।खसरा सबसे ज्यादा बच्चों को प्रभावित करता है और इसे टीकाकरण से रोका जा सकता है। मगर सवाल यह है कि जब दुनिया भर में इस संक्रमण का टीका वर्षों से उपलब्ध है, तो इसकी चाल फिर तेज क्यों हो रही है? इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं, जिनमें वैश्विक स्तर पर खसरे से निपटने के उपायों में ढिलाई से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।गौर करने वाली बात है कि खसरे से बचने के लिए तैयार किया गया टीका वर्ष 1963 से ही दुनिया भर में उपलब्ध है और इसके प्रभावशाली नतीजे भी सामने आए हैं। मगर पिछले कुछ वर्षों में इसके संक्रमण के मामले बढ़ना भारत समेत दुनिया के तमाम देशों के लिए एक चेतावनी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और अमेरिका की स्वास्थ्य संस्था सेंटर फार डिजीज कंट्रोल (सीडीसीसी) की रपट के अनुसार, भारत उन 57 देशों में से एक है, जहां वर्ष 2023 में खसरे के मामले बढ़े हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि वैश्विक स्तर पर इस संक्रमण के फैलने की घटनाएं 20 फीसद बढ़ी हैं।अमेरिका में तो वर्ष 2000 में खसरे के उन्मूलन की घोषणा कर दी गई थी, लेकिन पच्चीस साल बाद वहां की स्वास्थ्य संस्था सीडीसी ने इस साल जनवरी से मई तक देश में खसरे के 900 मामले सामने आने की पुष्टि की है। आस्ट्रेलिया में इस साल के शुरुआती पांच महीनों में खसरे के 77 मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि 2024 में यहां कुल 57 मामले सामने आए थे। यूरोप में पिछले 25 वर्षों की तुलना में खसरे के सबसे अधिक मामले वर्ष 2024 में दर्ज किए गए।मौजूदा स्थिति को देखते हुए ऐसा लगता है कि दुनिया भर में खसरे के टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा करने का वक्त आ गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रपट में कहा गया है कि कोरोना महामारी भी खसरे का संक्रमण बढ़ने की एक वजह बनी है। उस दौरान लोगों का ध्यान कोरोना के टीके लगवा कर इससे बचने पर था। इससे खसरे का टीकाकरण प्रभावित हुआ। मगर, यह भी सच है कि कोरोना काल के बाद सरकारी स्तर पर खसरे के संक्रमण को रोकने को लेकर जो सक्रियता दिखाई जानी चाहिए थी, उसका अभाव रहा।

# सड़कें, जिन्होंने भारत के विकास की दिशा बदल दी !



**नितिन गडकरी**

साल 2014 में जब नरेन्द्र मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की, उसी क्षण से भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार बुनियादी ढांचे के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देती आई है। इस दिशा में, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय बुनियादी ढांचे के विकास का केंद्र बिंदु बन गया। मोदी के नेतृत्व में इस मंत्रालय ने न केवल देश के आर्थिक विकास को गति दी है, बल्कि वर्ष 2014 से लेकर इन 11 वर्षों के दौरान इसे एक नया आयाम भी दिया है।

पूर्ण हो चुके और बनने वाले दोनों प्रकार के राजमार्गों के निर्माण - ने देश के विकास की दिशा बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कुशल राजमार्ग, जलमार्ग और रेलवे, लॉजिस्टिक्स की लागत में कमी ला सकते हैं और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दे सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को 'विश्वगुरु' बनाने का सपना देखते हैं। भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। इस सपने को साकार करने के लिए, हमें निर्यात बढ़ाने की जरूरत है, जिसकी बदौलत कृषि, सेवाओं और औद्योगिक क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देगा।

पिछले 11 वर्षों में निर्मित सड़कों ने हमारी लॉजिस्टिक्स की लागत को 16त्न से घटाकर 10त्न कर दिया है, और अगले वर्ष, हमारा लक्ष्य इसे और कम करके 9त्न पर लाना है। इससे हमारे निर्यात में वृद्धि होगी, हम अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगे, और भारत को 'विश्वगुरु' बनने की दिशा में और अधिक प्रबल रूप से आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय देशभर में 25 नए ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस हाईवे बना रहा है। बंदरगाहों को जोड़ने और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 3,000 किलोमीटर से अधिक राजमार्ग भी बनाए जा रहे हैं। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में सरकार के प्रयास भी आकार ले रहे हैं। 22,000 करोड़ रुपये की लागत से पूरी हुई बौद्ध सर्किट परियोजना ने दक्षिण एशिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, चीन, सिंगापुर और जापान से भगवान बुद्ध की जन्मस्थली आने वाले पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की है।

इसके साथ ही, चार धाम स्थलों - बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री - पर जाने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या तीन गुनी हो गई है। केदारनाथ को जोड़ने के लिए 12,000 करोड़ रुपये की लागत से रोपवे का निर्माण किया जा रहा है। कैलाश मानसरोवर को उत्तराखंड के पिथौरागढ़ से जोड़ने वाली सड़क का लगभग 90त्न काम पूरा हो चुका है।

भारत में, खास तौर पर राष्ट्रीय राजधानी में, 'उड़ने वाली बसों' का सपना साकार होने की कगार पर है। इसमें हवा में उड़ने वाली बसें, फ्लैश-चार्जिंग इलेक्ट्रिक बसें और पहाड़ी क्षेत्रों के लिए उड़ने वाली डबल-डेकर बसें शामिल हैं। दिल्ली के धौला कुआं से मानेसर तक स्काईवे सिस्टम पर आधारित उड़ने वाली बस सेवा लगभग अपने अंतिम चरण में है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह प्रयोग इस विशेष मार्ग पर यातायात जाम की स्थायी समस्या को हल करने में महत्वपूर्ण होगा।

नागपुर में जल्द ही पहली फ्लैश-चार्जिंग इलेक्ट्रिक बस लॉन्च की जाएगी। इसमें 135 सीटें, एग्जीक्यूटिव क्लास, सामने टीवी स्क्रीन और एयर होस्टेस जैसी बस होस्टेस होंगी। इस बस की अधिकतम गति 120 किमी/घंटा होगी और यह अपनी यात्रा को दोबारा शुरू करने से पहले पूरी तरह चार्ज होने के लिए हर 40 किमी पर सिर्फ़ 30 सेकंड के लिए रुकेगी।

ऐसा काम केवल दफ़्तर में बैठकर डीपीआर तैयार करने से नहीं हो सकता - इसके लिए जी-जान से प्रयास करने की ज़रूरत होती है!

सड़क निर्माण पर आईआईएम-बैंगलोर द्वारा हाल ही में किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) निर्माण पर खर्च किए गए प्रत्येक1 रुपये से भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 3.21 रुपये की वृद्धि हुई है, जो 3.2 गुना का गुणक प्रभाव है। नतीजतन, घरेलू उत्पादन में 9त्न और कार की बिक्री में 10.4त्न की वृद्धि हुई है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा किए गए काम ने न केवल आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया है, बल्कि रोज़गार के कई अवसरों का भी सृजन किया है।

कुछ ध्यान देने योग्य आँकड़े- 2014 में, भारत में केवल 91,000 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग थे। 2024 तक, यह नेटवर्क लगभग 60त्न बढ़कर 1.46 लाख किलोमीटर हो गया है। सड़क निर्माण की दैनिक गति 12 किलोमीटर/दिन से बढ़कर 28-30 किलोमीटर/दिन हो गई है। 5.35 लाख करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी भारतमाला परियोजना के तहत, आर्थिक गलियारों, अंतर्राष्ट्रीय सीमा सड़कों और सीमा क्षेत्र कनेक्टिविटी सहित 65,000 किलोमीटर सड़कें बनाने का लक्ष्य है। यह योजना भारत की लॉजिस्टिक्स की लागत में और कमी लाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

'गति शक्ति' और मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी पहल सड़क, रेलवे, वायु, जलमार्ग और बंदरगाहों को एकल डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म में एकीकृत करती है, जिससे समय पर परियोजना पूर्ण होना सुनिश्चित होने में मदद मिली है। हमारे मंत्रालय ने सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के माध्यम से भी सड़क विकास परियोजनाओं को लागू करना शुरू कर दिया है, जिसने महत्वपूर्ण निजी निवेश आकर्षित किया है। इस मॉडल के तहत, 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक की सड़क परियोजनाएँ शुरू की गई हैं।

2014 में शुरू हुआ ये सफ़र केवल सड़कों का नहीं है; बल्कि एक तरह से ये भारत की प्रगति की जीवन रेखा बन गया है। राजमार्ग नेटवर्क के विस्तार ने न केवल यात्रा को आसान बनाया है, बल्कि घरेलू व्यापार, उद्योग, पर्यटन और सुरक्षा को भी बढ़ावा दिया है।

पहले दिन से ही हमारी सरकार यह सुनिश्चित करने का अथक प्रयास कर रही है कि समावेशी विकास समाज की अंतिम कतार में खड़े हर व्यक्ति तक पहुंचे। हम इस लक्ष्य को जल्द से जल्द प्राप्त करने के लिए आने वाले वर्षों में इस काम को और भी तेज़ गति से करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अब हमारे पास विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे का निर्माण करने और 2047 तक अपने राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को अमेरिका से भी बेहतर बनाने का एक स्पष्ट विजन मौजूद है, ताकि भारत एक आर्थिक महाशक्ति बन सके।



÷अमेरिका के पास अच्छी सड़कें इसलिए नहीं हैं क्योंकि वह अमीर है; अमेरिका अमीर इसलिए है, क्योंकि उसके पास अच्छी सड़कें हैं।÷ पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी का यह कथन, जो दिल्ली में परिवहन भवन में मेरे कार्यालय में और इससे पहले महाराष्ट्र में जब मैं मंत्री था, तो वहां लगा हुआ था, यह संयोगवश नहीं है। मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों से यह हमारा मार्गदर्शक मंत्र रहा है।

हम भविष्य में इस काम को और भी तेजी से आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आने वाले वर्षों में, भारत का सड़क से संबंधित बुनियादी ढांचा अमेरिका से भी बेहतर होगा - यह कोई सपना नहीं, बल्कि हकीकत है, जो आकार ले रही है। गुणवत्ता, गति, पारदर्शिता और पर्यावरण के अनुकूल नीतियों का संतुलन बनाए रखते हुए भारत के राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिलेगी।

**(लेखक केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री हैं)**

# मोदी के परिवर्तनकारी नेतृत्व के स्वर्णिम 11 वर्ष



**डॉ मणिकांत झा**

विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए संकल्पित समर्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वर्णिम 11 वर्ष पूरे हुए। उनके कार्यकाल का सही मूल्यांकन करने से उनकी सोच समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगोंके प्रति विशेष रूप से झलकता है।आम अवाम की जिंदगी से जुड़ाव इस बात से भी प्रमाणित होता है कि धरातल पर की सच्चाई व कठिनाई को जानकर उनके निदान के लिए नई-नई योजनाएं लागू किया गया। खासियत यह रही कि सिर्फ यह कागजी साबित नहीं हुआ बल्कि धरातल पर इसकी धमक स्पष्ट रूप से महसूस की गई। किसी भी योजना के कार्यान्वयन की समुचित व्यवस्था करने के पश्चात समय-समय पर उसके प्रगति का ईमानदार मूल्यांकन भी किया गया तभी तो देश के सामाजिक आर्थिक परिवर्तन को गति देने के साथ-साथ लोक कल्याणकारी योजनाओं का पक्ष में परिणाम दिखना इसके बेहतर प्रमाण है। दृढ़ इच्छा शक्ति व नेशन फर्स्ट की मूल अवधारणा ने उन्हें निरंतर आगे बढ़ने एवं देश तथा देशवासियों के हितों का आधार स्वत- देता रहा है। चाहे वह देश का आंतरिक या बाहरी मामला हो या चाहे वह सामाजिक हो या आर्थिक सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर ससमय उचित निर्णय लेकर उसका निदान उनके दूरदर्शी सोच का परिचायक बनता है। आंकड़ों की माने तो पिछले तीन माह में देश की विकास दर 6.7 प्रतिशत हो गई जो तेजी से बढ़ते अर्थव्यवस्था का संकेत दे रहा है। तेल और गैस उत्पादन के मामले 2021 में जहां 8त्न रहा था आज सीधे 2 गुना तक पहुंच गया है। कुछ दिनों पूर्व ही भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का स्थान ले लिया है। वहीं 2047 तक का लक्ष्य सामने रखकर कार्य कर रहा है। भारत की जीडीपी 2025 में 4.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है जो 2014 से 2024-25 की तुलना में दो गुना से अधिक है।

रेल परिवहन के क्षेत्र की बात करें तो अब भारत में हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेनों का परिचालन भी संभव होगा ।इसकी योजना भी तैयार कर ली गई है। जिसमेंइससे संबंधित पहली ट्रेन हरियाणा में जींद से सोनीपत के बीच शुरू होगी जो दुनिया की सबसे ताकतवर हाइड्रोजन ट्रेन होगी। वहीं 20 13 -14 में जहां 1055 मिलियन टन माल की ढुलाई ट्रेनों द्वारा की गई। वही 2024 -25 में यह बढ़कर 1617 मिलियन टन हो गया है। इससे भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा माल वाहक रेल का दर्जा प्राप्त किया है। फलस्वरूप आज माल ढुलाई के मामले में सड़क से सस्ता रेल हो गया है।

यही नहीं 2023 के वर्ल्ड बैंक लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस इंडेक्स यह बताता है कि भारत का स्थान 139 देश में 38 वें पर रहा जो 2014 की तुलना में 16 स्थान ऊपर है। निश्चित रूप से रेलवे के विद्युतीकरण से ला मेंगत के साथ-साथ प्रदूषण में भी कमी के अनुमान है ।प्रकृति रक्षति रक्षिता का सूत्र अपनाकर केंद्र सरकार ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कई नवीन योजनाओं का भी सूत्रपात किया जिसका असर अब धरातल पर स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। निसंदेह इन योजनाओं में समाज की सक्रिय साझेदारी को भी आमंत्रित कर इसे बचाने वह पुनर्जीवित करने की महती प्रयास उल्लेखनीय है। मोदी सरकार ने देश के अंतिम पंक्ति में खड़े देशवासियों की सुधि प्राथमिकता के आधार पर ली है। यह उनकी विभिन्न योजनाओं एवं उसके प्रगति से स्पष्ट रूप से प्रमाणित होता है। अपने 11 वर्षों के कार्यकाल में 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर किया गया है ।किसानों के लिए पीएम किसान सम्मान निधि के अंतर्गत 11 करोड़ से अधिक किसानों को 3.68 लाख करोड़ से अधिक वितरित किए गए हैं। वहीं महिलाओं के उत्थान के लिए लखपति दीदी योजना के अंतर्गत एक करोड़ से अधिक ग्रामीण महिलाओं को सालाना 1 लाख से अधिक आय प्राप्त करने का अधिकार मुहैया कराया है। जबकि 3 करोड़ राशि की स्वीकृति प्रधानमंत्री आवास योजना की तहत की गई है। जिससे गरीब लोगों को आसानी से आश्रय की सुविधा उपलब्ध कराया जा सके। इतना ही नहीं गरीबों के लिए भोजन ,आवास के अलावा स्वच्छ जल और निशुल्क स्वास्थ्य की व्यवस्था के लिए भी योजनाएं चलाई गई है। 15.44 करोड़ से अधिक ग्रामीण घरों में नल की स्वच्छ जल उपलब्ध कराने का प्रबंध इस कार्यकाल में किया गया है। वहीं आयुष्मान भारत योजना के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के वृद्ध जनों के लिए ?5 लाख की राशि के मुफ्त इलाज की व्यवस्था होने से सामाजिक सुरक्षा जैसी उपायों को बल मिला है। इससे 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को लाभ दिए जाने की संभावना जताई जा रही है ।जबकि निवेश के क्षेत्र में भारत ने लगातार अपने कदम बढ़ा दी है ।असम में टाटा इलेक्ट्रॉनिक 27000 करोड़ की निवेश से एक प्रोजेक्ट को स्थापित किया गया है जो इस साल के मध्य तक पूरे होंगे इसमें वृहद पैमाने पर रोजगार सृजन होगा इसके अलावा भी एचपीसीएल और फॉक्सकॉन का संयुक्त निवेश उत्तर प्रदेश में किया गया है जिसमें 3706 करोड़ की राशि निवेशित है। ड्रोन और उसके कल पुर्जे के लिए दो विशेष पीएलआइ योजना की शुरुआत भी की गई है।

और अंत में आतंकवादियों के खिलाफ भारत का जीरो टॉलरेंस नीति व इसके विरुद्ध किए गए कारनामों से भारत का पराक्रम पूरे विश्व में उजागर हुआ है ।कहना ना होगा कि मोदी के कुशल नेतृत्व में देश का सर्वांगीण विकास हुआ है ।इसे एक स्वर्णिम कालखंड कहना ही सर्वाधिक उचित होगा ।निश्चय ही वैश्विक मंच पर भारत की अस्मिता सांस्कृतिक ऐतिहासिक गौरव को स्थापित कर भारतीय विरासत को उचित स्थान मिला है। आंतरिक राजनीतिक व्यवस्था के साथ-साथ कूटनीतिक क्षेत्र में भी अभूतपूर्व सफलता मिल रही है। कहना ग़लत न होगा कि यह एक ऐसा सुनहरा अवसर है जिसमें देश की सामाजिक आर्थिक राजनीतिक सभी दिशाओं में युगांतरकारी परिवर्तन की बयार देखने को मिल रही है। वास्तव में भारत आज मोदी के कुशल नेतृत्व में पूरे विश्व का नेतृत्व करने के काबिल है।चुनौतियां है तो समाधान भी। मोदी है तो मुमकिन भी।

# भारत को टैरिफ समझौते पर ट्रंप के सामने क्यों नहीं झुकना चाहिए?

**चीन के वर्चस्ववादी आवेगों के खिलाफ बड़ी लड़ाई में जोश के अलावा, ट्रंप से इस्लामी आतंकवाद के खिलाफ़ भी कोई सख्त रुख अपनाने की उम्मीद थी। मानवाधिकारों के प्रति डेमोक्रेटिक पार्टी के पाखंडी रवैये और इसके विघटनकारी लोकतांत्रिक प्रचार को भी कूड़ेदान में जाने की उम्मीद थी। यह कहना गलत होगा कि ट्रंप सार्वभौमिक रूप से निराशाजनक साबित हुए हैं। कुछ सप्ताह की अनिश्चितता के बाद, ऐसा लगता है कि इस बार इजरायल फिर से कुछ समय के लिए चर्चा में आ गया है, जबकि ट्रंप का तेहरान में शासन के साथ धैर्य खत्म हो गया है।**

**(अनिल कुमार)**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर भारत की उम्मीदें अब कम हो गई हैं। पहले भारत को ट्रंप से चीन के खिलाफ सख्त रुख और इस्लामी आतंकवाद पर कार्रवाई की उम्मीद थी। लेकिन पहलगाम में हुए नरसंहार के बाद ट्रंप प्रशासन के रवैये से निराशा हुई है। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि राष्ट्रीय हितों को बनाए रखने के रोजमर्रा के कामों के अलावा, वैश्विक रणनीतिक समुदाय की नजर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को समझने की अधिक कठिन चुनौती पर चली गई है। अब यह बात दिन-ब-दिन स्पष्ट होती जा रही है कि ट्रंप के पहले राष्ट्रपति काल में जिन धारणाओं पर काम किया गया था, वे अब उनके दूसरे कार्यकाल के लिए मान्य नहीं हैं। राष्ट्रपति की अप्रत्याशितता, उनके अनियमित व्यक्तिगत आचरण की तो बात ही छोड़िए, ने एक्सपर्ट्स की एक कॉटेज इंडस्ट्रीज को खड़ा कर दिया है जो या तो उनकी नीतियों को एक स्पष्ट पैटर्न में ढालने की कोशिश कर रहे हैं या उनके भविष्य के कदमों की भविष्यवाणी कर रहे हैं। अभी तक, यह सब प्रगति पर है।

**भारत के लिए कैसा अनुभव:** भारत के लिए यह अनुभव हैरान करने वाला रहा है। पिछले साल नवंबर में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के समय, अमेरिका के बाहर तीन अलग-अलग समूह थे जिन्होंने ट्रंप की जीत पर अपनी उम्मीदें जताई थीं। पहला, जैसा कि अनुमान था, इजरायल था, जिसे हमास के खिलाफ युद्ध के संचालन में बाइडन प्रशासन की तरफ से अनावश्यक रूप से सीमित महसूस हुआ था। ऐसी उम्मीद थी कि अब्राहम समझौते के अधूरे काम को सऊदी अरब जैसे देशों के साथ फिर से शुरू किया जाएगा। इससे फिलिस्तीन में दो-राज्य समाधान का अंतिम संस्कार भी सुनिश्चित होगा। दूसरे समूह को मोटे तौर पर यूरोपीय दक्षिणपंथी कहा जा सकता है, जिसने राष्ट्रीय रूढ़िवाद आंदोलन के साथ समानताएं देखीं। इसने ट्रंप के कैंपेन का एक्टिव रूप से समर्थन किया था। एमएजीए आंदोलन की राष्ट्रीय संप्रभुता का दावा, वैश्वीकरण की आलोचना, बड़े पैमाने पर इमिग्रेशन का खंडन और ईसाई पहचान का दावा, ब्रुसेल्स सर्वसम्मति को तोड़ने वाले दलों के बीच एक राग अलापता है। 14 फरवरी को अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का विवादास्पद म्यूनिख भाषण हंगरी के विक्टर ओरबान, इटली की जॉर्जिया मेलोनी और फ्रांस की मरीन ले पेन जैसे लोगों के कानों के लिए संगीत था, भले ही इसने यूरोक्रेट्स को गुस्से में अपने बाल नोचने पर मजबूर कर दिया था।

**भारत को थी फायदे की उम्मीद:** भारत उन एशियाई शक्तियों में सबसे आगे था, जिन्हें वाइट हाउस में ट्रंप के प्रवेश से बहुत बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद थी। चीन के वर्चस्ववादी आवेगों के खिलाफ बड़ी लड़ाई में जोश के अलावा, ट्रंप से इस्लामी आतंकवाद के खिलाफ़ भी कोई सख्त रुख अपनाने की उम्मीद थी। मानवाधिकारों के प्रति डेमोक्रेटिक पार्टी के पाखंडी रवैये और इसके विघटनकारी लोकतांत्रिक प्रचार को भी कूड़ेदान में जाने की उम्मीद थी। यह कहना गलत होगा कि ट्रंप सार्वभौमिक रूप से निराशाजनक साबित हुए हैं। कुछ सप्ताह की अनिश्चितता के बाद, ऐसा लगता है कि इस बार इजरायल फिर से कुछ समय के लिए चर्चा में आ गया है, जबकि ट्रंप का तेहरान में शासन के साथ धैर्य खत्म हो गया है।



**अगर टैरिफ बातचीत लखड़ाई तो:** अपनी ओर से, यूरोपीय दक्षिणपंथ ने व्हाइट हाउस से अपनी उम्मीदों को नाटकीय रूप से कम कर दिया है, क्योंकि उसने कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में रूढ़िवादियों के लिए जो तबाही मचाई है, उसे देखते हुए। भारत में, पहलगाम में 22 अप्रैल के नरसंहार के बाद ट्रंप प्रशासन की तरफ से अपनाई गई समानता की स्थिति और युद्ध विराम पर बातचीत करने के उनके दावे ने निश्चित रूप से मूड खराब कर दिया है। ऐसा नहीं है कि अमेरिका-भारत संबंध बहुत नीचे चले गए हैं। हालांकि ऐसा हो सकता है अगर टैरिफ बातचीत लड़खड़ा जाए - लेकिन नई दिल्ली ने ट्रंप से अपनी उम्मीदों को बहुत कम कर दिया है। साथ ही, ऐसे संकेत भी हैं कि अमेरिकी विदेश विभाग पाकिस्तान की सेना के साथ अपनी पारंपरिक निकटता को फिर से शुरू कर रहा है। चूंकि ट्रंप द्वारा उठाए गए कदमों में बहुत हद तक अस्थिरता जुड़ी हुई है, इसलिए दिल्ली में नीति निर्माताओं के लिए पुराने गुटनिरपेक्षता के आरामदायक स्तरों पर वापस लौटना जल्दबाजी होगी। ट्रंप को शेयर बाजारों में एक दिन के व्यापारी के रूप में देखने की सलाह पर विचार करने लायक है। यह भी विचार करने लायक है कि भारत ने ट्रंप शासन के कुछ महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बिल्कुल भी निवेश नहीं किया है। अमेरिका सहित विभिन्न देशों में कई सर्वदलीय संसदीय टीमों को भेजने का एक संभावित कारण यह मान्यता थी कि आतंकवाद के साथ भारत के कड़वे अनुभव को अपर्याप्त रूप से समझा गया था। यह भारत की कूटनीतिक सेवा पर कोई आरोप नहीं है। यह केवल यह सुझाव देता है कि अंतरराष्ट्रीय प्रोफाइल बनाने की जटिल परियोजना केवल सरकारों और विदेश मंत्रालयों को खुश करने से पूरी नहीं होती है।

**भारत के सॉफ्ट पावर की कमियां:** अन्य कार्यक्षेत्र हैं, खास तौर पर राजनीतिक संबंध, जिन पर ध्यान नहीं दिया गया है। यूरोप और उत्तरी अमेरिका में रूढ़िवादी आंदोलनों के साथ भारतीय दक्षिणपंथ ने किस तरह का राजनीतिक संबंध विकसित किया है? इजरायल ने जिस तरह से अपने राजनीतिक संबंध विकसित किए हैं, उसके साथ इसका विरोधाभास उजागर होता है। अंत में, पहलगाम के बाद पाकिस्तान के साथ टकराव ने भारत की सॉफ्ट पावर की कुछ कमियों को उजागर किया। यह ध्यान देने योग्य था कि पश्चिमी कैंपस में भारतीय शिक्षाविदों का समूह, जिनकी राय दक्षिण एशिया पर नीतियों के निर्माण में महत्वपूर्ण है, ने या तो तटस्थ रहना चुना या एक विशिष्ट रूप से गैर-सहायक भूमिका निभानी चुनी। राष्ट्र से बौद्धिक जगत के इस अलगाव को खत्म करना होगा। साथ ही रणनीतिक समुदाय के रूप में जाने जाने वाले समुदाय का विस्तार करना होगा। भारत को महाशक्ति का दर्जा हासिल करने के लिए अभी भी कुछ दूरी तय करनी है। इसे चुनौतियों से पीछे नहीं हटना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### गर्मी से बच्चे हो रहे बीमार, गर्मी छुट्टी में बढ़ोतरी की मांग : महासंघ

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। झारखंड अभिभावक महासंघ ने गर्मी को देखते हुए स्कूलों में छुट्टी बढ़ोतरी की मांग की है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व डीसी धनबाद को सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर अध्यक्ष पप्पू सिंह ने कहा कि मानसून में हो रही देरी एवं अत्याधिक गर्मी के कारण स्कूल जा रहे बच्चों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चे बीमार हो रहे हैं। सोमवार से कई पब्लिक स्कूल खुल गए हैं। बच्चे उमस, गर्मी से परेशान हैं। गर्मी को देखते हुए छुट्टी में बढ़ोतरी या एक सप्ताह तक स्कूल बंद करने की मांग की है।

### निःशुल्क ऑपरेशन से 10 मरीजों को मिली आंखों की रोशनी

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवी संस्था लायंस क्लब की स्थानीय इकाई लायंस क्लब छपरा सारण के तत्वावधान में रविवार को शहर में एक दिवसीय विशेष नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 10 जरूरतमंद मोतियाबिंद पीड़ितों का निःशुल्क ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन आई केयर सेंटर में प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं लायंस क्लब के पूर्व जिलापाल डॉ. एस. के. पांडेय द्वारा फेको तकनीक से किया गया। शिविर का उद्घाटन डॉ. ए. के. त्रिपाठी, लायन डॉ. संतोष कुमार पांडेय व लायन सीमा पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। डॉ. एस. के. पांडेय ने बताया कि आगामी दिनों में 100 असहाय मरीजों के मोतियाबिंद ऑपरेशन की योजना है। छपरा के 11 लायंस क्लब के बैनर तले प्रत्येक क्लब 10 मरीजों का ऑपरेशन कराएगा। मरीजों को ऑपरेशन के बाद दवाएं व अल्पाहार भी निःशुल्क प्रदान किया गया। उपचार पाने वाले मरीजों में रमा देवी, ध्रुपति देवी, रामेश्वर प्रसाद, आशा देवी, सुकाई राय व महम्मद इरफान सहित सभी ने संस्था के प्रति आभार जताया। शिविर की सफलता में लायन सीमा पांडेय, शैलेन्द्र कुमार, बीरेंद्र नाथ गुप्ता, सुनील कुमार, राजकुमार सिंह सहित आई केयर सेंटर के स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इसकी जानकारी लायन राकेश कुमार मिश्रा ने दी है।



### युवा ब्राह्मण चेतना मंच ने किया संगठन विस्तार

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** युवा ब्राह्मण चेतना मंच की जिला स्तरीय बैठक रविवार को उत्तर बिहार सह जिला कार्यालय, आर्य नगर कटहरीबाग में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संजय पाठक ने की। बैठक में वक्ताओं ने आगामी विधानसभा चुनाव में ब्राह्मण समाज को उचित राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने की मांग उठाई। जिला मीडिया प्रभारी राजू रंजन तिवारी ने कहा कि ब्राह्मण समाज को उसका हक और सम्मान मिलना चाहिए। बैठक में सभी 10 विधान सभा क्षेत्रों के प्रभारियों को संगठन को पंचायत और बूथ स्तर तक विस्तार करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर मधुकांत गिरि को जिला महासचिव तथा अमित मिश्रा को सचिव मनोनीत किया गया। बैठक में प्रदेश प्रभारी पं. श्याम सुंदर मिश्र, बंगाल प्रभारी अंजनी कुमार मिश्र, परशुराम धर्म सेवा संघ अध्यक्ष पं. रंगनाथ तिवारी, अनिल मिश्र, दिवाकर मिश्र, मनीष मिश्रा, मनीष पांडेय, कल्याण तिवारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। संचालन पं. श्याम सुंदर मिश्र तथा धन्यवाद ज्ञापन राजू रंजन तिवारी ने किया।



### दो अपराधी अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार

**अमनौर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस ने रविवार को लूट की योजना बना रहे दो अपराधियों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अमनौर हरनारायण मठिया के पास बाँसबाड़ी में छापेमारी की गई। इस कार्रवाई में मो. राजा उर्फ मो. आसिफ व मो. अरबाज को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से दो देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और बिना नंबर प्लेट की बाइक बरामद की गई। पूछताछ में दोनों ने राहगीर का वाहन लूटने की योजना कबूल की है। इस संबंध में अमनौर थाना कांड संख्या 184/25 के तहत मामला दर्ज कर पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुटी है।

### संविधान बचाओ वक्फ बचाओ सम्मेलन ऐतिहासिक होगा : हजरत अमीर शरीयत.

**पटना के इमामों और प्रमुख लोगों ने की बैठक, 29 जून को गांधी मैदान में सम्मेलन**

फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के खिलाफ आंदोलन को निर्णायक बनाने के लिए इमारत ए शरिया बिहार, ओडिशा, झारखंड व बंगाल के तत्वावधान में पटना में दो अहम बैठकें हुई. एक में शहर के प्रमुख लोग और दूसरी में मस्जिदों के इमाम शामिल हुए. बैठकों की अध्यक्षता अमीर शरीयत हजरत मौलाना अहमद वली फैसल रहमानी ने की. उन्होंने कहा कि 29 जून को गांधी मैदान में होने वाला "वक्फ बचाओ, संविधान बचाओ सम्मेलन" सिर्फ एक सभा नहीं, बल्कि राष्ट्र की पहचान, अधिकार और इतिहास की रक्षा का संकल्प है. इमारत ए शरिया के कार्यवाहक निदेशक मुफ्ती सईद-उर-रहमान कासमी ने कहा कि नया कानून धार्मिक संस्थाओं के अस्तित्व पर हमला है. नायब काजी शरीयत मुफ्ती सोहेल अख्तर कासमी ने इसे क्रांतिकारी चेतना का आंदोलन बताया. पटना के इमामों ने भी सम्मेलन को सफल बनाने का संकल्प लिया. मुफ्ती असद कासमी और मौलाना गौहर इमाम कासमी सहित अन्य इमामों ने कहा कि यह पूरी कौम की जिम्मेदारी है. बैठकों में फैसला लिया गया कि मेहमानों के लिए भोजन और आवास की व्यवस्था मोहल्लों, मस्जिदों और सामुदायिक भवनों के जरिये की जाएगी. सभी ने सम्मेलन को एकता, अनुशासन और सेवा का ऐतिहासिक उदाहरण बनाने का संकल्प लिया.





# श्रावणी मेला 2025 को लेकर उपायुक्त ने आम्रेश्वर धाम मंदिर प्रबंधन समिति एवं संबंधित अधिकारियों संग की बैठक

## श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम को लेकर उपायुक्त ने दिए आवश्यक निर्देश


**खूँटी/तोरपा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 11 जुलाई से 9 अगस्त तक चलने वाले श्रावणी मेला 2025 को लेकर आज उपायुक्त श्रीमती आर. रॉनिटा द्वारा आम्रेश्वर धाम मंदिर स्थित सभागार में मंदिर प्रबंधन समिति संग बैठक किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के सभी संबंधित पदाधिकारी बैठक में उपस्थित रहे। उपायुक्त ने श्रावणी मेला 2025 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि श्रावण के महीने में आम्रेश्वर धाम में काफी भीड़ उमड़ती है, यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो यह हमारी पहली प्राथमिकता है। उपायुक्त ने श्रावणी मेला 2025 को लेकर मंदिर एवं मंदिर परिसर के आसपास की अच्छे से साफ सफाई, पेयजल की व्यवस्था, मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था, क्षेत्र में निरंतर विद्युत आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट, दंडाधिकारी, सुरक्षा कर्मी एवं वोलेंटियर्स की प्रतिनियुक्ति, सड़क मरम्मती, पार्किंग की व्यवस्था, पारा मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति, एम्बुलेंस, अग्निशमन की तैनाती समेत अन्य व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में मंदिर प्रबंधन समिति को अपने स्तर से वोलेंटियर्स, सीसीटीवी एवं क्षेत्र के दुकानदारों से डस्ट बिन का उपयोग कराना सुनिश्चित करने को कहा गया। जिससे क्षेत्र को स्वच्छ रखा जा सके। महिला, पुरुष एवं वीआईपी दर्शन की व्यवस्था को लेकर भी उपायुक्त ने जायजा लिया। श्रद्धालुओं के लिए एंट्री और एग्जिट पॉइंट की भी अच्छे से व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। सड़कों के आसपास के झाड़ियों की साफ-सफाई को लेकर पथ निर्माण विभाग को निर्देश दिया गया। बनई नदी एवं अमरेश्वर धाम परिसर के तालाब के समीप बैकेडिंग करने का निर्देश दिया गया, जिससे श्रद्धालुओं को समस्या न हो। वहीं शौचालय स्थायी एवं अस्थायी शौचालय को साफ रखने का निर्देश दिया गया। ट्रैफिक डायवर्जन, बैरिकेडिंग, लाउड स्पीकर आदि लगाने को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक के दौरान मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा कई सुझाव एवं प्रस्ताव जिला प्रशासन के समक्ष रखे गए। बैठक के पश्चात उपायुक्त ने मंदिर परिसर का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए। श्रावणी मेला के दौरान संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को संयुक्त रूप से सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, परियोजना निदेशक आईटीडीए, डीसीएलआर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खूँटी एवं तोरपा, सिविल सर्जन, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, कार्यपालक अभियंता पेयजल, विद्युत, पथ प्रमंडल, संबंधित बीडीओ, सीओ, मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



# 20 जून को सीवान आ रहे हैं प्रधानमंत्री मोदी, प्रशासन ने जारी किया विस्तृत ट्रैफिक प्लान

**नव बिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सीवान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 20 जून को सिवान जिला के पचरुखी प्रखंड के जसौली ग्राम में आगमन प्रस्तावित है। इसे लेकर जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। प्रशासन की ओर से समाहरणालय स्थित सूचना एवं जनसंपर्क शाखा द्वारा विस्तृत ट्रैफिक प्लान जारी किया गया है, जो 20 जून को प्रातः 4:00 बजे से संध्या 6:00 बजे तक प्रभावी रहेगा। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि कार्यक्रम स्थल के आसपास भारी वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह रोक रहेगी। साथ ही विभिन्न इलाकों से आने वाले वाहन निर्धारित वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किए जाएंगे ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सुरक्षा व्यवस्था भी बनी रहे। अग्निशमन वाहन, एंबुलेंस, शव वाहन, मरीजों के निजी वाहन, न्यायिक कार्य से जुड़े वाहन, पासधारी वाहन। बाकी सभी वाहनों के लिए विशेष डायवर्जन प्लान लागू रहेगा।



**ट्रैफिक प्लान – मार्गवार विवरण**

बंजारी मोड़ (गोपालगंज), बैशाखी मोड़ और पासवान चौक (सिवान बाईपास) से डायवर्ट कर मलमलिया की ओर भेजी जाएंगी। हरदिया मोड़ से पासवान चौक और बैशाखी मोड़ होते हुए सारण की तरफ डायवर्ट होंगी। एनएच-227अ से गोपालगंज मोड़, छोटपुर, सिवान बाईपास होते हुए उर्मिला टाटा मोटर्स (जसौली पार्किंग अ/इ) तक जाएंगी। आन्दर ढ़ाला, सिसवन ढ़ाला, हरदिया मोड़ और चॉप ढ़ाला होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगी। तरवारा होते हुए बैशाखी मोड़ और फिर सिवान बाईपास से पार्किंग अ/इ में प्रवेश करेंगी। रसुलपुर से सिवान आने वाली बड़ी गाड़ियां रसुलपुर से चैनपुर तक डायवर्ट की जाएंगी। छोटी गाड़ियां दरौंदा ढ़ाला से महाराजगंज की ओर डायवर्ट होंगी। दरौंदा होकर एनएच-531 के रास्ते पचरुखी बाईपास से कार्यक्रम स्थल तक जा सकेंगी। उम्मैद पैलेस (पचरुखी बाईपास) से उर्मिला टाटा मोटर्स (कार्यक्रम स्थल) के बीच सभी वाहनों पर पूर्णतः रोक रहेगी। यह मार्ग केवल पैदल चलने वालों के लिए सुरक्षित रहेगा। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे प्रशासन के निर्देशों का पालन करें, अनावश्यक रूप से ट्रैफिक जाम में न फंसे और सहयोग करें ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न हो सके।

**आपातकालीन संपर्क : डायल 112, जिला कंट्रोल रूम: 06154-242000 / 242001**

यह आयोजन जिले के लिए गौरव का विषय है। सुरक्षा और सुविधा के मद्देनजर यह ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया है। सभी नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा है।

# 11 साल बेमिसाल: गिरिराज सिंह बोले- मोदी सरकार उम्मीद की सरकार, कांग्रेस घोटालों की सरकार थी

**नव बिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सीवान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 20 जून को सिवान आगमन से पहले जिले का सियासी पारा चढ़ा हुआ है। इसी कड़ी में सोमवार को सिवान जिला अतिथिगृह में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने पत्रकारों से बात करते हुए मोदी सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों को गिनाया और यूपीए सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि "मोदी जी का 11 साल का कार्यकाल बेमिसाल रहा है।" मोदी सरकार को कांग्रेस की यूपीए सरकार से तुलना करते हुए कहा कि "यूपीए काल घोटालों का काल था। कोयला घोटाला, 2ऋघोटाला, जमीन घोटाला, आकाश घोटाला... हर ओर भ्रष्टाचार था।" उन्होंने कहा कि "मोदी सरकार उम्मीदों की सरकार है, गरीबों की सरकार है। हरि अनंत, हरि कथा अनंताङ्ग वैसे ही मोदी जी की उपलब्धियां इतनी हैं कि वो एक अखबार में समा ही नहीं सकतीं।"



**27 करोड़ लोग गरीबी से बाहर लाए**

गिरिराज सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने 27 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने का काम किया है। 2011 के आर्थिक सर्वेक्षण का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि पहले गरीबों के घरों में मिट्टी के मकान, शौचालय, पानी, बिजली, अनाज और इलाज जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं थीं।

**इंदिरा आवास बनाम प्रधानमंत्री आवास योजना**

उन्होंने कहा, कांग्रेस ने 29 साल में सिर्फ 3 करोड़ इंदिरा आवास बनाए, जबकि मोदी सरकार ने 11 साल में 5 करोड़ पक्के घर बनाकर दिए हैं। 12 करोड़ शौचालय, मुफ्त राशन, मुफ्त दवाएं, प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र, नल जल योजना, उज्ज्वला गैस योजना झ ये सब मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की देन हैं।

**आयकर छूट से लेकर गैस पाइपलाइन तक**

केंद्रीय मंत्री ने कहा, यूपीए काल में गैस सांसदों के कूपन से मिलता था, आज गैस सीधा घर तक पहुंचता है। अब तो 2029 तक घर-घर पाइपलाइन से गैस पहुंचाने की योजना पर भी काम हो रहा है।

**लालू प्रसाद यादव पर सीधा हमला**

गिरिराज सिंह ने लालू यादव पर भी जोरदार हमला करते हुए कहा कि उनकी मति भ्रष्ट हो गई है। कभी तलवार से केक काटते हैं, तो कभी स्कूटर से चारा ढोते हैं। संविधान निमार्ता बाबा साहब अंबेडकर की तस्वीर को पैरों के पास रखकर फोटो खिंचवाते हैं। उन्होंने कहा कि लालू यादव को अपने इस कुकृत्य के लिए पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए।

**भाजपा की मजबूत मौजूदगी**

प्रेसवार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष राहुल तिवारी, जिला प्रभारी उमेश प्रधान, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय पाण्डेय, उपाध्यक्ष सत्यम सिंह, धर्मेंद्र पटेल, मीडिया प्रभारी आदित्य कुमार पाठक, भाजपा नेता मनोज राम, राकेश पाण्डेय उर्फ कल्लू पाण्डेय, सौरभ कुशवाहा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**20 जून को पीएम मोदी का भव्य स्वागत**

गिरिराज सिंह ने अंत में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 जून को सिवान की पावन धरती पर आ रहे हैं। सभी देशवासी और खासकर सिवान के लोग उनका स्वागत करें और उनके ऐतिहासिक संबोधन को सुनें।

## प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत को तैयार हैं अधिवक्ता : ऑपरेशन सिंदूर के नायक को सुनने सिवान पहुंचेंगे हजारों वकील

**नव बिहार टाइम्स ब्यूरो सीवान।** सीवान में 20 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर जिले में उत्साह चरम पर है। इसी क्रम में आज सिवान शहर के अधिवक्ता संघ भवन में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता एवं बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सह भाजपा राज्यसभा सांसद श्री मनन मिश्रा ने अपने संबोधन में पीएम मोदी को देश का दृढ़ संकल्पित नेतृत्वकर्ता बताया। उन्होंने कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। मोदी जी सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास लेकर चलने वाले नेता हैं। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से देश की माताओं-बहनों के सिंदूर की रक्षा कर, यह स्पष्ट कर दिया कि भारत अब पहले जैसा नहीं रहा। आतंकियों को अब उन्हीं के घर में घुसकर मारा जाता है।



**अधिवक्ता समुदाय देगा मोदी जी को समर्थन**

मनन मिश्रा ने कहा कि 20 जून को पचरुखी प्रखंड के जसौली में होने वाले प्रधानमंत्री के ऐतिहासिक कार्यक्रम में हजारों की संख्या में अधिवक्ता शामिल होंगे। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं और नागरिकों से आग्रह किया कि वे बड़ी संख्या में पहुंचकर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री का संबोधन सुनें और लोकतंत्र की इस ऐतिहासिक घड़ी के साक्षी बनें।

**कांग्रेस सरकार पर निशाना**

उन्होंने कहा कि "यूपीए सरकार की कमजोरी के कारण देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदगी उठानी पड़ी थी, लेकिन मोदी सरकार ने आत्मनिर्भर भारत और आत्मसम्मान से परिपूर्ण राष्ट्र की नींव रखी है।"

**कार्यक्रम में कई वरिष्ठ अधिवक्ता मौजूद**

प्रेस वार्ता में अधिवक्ता संघ के जिला अध्यक्ष शंभू दत्त शुक्ला, जिला सचिव नवेंदु शेखर दीपक, लोक अभियोजक प्रमिला कुमार गोप, ठाकुर ज्वाला प्रसाद, जनार्दन सिंह, प्रेम सिंह, श्री रामेश्वरी प्रसाद, धीरेंद्र कुमार मिश्रा, सुनील दत्त शुक्ला, अजय तिवारी, शत्रुघ्न पांडे सहित अन्य वरिष्ठ अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# अद्वितीय व ऐतिहासिक होगी पीएम मोदी की जनसभा: डॉ. दिलीप जायसवाल

**छपरा/इसुआपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी 20 जून को सिवान के जसौली में आयोजित पीएम मोदी की जनसभा अद्वितीय व ऐतिहासिक होगा। जिसमें लाखों नहीं बल्कि करोड़ों की संख्या में लोगों की भागीदारी होगी। उक्त बातें बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल ने रविवार की देर संध्या प्रखंड के डोईला गांव स्थित पार्टी के स्थानीय विधायक सह बिहार विधान सभा में सत्तारूढ़ दल के उप मुख्य सचेतक जनक सिंह के आवास पर आयोजित तरैया विधानसभा स्तरीय एनडीए कार्यकताओं की बैठक में कहीं। उन्होंने भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी तथा पीएम मोदी को विश्व का सबसे लोकप्रिय नेता बताया। वहीं लालू-राबड़ी के शासनकाल की याद दिलाते हुए कहा कि राजद ने सदैव जात-पात की की घिनौनी राजनीति की है।अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने के लिए एम-वाई समीकरण का नारा देकर यादवों व मुसलमानों को केवल ठगने का काम किया है। जबकि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी माय की जगह महिला, युवा, गरीब व किसान समीकरण की बात करते हैं तथा उनके विकास के लिए काम करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर की चर्चा करते हुए कहा कि पीएम मोदी ने 22 के बदले मात्र 22 मिनट में पाकिस्तान को करारा जवाब देते हुए बदला ले लिया। वहीं रहुल गांधी पर कटाक्ष भी किया। लालू राबड़ी के शासन काल की याद दिलाते हुए कहा कि लोगों को गढ्ढों में सड़क को ढूंढना पड़ रहा था। जबकि आज एनडीए गठबंधन के शासनकाल में सड़क में गड्ढा ढूंढना मुश्किल हो गया है। बैठक को महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, 20 सूत्री के प्रदेश अध्यक्ष ललन मंडल, तरैया के बीजेपी विधायक जनक सिंह, सारण पश्चिमी के भाजपा जिला अध्यक्ष बृजमोहन सिंह, जदयू के जिला अध्यक्ष अल्ताफ अहमद राजू, रामाशंकर मिश्र शांडिल्य, शत्रुघ्न भगत, कुंवर सोनू सिंह, प्रमोद सिंह, सोनू राज सोनू, रामाधार सिंह ,रेणु तिवारी, डब्लू ओझा व अन्य ने संबोधित करते हुए पीएम मोदी की जनसभा में कार्लयकताओं की अधिक से अधिक भागीदारी देने की अपील की।



# ई-रिक्सा से ब्रेकर पर उछलकर गिरी महिला को हाइवा ने कुचला

## हादसे में महिला की मौके पर मौत, आक्रोशित लोगों ने किया घंटों सड़क जाम

**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेउर थाना क्षेत्र के बेउर-बघरा रोड स्थित गंज मोड़ के पास सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई. महिला टोटो हवा हवाई से यात्रा कर रही थी, तभी ब्रेकर पर उछलकर सड़क पर गिर गई और विपरीत दिशा से आ रही हाईवा ने कुचल दिया. घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया. मृतका की पहचान गंज पर निवासी करीमन मांझी की 34 वर्षीय पत्नी बचनी देवी के रूप में हुई है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बचनी देवी एक टोटो हवा हवाई (बैटरी चालित रिक्शा) पर बैठकर किसी काम से निकली थीं. इसी दौरान नदियावा के पास सड़क पर बनाए गए ऊंचे सीमेंट ब्रेकर पर अचानक टोटो का संतुलन बिगड़ा और महिला उछलकर नीचे गिर पड़ी. मृतका के पति करीमन मांझी मजदूरी करते हैं और तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं पूरे परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल होने लगा उसी समय सामने से आ रही एक तेज रफ्तार हाईवा ट्रक ने महिला को कुचल दिया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई. हादसे की भयावहता को देखकर लोग सहम गए. आसपास के लोग तुरंत घटनास्थल पर जमा हो गए और देखते ही देखते भीड़ उग्र हो गई. घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर बेउर-बघरा रोड को जाम कर दिया. लोग सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मुआवजे की मांग करने लगे. घंटों तक सड़क जाम रहा, जिससे आवागमन पूरी तरह ठप हो गया. सूचना मिलते ही बेउर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने-बुझाने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीणों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा था. स्थिति को गंभीर होता देख फुलवारी शरीफ के बीडीओ को मौके पर बुलाया गया. बीडीओ के निर्देश पर जिला प्रशासन की ओर से मृतका के परिजनों को तत्काल सहायता राशि उपलब्ध कराई गई. इसके बाद ग्रामीणों ने जाम हटाने पर सहमति जताई. मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष श्रवण यादव भी अपने समर्थकों के साथ पहुंचे और लोगों को शांत कराया. उन्होंने भी पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। इस दुर्घटना से बचनी देवी के घर में कोहराम मच गया. परिजन बेसुध हैं और गांव का माहौल गमगीन हो गया है. लोग प्रशासन से लगातार मांग कर रहे हैं कि ऐसे टोटो वाहनों की जांच होनी चाहिए जो ओवरलोड और असुरक्षित तरीके से लोगों को ले जाते हैं.



# फाइलेरिया मुक्त बिहार की ओर बड़ा कदमः एमडीए अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मुखिया होंगे सम्मानित

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार को फाइलेरिया से मुक्ति दिलाने की दिशा में चलाए जा रहे सर्वजन दवा सेवन अभियान में अहम भूमिका निभाने वाले पंचायत प्रतिनिधियों को अब राज्यस्तरीय सम्मान मिलेगा। 18 जून को राजधानी पटना में आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रम में पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता राज्य के उन चुनिंदा मुखियाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करेंगे, जिन्होंने फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में विशेष योगदान दिया है। इस सम्मान समारोह का आयोजन फाइलेरिया राज्य कार्यालय और पीरामल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। कार्यक्रम में राज्य के 38 जिलों के जिला परिषद अध्यक्ष की उपस्थिति सुनिश्चित की गई है। साथ ही सभी जिलों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक, स्वास्थ्य कर्मी और विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि वर्चुअल माध्यम से इसमें भाग लेंगे।




**फाइलेरिया के खिलाफ पंचायतों की भूमिका को सराहा जाएगा**

पंचायती राज मंत्री द्वारा सम्मानित किए जाने वाले मुखिया उन पंचायतों से हैं, जहां एमडीए अभियान के दौरान बेहतर दवा कवरेज और जनजागरूकता सुनिश्चित की गई। इन पंचायतों ने सामुदायिक भागीदारी, सक्रिय प्रचार, दवा सेवन में जागरूकता और स्वास्थ्य कर्मियों के सहयोग से अभियान को सफल बनाया।

**फाइलेरिया से लड़ाई में बिहार अभी भी चुनौतीपूर्ण दौर में**

राज्य फाइलेरिया के संक्रमण को जड़ से खत्म करने के लिए हर वर्ष 2 वर्ष से ऊपर के सभी व्यक्तियों को दवा सेवन कराने का कार्यक्रम चलाता है। राज्य फाइलेरिया सलाहकार डॉ. अनुज सिंह रावत ने बताया कि- बिहार के सभी 38 जिले फाइलेरिया से प्रभावित हैं। यह बीमारी मच्छर के काटने से होती है और लक्षण 10 से 15 वर्षों बाद उभरते हैं। यह गंभीर सूजन, अंगविकृति और सामाजिक कलंक का कारण बनती है। इससे बचाव का एकमात्र उपाय है—एमडीए अभियान के दौरान दी जाने वाली दवा का सेवन।

**अगला बड़ा अभियानः फरवरी 2026**

डॉ. रावत ने आगे कहा कि 10 फरवरी 2026 से राज्य में अगला एमडीए अभियान शुरू होने जा रहा है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज संस्थान और स्वयंसेवी संगठनों की साझेदारी को और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने आम जनता से अपील की- हर व्यक्ति को दवा का सेवन अवश्य करना चाहिए। यह पूरी तरह से सुरक्षित है और फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से जीवनभर की सुरक्षा देती है।

**वैश्विक संस्थाओं की सहभागिता**

इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम में विश्व स्वास्थ्य संगठन, सिफार, लेप्रा सोसायटी सहित कई राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं भाग लेंगी। इनके प्रतिनिधि फील्ड अनुभव साझा करेंगे और भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा करेंगे। सम्मान और सहयोग से ही होगी फाइलेरिया पर विजय। बिहार सरकार द्वारा पंचायतों की भागीदारी को मान्यता देना एक सराहनीय कदम है। इससे हर स्तर पर उत्साह बढ़ेगा और फाइलेरिया जैसे संक्रामक रोग को जड़ से खत्म करने की दिशा में जनसहयोग और मजबूत होगा।

## पहले ही दिन 50 प्रतिशत से ज्यादा का फायदा, बाजार में उतरते ही शेयर ने मचाया धमाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एक छोटी कंपनी सचीरोम लिमिटेड की बाजार में धमाकेदार शुरुआत हुई है। फ्रेग्रन्स और फ्लेवर्स बनाने वाली कंपनी सचीरोम लिमिटेड के शेयर 50 पर्सेंट या 51 रुपये के प्रीमियम के साथ 153 रुपये पर बाजार में लिस्ट हुए हैं। आईपीओ में कंपनी के शेयर का दाम 102 रुपये था। शानदार लिस्टिंग के बाद सचीरोम लिमिटेड के शेयरों में और तेजी देखने को मिली है। लिस्टिंग के बाद कंपनी के शेयर 4 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 159.90 रुपये पर पहुंच गए।

**ग्रे मार्केट के अनुमान को भी पीछे छोड़ा–** सचीरोम लिमिटेड के शेयरों की लिस्टिंग ने ग्रे मार्केट के अनुमान को भी पीछे छोड़ दिया है। शेयरों की लिस्टिंग से ठीक पहले सचीरोम लिमिटेड के शेयर ग्रे मार्केट में 24 रुपये के प्रीमियम के साथ 126 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे। कंपनी के शेयर 23.53 पर्सेंट के प्रीमियम पर थे। सचीरोम लिमिटेड का आईपीओ दांव लगाने के लिए 9 जून 2025 को खुला था और यह 11 जून 2025 तक ओपन रहा। कंपनी के पब्लिक इश्यू का टोटल साइज 61.62 करोड़ रुपये तक का था। सचीरोम लिमिटेड के शेयर हस्थ स्स्ध प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हुए हैं।

## अनिल अंबानी की कंपनी का शेयर बना रॉकेट, महीनेभर में 135 प्रतिशत रिटर्न

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अनिल अंबानी के रिलायंस समूह का एक पेनी स्टॉक ने कमाल का रिटर्न दिया है। कंपनी के शेयर में केवल एक महीने में 135 प्रतिशत तक की तेजी देखी गई। इसी के साथ यह रिलायंस पावर और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी अधिक प्रमुख समूह कंपनियों के लाभ से आगे निकल गया है। हम बात कर रहे हैं- रिलायंस होम फाइनेंस की। कंपनी के शेयर लगातार फोकस में हैं और 10 रुपये से नीचे कारोबार कर रहा है। बीते शुक्रवार को यह शेयर 7.69 रुपये पर बंद हुआ था। महीनेभर में यह शेयर करीबन 3 रुपये से बढ़कर वर्तमान प्राइस तक पहुंच गया।

**इस तेजी की वजह क्या है-** कंपनी ने अभी तक कोई बड़ा बुनियादी बदलाव पब्लिकली घोषित नहीं किया है, लेकिन एनालिस्ट का सुझाव है कि सट्टा ब्याज, अल्पकालिक गति और कम आधार प्रभाव इस तेजी को बढ़ावा दे सकते हैं। वर्तमान में, रिलायंस होम फाइनेंस का मार्केट कैप 372.63 करोड़ रुपये है। ट्रेंडलाइन डेटा के अनुसार, रिलायंस होम फाइनेंस के पास वर्तमान में स्थायित्व स्कोर नहीं है, जो दर्शाता है कि यह कमज़ोर या असंगत वित्तीय स्थिति के कारण पात्र नहीं है। मूल्यांकन स्कोर 33 पर है - जो अपने सेक्टर के साथियों के बीच मध्यम स्तर के मूल्यांकन का संकेत देता है। यह मूल्यांकन में छठे स्थान पर है, आवास फाइनेंसर्स लिमिटेड जैसे बेहतर-ज्ञात नामों से पीछे है। तेज वृद्धि के बावजूद, विशेषज्ञों ने संकेत दिया है कि स्टॉक अब पी/ई सेल ज़ोन में है, जो लगभग 80 प्रतिशत समय अपने वर्तमान पी/ई अनुपात 15.3 से नीचे कारोबार कर रहा है। इसका मतलब है कि अधिकांश तत्काल उछाल पहले से ही मूल्यांकित हो सकता है।



**क्या निवेशकों को सावधान रहना चाहिए-** मुंबई स्थित एक विश्लेषक ने नाम न बताने की शर्त पर बिजनेस टुडे को बताया, यह रैली ठोस बुनियादी बातों की तुलना में बाजार की गति से अधिक प्रेरित लगती है। निवेशकों को सावधानी से कदम उठाना चाहिए। कंपनी ने हाल ही में कोई पुनर्गठन योजना, पूंजी निवेश या विनियामक सफलता की घोषणा नहीं की है जो दीर्घकालिक बुनियादी बातों का समर्थन करेगी। उद्योग पर्यवेक्षकों का मानना है कि जब तक ठोस व्यावसायिक विकास सामने नहीं आता, तब तक रैली कम हो सकती है।

# दुनिया का दूसरा सबसे अमीर बना बिना डिग्री वाला अरबपति लैरी एलिसन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सॉफ्टवेयर कंपनी ओरेकल के चेयरमैन लैरी एलिसन दुनिया के दूसरे सबसे धनी व्यक्ति बन गए हैं। शुक्रवार को उन्होंने मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग और अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस को पीछे छोड़ दिया। फोर्ब्स की शीर्ष अरबपतियों की सूची 2025 के मुताबिक, 80 वर्षीय लैरी की कुल संपत्ति 258.8 अरब डॉलर है। उनसे आगे अब सिर्फ टेस्ला के मालिक एलन मस्क (कुल संपत्ति 410.8 अरब डॉलर) हैं।

**एक महीने में नीचे आए-** जुकरबर्ग सूची में एलिसन से पिछड़ कर तीसरे पर पहुंच गए हैं, जिनकी कुल संपत्ति 235.7 अरब डॉलर है। इससे पहले अप्रैल में वह दूसरे नंबर पर थे। वहीं बेजोस भी 226.8 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ चौथे पायदान पर आ गए हैं।

**शेयर में उछाल का फायदा-** 12 जून 2025 को ओरेकल के शेयरों में 13 प्रतिशत की तेज़ी आई, जिससे सिर्फ एक दिन में एलिसन की संपत्ति में 26 अरब डॉलर का इजाफा हुआ। पिछले दो महीनों में उनकी कुल संपत्ति में 66.8 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई, जिसका श्रेय ढ्ढ और क्लाउड कंप्यूटिंग में ओरेकल की बढ़त को दिया जाता है।



**न्यूयार्क में पैदा हुए-** लॉरेंस जोसेफ एलिसन का जन्म 17 अगस्त 1944 को न्यूयॉर्क में हुआ था। इन्हें दुनिया लैरी एलिसन के नाम से जानती है, ओरेकल कॉर्पोरेशन के संस्थापक हैं और वर्तमान में दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

### ओरेकल की स्थापना और सफलता

1977 में उन्होंने सिर्फ दो साझेदारों के साथ ओरेकल की शुरुआत की, जो आज दुनिया की सबसे बड़ी डेटाबेस सॉफ्टवेयर कंपनियों में से एक है। ओरेकल ने सन माइक्रोसिस्टम्स जैसी कंपनियों का अधिग्रहण करके और ढ्ढ टेक्नोलॉजी में निवेश करके अपनी ताकत बढ़ाई। हाल ही में अमेरिकी सरकार के प्रोजेक्ट स्टारगेट में ओरेकल की भूमिका ने उनकी संपत्ति में भारी उछाल लाया। ओरेकल में आज भी एलिसन 42.9 प्रतिशत हिस्सेदारी रखते हैं और कंपनी के चेयरमैन व मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी हैं।

### शुरुआती जीवन की संघर्ष भरी कहानी

लैरी को 9 महीने की उम्र में ही उनकी मां ने गोद दे दिया था, क्योंकि वे एक अविवाहित यहूदी महिला थीं। उनका पालन-पोषण शिकागो में रहने वाले रिश्तेदारों ने किया। कॉलेज की पढ़ाई बीच में छोड़कर उन्होंने कंप्यूटर प्रोग्रामिंग सीखी और एम्पेक्स कंपनी में नौकरी की। यहीं पर उन्होंने रिलेशनल डेटाबेस का कॉन्सेप्ट सीखा, जिसने ओरेकल की नींव रखी। उन्हें बिना डिग्री वाला अरबपति भी कहा जाता है, क्योंकि उन्होंने कभी कोई फॉर्मल डिग्री पूरी नहीं की।

### बिल गेट्स टॉप-10 से बाहर

माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स सूची से बाहर हो गए हैं। वह 116.5 अरब डॉलर के साथ अमीरों की सूची में 12वें पायदान पर पहुंच गए हैं। वहीं, एनवीडिया के मालिक जेनसेन हुआंग फोर्ब्स रियल टाइम बिलेनियर लिस्ट की ताजा रैंकिंग में टॉप-10 में एंट्री पा चुके हैं। 123.9 अरब डॉलर के नेटवर्थ के साथ जेनसेन हुआंग 10वें नंबर पर हैं।

## भारत के एनएसई और साइप्रस स्टॉक एक्सचेंज के बीच समझौता, निवेश-व्यापार को मिलेगा बढ़ावा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और साइप्रस के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए एक अहम कदम उठाया गया है। जिसके तहत भारत के नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और साइप्रस स्टॉक एक्सचेंज के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जिसके तहत दोनों देशों की कंपनियां एक दूसरे के स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध हो सकेंगी। इससे दोनों देशों के बीच वित्तीय रिसर्च और निवेश को बढ़ावा मिलेगा।



**समझौते से क्या होगा फायदा–** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एमडी और सीईओ आशीष कुमार चौहान ने बताया कि इस समझौते से यूरोपीय कंपनियों के भारत के साथ जुड़ाव में इजाफा होगा और निवेश भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि इससे दोनों देशों के रिश्तों में नए अध्याय की शुरुआत होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 जून को साइप्रस दौरे पर रहे। उस दौरान उन्होंने साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ बैठक की। इस बैठक में बैंकिंग, वित्तीय संस्थानों, विनिर्माण, रक्षा, रसद, समुद्री, शिपिंग, प्रौद्योगिकी और नवाचार जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर बात हुई।

**कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर हुई चर्चा–** साइप्रस की की निवेश फंड मैनेजर कंपनी ब्रह्र लिमिटेड ने बताया कि उन्होंने अपने फ्लैगशिप फंड में से 10 करोड़ डॉलर भारत में निवेश के लिए रखे हैं। इस पैसे को पब्लिक इक्विटीज, उभरती हुई तकनीक और मेक इन इंडिया पहल में निवेश किया जाएगा। बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि भारत आज तेजी से आर्थिक विकास कर रहा है। और दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत के नागरिक उड्डयन, बंदरगाह, जहाज निर्माण, डिजिटल भुगतान और हरित विकास क्षेत्रों में विकास ने साइप्रस की कंपनियों के लिए भारत के साथ साझेदारी करने के असंख्य अवसर खोले हैं।

## म्यूचुअल फंड निवेश में लखनऊ की बादशाहत, कानपुर, वाराणसी, आगरा और मेरठ भी कम नहीं

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कम समय में ज्यादा पैसा कमाने की चाह शहरियों में समय के साथ बढ़ती ही जा रही है। यही वजह है कि म्यूचुअल फंड में कानपुर का बंपर निवेश हो गया है, हालांकि यूपी में लखनऊ की बादशाहत बरकरार है। प्रदेश के अन्य महानगरों में भी




इसमें निवेश करने वालों का ग्राफ भी बढ़ा है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी ) के आंकड़ों ने भी इसकी तस्दीक की है। यूपी से म्यूचुअल फंड में अब तक तीन लाख 35 हजार 301 करोड़ का निवेश हो चुका है। इसमें कानपुर के 36091 करोड़ शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर प्रदेश की बात करें तो म्यूचुअल फंड में सबसे अधिक पैसा लखनऊ वालों ने लगा रखा है। मई तक राजधानी से 49806 करोड़ रुपये का निवेश हो चुका है। इस हिसाब से लखनऊ का योगदान 0.69 प्रतिशत है। दूसरे स्थान पर कानपुर रहा। देश के कुल म्यूचुअल फंड कारोबार में 0.50 प्रतिशत की भागीदारी कनपुरियों की रही।

# ईरान-इस्राइल युद्ध से वैश्विक व्यापार पर असर, 50 प्रतिशत बढ़ जाएगी माल ढुलाई लागत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ईरान-इस्राइल युद्ध ने वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं को और बढ़ा दिया है। इससे न सिर्फ भारत के निर्यात समेत वैश्विक व्यापार पर असर पड़ रहा है, बल्कि हवाई और समुद्री माल ढुलाई दरों के साथ बीमा शुल्क में भी बढ़ोतरी का भी जोखिम है। निर्यातकों का कहना है कि इस युद्ध के कारण यूरोप और रूस जैसे देशों को भारत का निर्यात प्रभावित हो सकता है। अगर युद्ध लंबे समय तक चलता रहा, तो ईरान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य एवं लाल सागर जैसे मार्गों के जरिये व्यापारिक जहाजों की आवाजाही प्रभावित होगी।

फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (फियो) के अध्यक्ष एससी रल्हन ने कहा, वैश्विक व्यापार की स्थिति धीरे-धीरे सुधर



रही थी, जो ईरान-इस्राइल तनाव बढ़ने से फिर से प्रभावित होगी। वहीं, मुंबई स्थित निर्यातक एवं टेक्नोक्राफ्ट इंडस्ट्रीज के संस्थापक अध्यक्ष एसके सराफ ने कहा, मालवाहक जहाज धीरे-धीरे लाल सागर के मार्गों पर लौट आए हैं। इससे भारत और एशिया के अन्य हिस्सों से अमेरिका एवं यूरोप जाने में 15-20 दिन की बचत हो रही है। इस युद्ध के कारण मालवाहन जहाज अब फिर से लाल सागर मार्ग का इस्तेमाल करने से बचेंगे।

सराफ ने आगे कहा, ईरान और इस्राइल के बीच युद्ध अगर एक सप्ताह से अधिक समय तक चलत रहा, तो माल ढुलाई की लागत करीब 50 फीसदी तक बढ़ जाएगी, जिसका बोझ व्यापारियों को उठाना पड़ेगा। भारत के व्यापार पर असर पड़ेगा, क्योंकि दोनों देश हमारे बड़े व्यापारिक साझेदार हैं।

### युद्ध लंबा खिंचा तो भारत पर ऐसे पड़ेगा असर...दोनों मार्गों से 34 फीसदी निर्यात

यूरोप के साथ भारत का करीब 80 फीसदी वस्तु व्यापार लाल सागर के जरिये होता है। अमेरिका के साथ भी काफी व्यापार इसी मार्ग से होता है। लाल सागर और होर्मुज जलडमरूमध्य इन दोनों भौगोलिक क्षेत्रों के जरिये भारत कुल 34 फीसदी निर्यात करता है। लाल सागर मार्ग से दुनिया के 30 फीसदी कंटेनर गुजरते हैं, जबकि 12 फीसदी वैश्विक व्यापार इसी रास्ते हो होता है।

भारत ने इस्राइल को 2024-25 में कुल 2.1 अरब डॉलर का निर्यात किया था, जो 2023-24 के 4.5 अरब डॉलर से आधा है। ईरान को होने वाला निर्यात 2024-25 में 1.4 अरब डॉलर रहा। अगर युद्ध लंबे समय तक जारी रहता है, तो भारत से दोनों देशों को होने वाला निर्यात प्रभावित होगा।इसका असर कुल व्यापार पर पड़ेगा।

# निवेश मंत्रा: अस्थिरता और तनाव के बीच हाइब्रिड फंड बन रहे आकर्षक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुधार के बावजूद इक्विटी बाजारों में हालिया अस्थिरता और सोने की रिकॉर्ड कीमतों के कारण निवेशक हाइब्रिड म्यूचुअल फंड की ओर आकर्षित हो रहे हैं। एम्फी के आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल में हाइब्रिड म्यूचुअल फंड में निवेशकों ने 14,247 करोड़ का शुद्ध निवेश किया, जबकि मार्च में 946 करोड़ की शुद्ध निकासी हुई थी। बाजार विशेषज्ञ हाइब्रिड म्यूचुअल फंड में वृद्धि का श्रेय बाजार की अनिश्चित स्थितियों को देते हैं। रूस-यूक्रेन संघर्ष बढ़ने के नए संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी टैरिफ को लेकर अस्पष्टता है। इस्राइल-ईरान तनाव पूरी दुनिया को चपेट में ले सकता है। ये कारक संभावित रूप से अस्थिरता का कारण बन सकते हैं, जो निवेशकों में मनोवैज्ञानिक भय पैदा करता है।इससे वे बाजार से बाहर निकल



जाते हैं।

**डेट, गोल्ड, रियल एस्टेट में निवेश बनाता है आकर्षक–** हाइब्रिड म्यूचुअल फंड इक्विटी, डेट, गोल्ड और रियल एस्टेट जैसी अन्य परिसंपत्ति वर्गों के संयोजन में निवेश करते हैं। इन संपत्तियों के बीच निवेश हाइब्रिड फंड के प्रकार के आधार पर अलग-अलग होता है। हाइब्रिड फंड एक पोर्टफोलियो में दो या उससे अधिक एसेट क्लास को मिलाते हैं, इसलिए वे बाजार में होने वाले सुधारों के प्रभाव को कम करते हुए विकास के अवसरों को भुनाने की कोशिश करते हैं।

**बड़े सूचकांकों की तुलना में अच्छा प्रदर्शन–** हाइब्रिड फंड व्यापक इंडेक्सों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करते हैं क्योंकि परिसंपत्तियों का मिश्रण होता है। हाइब्रिड फंड मूल्यांकन और अन्य बाजार संकेतकों के आधार पर इक्विटी और डेट एक्सपोजर को समायोजित करते हैं। यह गतिशील दृष्टिकोण नकारात्मक जोखिम को कम करने में मदद करता है। यही कारण है कि निवेशक हाइब्रिड फंड को प्राथमिकता देते हैं।

### हाइब्रिड फंड की स्कीमें देती हैं अच्छा फायदा

हाइब्रिड फंड के हालिया प्रदर्शन पर नजर डालें तो निवेशकों की दिलचस्पी का कारण स्पष्ट है। निप्पॉन इंडिया म्यूचुअल फंड इस चार्ट में सबसे आगे हैं। इसके बैलेंस्ड एडवांटेज फंड ने पिछले तीन वर्षों में 13.55 फीसदी रिटर्न दिया है, जबकि निप्पॉन इंडिया मल्टी एसेट एलोकेशन फंड ने इसी अवधि में 17.99 फीसदी रिटर्न दिया है। यह फंड सोने और चांदी जैसी कमोडिटी में भी निवेश करता है। कोटक म्यूचुअल फंड, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल और एसबीआई म्यूचुअल फंड जैसे हाइब्रिड फंड ने भी इसी अवधि में निवेशकों को 10 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न दिया है। ये फंड भी सोने में निवेश करते हैं, इसलिए कीमतों में हाल ही में हुई बढ़ोतरी ने हाइब्रिड म्यूचुअल फंड के प्रदर्शन में मदद की है।

# 9 जुलाई से पहले हो जाएगा काम! भारत और अमेरिका के बीच बन गई बात

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और अमेरिका के बीच एक व्यापार समझौता होने वाला है। इसे अर्ली ट्रेंच कहा जा रहा है। मतलब, ये समझौते का शुरुआती हिस्सा है। दोनों देश मिलकर इस समझौते के नियम और शर्तों को तय करने में लगे हैं। उम्मीद है कि 9 जुलाई से पहले ये समझौता हो जाएगा। 9 जुलाई को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कुछ चीजों पर लगने वाले टैक्स को हटाने वाले हैं।

टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक सरकार कुछ खास चीजों पर टैक्स में छूट देने को तैयार है। ये वो चीजें हैं जो अमेरिका भारत को बेचना चाहता है, जैसे कुछ कृषि उत्पाद और गाड़ियां। इसके बदले में भारत चाहता है कि अमेरिका कुछ चीजों पर सिर्फ 10 प्रतिशत टैक्स लगाए। ये वो चीजें हैं जो भारत बनाता है और दूसरे देशों को बेचता है, जैसे कपड़े, जूते और गाड़ियों के कुछ पार्ट्स। अभी अमेरिका में सरकार को व्यापार समझौते करने के लिए संसद की मंजूरी नहीं मिल रही है। इसलिए जीरो-ड्यूटी (मतलब कोई टैक्स नहीं) का नियम अभी लागू नहीं हो पाएगा। इसके लिए अमेरिका में हालात सामान्य होने का इंतजार करना होगा।

**भारत का क्या है प्लान–** भारत सरकार चाहती है कि जिन चीजों को भारत बनाता है, उन पर अमेरिका सिर्फ 10 प्रतिशत टैक्स




लगाए। इससे भारत के सामान की कीमत कम होगी और वो दूसरे देशों के मुकाबले ज्यादा बिकेंगे। अभी भारत कुछ चीजों पर 26 प्रतिशत तक टैक्स लगाता है। इसमें अमेरिका का 10 प्रतिशत टैक्स भी शामिल है। फिर भी, भारत के सामान दूसरे देशों के मुकाबले सस्ते पड़ते हैं।

भारत और अमेरिका के अधिकारियों ने 4 जून से 10 जून के बीच बातचीत की। इस बातचीत में कुछ और मुद्दों पर भी बात हुई। जैसे, खाने-पीने की चीजों और पौधों के लिए नियम और व्यापार में आने वाली तकनीकी दिक्कतें। भारत सरकार चाहती है कि अमेरिका में सामान बेचने वाले व्यापारियों को जो दिक्कतें आती हैं, उन्हें दूर किया जाए। इसके अलावा, डिजिटल व्यापार, कस्टम और व्यापार को आसान बनाने जैसे मुद्दों पर भी बात हुई।

**लिखित समझौता जरूरी–** सरकारी सूत्रों का कहना है कि भारत चाहता है कि समझौता होने से पहले उसका एक लिखित रूप तैयार हो जाए। ऐसा इसलिए जरूरी है क्योंकि अमेरिका की सरकार बिना लिखित समझौते के ही घोषणाएं कर देती है और फिर जीत का दावा करती है। चीन के अधिकारियों को भी ट्रंप के सोशल मीडिया पर किए गए दावों से परेशानी हुई थी। ब्रिटेन के साथ जो समझौता हुआ था, वो ज्यादा व्यवस्थित था।

**कई मुद्दों पर बात होनी बाकी–** कई मुद्दे हैं जिन पर अभी बात होनी बाकी है। जैसे, कुछ चीजों पर लगने वाले टैक्स को लेकर कोर्ट का फैसला। ट्रंप ने इसके लिए इमरजेंसी के नियम लागू किए थे। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए अर्ली ट्रेंच को फाइनल किया जाएगा। पहले ये समझौता सितंबर या अक्टूबर तक होने वाला था। भारत ये भी चाहता है कि अगर अमेरिकी कोर्ट टैक्स को गैरकानूनी घोषित कर दे, तो भी भारत को दूसरे देशों के मुकाबले फायदा मिले।

# स्पाइसजेट को 3 गुना मुनाफा, शेयर ऊंची उड़ान भरने के बाद जमीन पर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोमवार की सुबह जब शेयर बाजार खुला तो स्पाइसजेट के शेयरों में जबरदस्त उछाल देखने को मिला। कंपनी के शेयर शुरुआती कारोबार में 5 प्रतिशत तक चढ़ गए। ये उछाल एकदम से हुआ, जबकि बाकी बाजार शांत था, लेकिन जब मार्केट चहकने लगा तो स्पाइसजेट के शेयर शुरुआती सारी बढ़त गंवाकर लाल निशान पर गए। सवा 11 बजे के करीब यह 43.79 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। सुबह की उछाल के पीछे की कहानी यह है कि शनिवार को स्पाइसजेट ने मार्च खत्म हुए तिमाही के नतीजे घोषित किए थे, जो बेहद शानदार रहे। कंपनी ने अपना अब तक का सबसे ऊंचा तिमाही मुनाफा दिखाया 324.87 करोड़ का। यह पिछले साल की इसी तिमाही के मुकाबले लगभग तीन गुना ज्यादा था। ये उनकी लगातार दूसरी तिमाही थी जहां उन्होंने मुनाफा कमाया।

**सात साल में कंपनी का पहला सालाना मुनाफा–** साल भर का नजरिया डालें तो कहानी और भी दिलचस्प बनती है। पूरे साल में स्पाइसजेट ने 48 करोड़ का मुनाफा दर्ज किया। ये कोई मामूली बात नहीं है, क्योंकि ये पिछले सात सालों में कंपनी का पहला सालाना मुनाफा था। कंपनी के मैनेजमेंट ने इसे अपनी टर्नअराउंड स्ट्रैटेजी की कामयाबी बताया।




उनका कहना था कि ये सब यील्ड बेहतर होने, पैसेंजर लोड फैक्टर ऊंचा रहने और लागत कम करने की वजह से मुमकिन हुआ। नतीजतन, कंपनी की कमाई भी पिछली तिमाही के मुकाबले बहुत बढ़ी। यह 209 करोड़ से सीधे 527 करोड़ पर पहुंच गई।

**कार्लाइल एविएशन के साथ डील अहम–** इसी के साथ, कंपनी ने कार्लाइल एविएशन के साथ हुए डील के बारे में भी अपडेट दिया। ये डील काफी अहम है, क्योंकि इसमें स्पाइसजेट ने अपने एयरक्राफ्ट लीज के कर्ज को रीस्ट्रक्चर करने का रास्ता निकाला है, जो करीब 121 मिलियन डॉलर (लगभग 1,000 करोड़) का था।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 16-06-2025 21:56 Page 1



### भू-अर्जन संबंधी बैठक में

# मुआवजा भुगतान में तेजी लाने के निर्देश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में सोमवार को एनएच 75,फोरलेन पथ निर्माण, आरओआर, आरओबी एवं राज्य सरकार के सड़क निर्माण परियोजनाओं के प्रगति से संबंधी बैठक की।समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने एनएचएआई के विभिन्न परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण एवं मुआवजा भुगतान की समीक्षा की गयी।इस दौरान डीसी ने जिन-जिन प्रखंडों में सड़क निर्माण कार्य चल रहा है उन प्रखंडों में अवार्डी की संख्या, निर्गत एलपीसी समेत अन्य बिंदुओं पर समीक्षा की।इस दौरान उन्होंने संबंधित सभी सीओ को लाभुक को भुगतान करने में आ रही सभी अड़चनों को दूर करते हुए भुगतान में तेजी लाने की बात कही। एनएच 75 सेक्शन टू के फोरलेन पथ निर्माण में पाया गया कि विश्रामपुर अंचल अंतर्गत 367 अवार्डी है जिसके विरुद्ध 318 एलपीसी निर्गत किया जा चुका है।इसी तरह पड़वा के पांचों गांव में कुल 309 अवार्डी है जिसके विरुद्ध 279 एलपीसी निर्गत किया गया है। वहीं बैठक में बगैर दस्तावेजों के पहुंचे नवाबाजार सीओ के प्रति उपायुक्त ने नाराजगी प्रकट करते हुए आगे से सभी डॉक्यूमेंट के साथ बैठक में उपस्थित होने की बात कही।उन्होंने सभी संबंधित सीओ को जिला भू-अर्जन कार्यालय से बेहतर समन्वय में रहने की बात कही।उन्होंने कहा कि किसी भी अंचलाधिकारी स्तर से कार्य प्रभावित होने की स्थिति में निर्माण कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने सभी सीओ को रैयतों से वार्ता कर सभी तरह के कार्यों को ससमय निष्पादित करने की बात कही।इस अवसर पर अपर समाहर्ता कुंदन कुमार,जिला भू-अर्जन पदाधिकारी विजय केरकेट्टा समेत संबंधित सीओ उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित कंटेनर पलटा, बाल-बाल बचे चालक

**चौपारण (हजारीबाग)।** मौत की घाटी कहे जाने वाले दनुआ घाटी क्षेत्र में सोमवार शाम एक गंभीर हादसा टल गया, जब एक भारी कंटेनर वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हालांकि इस दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और वाहन का चालक सुरक्षित बच गया, जिससे राहत की सांस ली गई।

घटना के संबंध में बताया गया कि कंटेनर ओडिशा से कबाड़ लादकर उत्तर प्रदेश जा रहा था। जैसे ही वह वाहन घाटी के तीव्र और घुमावदार मोड़ पर पहुंचा, पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार वाहन ने अचानक ओवरटेक करने की कोशिश की। इस दौरान कंटेनर चालक संतुलन खो बैठा और भारी वाहन पलट गया।

दनुआ घाटी क्षेत्र अपनी खतरनाक ढलानों और तीखे मोड़ों के लिए जाना जाता है। पहले भी यहां कई जानलेवा हादसे हो चुके हैं। स्थानीय लोग एवं प्रशासन समय-समय पर इस मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता जताते रहे हैं।

# तालाब के किनारे अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोर

- लोग करते रहे विरोध
- प्रशासन पूरी तरह सतर्क

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चाईबासा।** नगर परिषद की ओर से सोमवार को शहर में अवस्थित थामसेन तालाब के किनारे-किनारे टीना शेड और पक्का मकान बनाकर अतिक्रमण किये लोगों के यहां बुलडोजर चलाकर बराबर कर दिया गया है।

झारखंड सरकार की गाइडलाइन के अनुसार कुछ तालाबों को सौंदर्यीकरण करना था, उसी में थामसेन तालाब भी शामिल है लेकिन, इस तालाब के किनारे-किनारे बने घरों के लोगों ने तालाब की जमीन पर अतिक्रमण कर रखा था, जिसके कारण सौंदर्यीकरण करने में बाधा उत्पन्न हो रही थी।

इसी को लेकर सोमवार को नगर परिषद की पूरी टीम बुलडोजर लेकर पहुंची और जगह की नापी कर ढहा दिया।

इस दौरान नगर परिषद की प्रशासक संतोषिनी मुर्मू व सदर अंचलाधिकारी उपेंद्र कुमार, अमीन सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

अतिक्रमण हटाने जैसे ही प्रशासनिक टीम पहुंची वैसे ही स्थानीय लोगों ने विरोध शुरू कर दिया लेकिन सुरक्षा की दृष्टि से महिला व पुरुष बल को बुला लिया गया था ताकि, किसी तरह की बाधा उत्पन्न नहीं हो।

बता दें कि लगभग एक माह पूर्व से ही थामसेन तालाब में अतिक्रमण किये 24 लोगों को नाम पर नगर परिषद कार्यालय की ओर से नोटिस दिया गया था और उनसे कहा गया था कि आप लोग 15 दिनों के अंदर अपना-अपना अतिक्रमण हटा लें ताकि, थामसेन तालाब को सौंदर्यीकरण के दौरान किसी तरह का बाधा उत्पन्न नहीं हो।

नोटिस देने के बावजूद किसी ने अपना-अपना अतिक्रमण नहीं हटाया और जैसे के तैसा बना रहा। आखिरकार नगर परिषद की टीम सक्रिय हुई और जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित कर अतिक्रमण किये लोगों के घरों पर बुलडोजर चलाकर सफाया किया गया।

अतिक्रमण हटाओ अभियान से कई लोग बेघर हुए है जिनके सामान सड़क पर पूरी तरह से बिखरा हुआ पड़ा था और उनके घर की छत चली जाने का पूरा मलाल था लेकिन, अवैध तरीके से अतिक्रमण किये तो प्रशासन के हाथ में भी कुछ नहीं था।

# ब्राउन शुगर के साथ युवक धराया



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** लोअर बाजार थाना की पुलिस ने 162 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ हिंदपीढ़ी निवासी गुलजार अली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि लोअर बाजार इलाके में एक युवक घूम-घूमकर ब्राउन शुगर बेचने का काम कर रहा है।

इस मामले में एक टीम का गठन किकया गया और खादगढ़ा टीओपी में तैनात भीम सिंह को आरोपित युवक को पकड़ने की जिम्मेदारी दी गई।पुलिस की टीम ने प्रधानमंत्री आवास इस्लामनगर के पीछे बने झोपड़पट्टी में छापामारी में की तो संदिग्ध परिस्थिति में स्कूटी पर सवार युवक को को पकड़ा गया। युवक से पूछताछ की गई।

युवकी की तलाशी ली गई तो उसके पास से ब्राउन शुगर बरामद हो गया। आरोपित ने पुलिस को बताया कि सासाराम में रहने वाले बबन साहू के पास से ब्राउन शुगर लाता है और वह खुद नशा करता है और ब्राउन शुगर बेचता है।

एक पुड़िया वह पांच सौ रुपये में बेचता है। पुलिस के द्वारा कुछ दिन पहले बबन साहू के बेटे सूरज साहू को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पुलिस ने आरोपित के पास से 42 हजार रुपये भी बरामद किया है।

आरोपित ने पुलिस को बताया कि वह जान पहचान वाले को ब्राउन शुगर देता था। एक स्थान पर रहकर नहीं बेचता था ताकि, वह पुलिस की पकड़ में नहीं आए।

आरोपित ने अपने कई साथियों का नाम पुलिस को बताया है जो ब्राउन शुगर का कारोबार करते हैं। पुलिस सभी का सत्यापन कर रही है ताकि, जल्द से जल्द इस मामले में अन्य लोगों की भी गिरफ्तारी हो पाए।

# बायोफ्लॉक तकनीक से जुड़ रहे युवा, बढ़ेगा मछली उत्पादन

### ईचागढ़ में बनेंगे चार नये बायोफ्लॉक तालाब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिले में बायोफ्लॉक तकनीक का इस्तेमाल कर किसान अब मत्स्य पालन की दिशा में कदम बढ़ाने लगे हैं। जिले के जिन युवाओं के पास अपना तालाब नहीं है, वैसे युवा भी अब अपने मछली पालन के सपने को साकार कर सकेंगे। 25 डिसमिल में एक तालाब का निर्माण किया जाएगा। जिले के सभी प्रखंडों के किसानों ने बायोफ्लॉक तकनीक से मछली पालन करने के लिए मत्स्य विभाग को आवेदन दिया है।

मत्स्य विभाग ने भी बायोफ्लॉक तकनीक से मत्स्य पालन के लिए करीब 200 तालाब के निर्माण के लिए केंद्र सरकार से मांग की है।

हालांकि, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत चार नए बायोफ्लॉक तालाब के निर्माण की अनुमति मिली है।

इसके तहत 56 लाख की लागत से चार नए बायोफलॉक तालाब ईचागढ़ प्रखंड के लेपाटांड में बनाए जाएंगे, जिससे मछली पालन को तकनीकी रूप से और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा। एक तालाब निर्माण में करीब 14 लाख की लागत आएगी।

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत बायोफ्लॉक तकनीक से सरायकेला के ईचागढ़ प्रखंड में एक तालाब का निर्माण किया गया है। इसमें समतल भूमि पर लोहे की जाली और प्लास्टिक लगाकर उसमें पानी भरा गया है।

साथ ही कुछ अन्य उपकरण लगाकर इस प्लास्टिक नुमा तालाब के पानी को तापमान और



ऑक्सीजन लेवल को मछली पालन के अनुरूप बनाया गया। तालाब के ऊपर प्लास्टिक का जाल भी बिछा दिया जाता है ताकि मछली तालाब से नहीं निकल पाए।

इस तकनीक के माध्यम से मछली पालन के लिए तालाब की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस तकनीक से मछली पालन में पानी की भी बचत होती है। इन प्लास्टिक नुमा तालाबों से मछलियों को निकालना भी आसान है। सिर्फ पानी निकाल देने से सारी मछलियां मिल जाएगी। बायोफ्लॉक तकनीक से मछली पालन के लिए ऊंचे दामों वाली मछलियों का ही पालन किया जाता है ताकि अधिक मुनाफा हो सके।

बायोफ्लॉक एक जीवाणु (बैक्टीरिया) का नाम है, जिसका इस तकनीक से मछली पालन में उपयोग होता है। इन तालाबों में पानी डालने, पानी निकालने और उसमें ऑक्सीजन लेवल, तापमान मछली के अनुकूल बनाए रखने की व्यवस्था होती है।

इन तालाबों में मछलियां जितना चारा (मछली का फीड) खाती हैं, उसका करीब 75 फीसदी मल के रूप में निकाल देती है। यह मल पानी में फैल जाता है, जिसे बायोफ्लॉक बैक्टीरिया प्रोटीन में बदल देता है। इसे फिर मछलियां खा जाती हैं। इससे एक-तिहाई फीड की बचत होती है और पानी भी साफ हो जाता है। इससे मछली पालन की लागत कम हो जाती है।

# पुलिस ने हापुड़ से दवा कारोबारी को दबोचा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** रांची की साइबर थाना की पुलिस ने हापुड़ में छापेमारी कर साइबर ठगी में शामिल दवा कारोबारी आसिफ को गिरफ्तार किया है। आरोपित कई राज्यों के साइबर गैंग से जुड़ा हुआ है। उसके खाते में पिछले महीने साइबर ठगी के 1.14 करोड़ रुपये आए थे। रांची पुलिस ने आरोपित को रिमांड मजिस्ट्रेट के न्यायालय में पेश किया। जहां से रिमांड मिलने के बाद पुलिस आरोपित को लेकर रांची के लिए निकल गई।

रांची पुलिस का कहना है कि जमशेदपुर के मानगो में रहने वाले प्रोफेसर प्रभात कुमार से बीस लाख रुपये की ठगी हुई थी। प्रभात कुमार को इंवेस्टमेंट कराने के नाम पर पैसा लिया गया था। प्रभात कुमार एनआईटी जमशेदपुर में केमेस्ट्री के प्रोफेसर हैं।

झारखंड के रांची जिले की साइबर थाना पुलिस शनिवार दोपहर हापुड़ पहुंची। रांची साइबर थाना के इंस्पेक्टर फागुनी पासवान ने कोतवाली में आमद कराई।

उसके बाद हापुड़ कोतवाली पुलिस के साथ मोती कॉलोनी में एक मेडिकल स्टोर पर छापामारी की। यह मेडिकल स्टोर भंडा पट्टी के रहने वाले आसिफ का है। सादे कपड़ों में पहुंची पुलिस ने आसिफ को गिरफ्तार किया। हापुड़ के साइबर थाना प्रभारी उपदेश सिंह के साथ उसको रिमांड मजिस्ट्रेट आदित्य जायसवाल के न्यायालय में पेश किया गया। वहां से रांची का रिमांड जारी कर दिया गया।

झारखंड साइबर थाना के इंस्पेक्टर फागुनी पासवान ने बताया कि आसिफ साइबर ठगी गैंग का सक्रिय सदस्य है। उसके खाते में साइबर ठगी के रुपये आते हैं। वहीं, आसिफ के नाम पर जारी मोबाइल नंबर का प्रयोग पांच राज्यों के साइबर ठग गैंग कर रहे हैं। उसके खाते में पांच मई को साइबर ठगी के 55 लाख रुपये ट्रांसफर हुए। सात मई को फिर से 59 लाख रुपये ट्रांसफर हुए। उसके मेडिकल स्टोर के करंट एकाउंट को रांची पुलिस ने फ्रिज करा दिया था।

# रथ यात्रा 27 जून को, रथ को दिया जा रहा आकर्षक रूप

- पचास हजार की भीड़ जुटने की संभावना
- 18 जून को विधायक करेंगे प्रशासनिक अधिकारियों संग बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चौपारण, हजारीबाग।** सियरकोनी स्थित जगरनाथ धाम से 27 जून को निकलने वाली रथ यात्रा की तैयारी जोरों शोरो से की जा रही है। आयोजक मंडली टोली बनाकर एक तरफ जहां गांव गांव में घूम कर लोगों को रथ यात्रा में आमंत्रित करने का कार्य कर रही है। वहीं दूसरी तरफ जिस रथ पर भगवान जगरनाथ, बलराम और बहन सुभद्रा विराजेंगे उसे आकर्षक व भव्य रूप प्रदान किया जा रहा है। रथ को एक भव्य और आकर्षक रूप देने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं ताकि यह उत्सव और भी यादगार बन सके।

आयोजकों ने बताया कि रथ यात्रा का आयोजन स्थानीय समुदाय की संस्कृति और परंपराओं को समर्पित है। इस बार यात्रा के लिए रथ को न केवल सजाया जा रहा है, बल्कि इसमें आधुनिक तकनीक और पारंपरिक कला का मेल भी दिखाने की योजना है। आयोजक समिति ने बताया कि रथ के सजावट में रंग-बिरंगे फूल, रोशनी और धार्मिक प्रतीकों का विशेष उपयोग किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य आयोजक कमिटी ने बताया कि यह रथ यात्रा हमारे सनातन के लिए गर्व और एकता का प्रतीक है। कहा कि हर व्यक्ति इस यात्रा का हिस्सा बनकर अपनी सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखे। इस बार की रथ यात्रा सभी के लिए एक अनोखा और भव्य अनुभव होगी।

रथ यात्रा को सफल बनाने के लिए आयोजक मंडली व स्वयंसेवकों की टीम लगातार काम कर रही है। सुरक्षा व्यवस्था को भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है ताकि सभी श्रद्धालु और दर्शक बिना किसी परेशानी के इस आयोजन का आनंद ले सकें। इस रथ यात्रा में भाग लेने वाले श्रद्धालु विभिन्न धार्मिक गीतों और भजनों के साथ उत्साहपूर्वक शामिल होंगे, जिससे माहौल और भी भक्तिमय होगा। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समृद्धि का भी संदेश देता है।

इस आयोजन में अध्यक्ष हरिश्चंद्र सिंह, संजय सिंह, रामचंद्र सिंह , राजदेव यादव, सुमन सिंह, सत्येंद्र सिंह , सियाराम सिंह, मुनेश्वर गुप्ता, अभिषेक सिंह, सतीश सिंह, विकास यादव, मुखिया प्रतिनिधि विनोद सिंह, कैलाश सिंह , रामचंद्र सिंह, दीपक सिंह , मुखिया संघ अध्यक्ष वीरेंद्र रजक, प्रमुख उदय राणा , मुखिया मोहन साहु , पप्पू रजक,जानकी यादव, प्रतिनिधि विनोद सिंह, ममता देवी,रेखा देवी,पंचायत समिति सदस्य विजय मद्धेशिया, पंचायत समिति सदस्य सर्वोत्तम पांडे सहित सभी पंचायत के जनप्रतिनिधि इटखोरी मयुरहंड तथा बरही ,पदमा, चंदवारा के सामाजिक धार्मिक कार्यकर्ता सहित सैकड़ो की संख्या में लोग दिन-रात घूम-घूम कर रथ यात्रा की सफलता का प्रचार प्रसार कर रहे हैं ।वहीं श्री जगन्नाथ मंदिर सियार कोनी की टीम डा केशवानंद के दिशा निर्देश पर वीरभद्र प्रभु के निर्देशन में गांव-गांव घूम कर भगवान के गीतों के साथ रथ यात्रा में शामिल होने का न्योता बांट रहे हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि इस बार रथ यात्रा में पिछली बार से अधिक भीड़ आएगी।

## विधायक ने जारी किया पोस्टर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चौपारण, हजारीबाग।** विधायक मनोज कुमार यादव ने तृतीय रथ यात्रा को लेकर विधिवत रूप से महा महोत्सव का पोस्टर जारी किया। साथ ही इस रथ यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए आम जनों से अपील की। उन्होंने कहा कि चौपारण की पहचान के रूप में यह रथ यात्रा पूरे राज्य में चर्चित है। रथ यात्रा के सफल संचालन के लिए उन्होंने कई तरह के दिशा निर्देश दिए। आयोजकों ने बताया कि 18 जून को विधायक मनोज कुमार यादव की उपस्थिति में प्रशासनिक अधिकारियों के संग वृहद बैठक पारिजात होटल में आयोजित की जाएगी। इसमें रथ यात्रा को लेकर सुरक्षा, आयोजन तथा सभी विषयों पर चर्चा की जाएगी।

विशेष कर जीटी रोड में जाम की स्थिति ना हो, इमरजेंसी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो तथा प्राप्त मात्रा में सुरक्षा बलों की मौजूदगी रहे इसके लिए वार्ता की जाएगी। साथ ही जीटी रोड बाजार में बन रहे सिक्स लेन प्रोजेक्ट के कारण होने वाली परेशानियों को दूर करने के लिए भी निर्माण कंपनी से वार्ता करने का लेकर भी चर्चा किया जाएगा। यह जानकारी प्रमुख आयोजक संजय सिंह , अभिषेक सिंह तथा मुखिया प्रतिनिधि राजदेव यादव ने दी।

# डीएलएसए के सचिव ने किया पदभार ग्रहण

### पीएलवी से मिल कार्य प्रणाली की ली जानकारी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राकेश रंजन ने रविवार को अपना पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात सोमवार को नए व पुराने पारा लीगल वोलेंटियर से परिचयात्मक मुलाकात की। उन्होंने पंचायत व थाने में डिप्यूट पारा लीगल वोलेंटियर से कार्य प्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने पारा लीगल वोलेंटियर से जानना चाहा कि संबंधित पंचायत के मुखिया व पंचायत सेवक के माध्यम से आम जरूरतमंदों का काम कराया है अथवा नहीं। उन्होंने विभिन्न थाने में डिप्यूट पारा लीगल वोलेंटियर से थाना प्रभारी व अन्य पुलिस पदाधिकारियों के साथ रिश्ते की बाबत पूछताछ की। पूछा कि पारा लीगल वोलेंटियर के कहने पर पुलिस पदाधिकारी जरूरतमंदों का कानूनी रूप से कार्य करते हैं अथवा नहीं। पारा लीगल वोलेंटियर का मोबाइल फोन नंबर सभी पुलिस पदाधिकारियों व मुखिया- पंचायत सचिव के पास है कि नहीं आदि -आदि जानकारी ली। उन्होंने कहा कि वे समय- समय पर क्षेत्र में विजिट करेंगे। उन्होंने पारा लीगल वोलेंटियर से निराश्रित बच्चों के लिए चलाए गए साथी कैंपेन के बारे में जानकारी ली। कहा कि सभी पारा लीगल वोलेंटियर निराश्रित बच्चों की खोज करें। साथ ही उन्हें सरकार की स्कीम से लाभांवित करने में महती भूमिका निभाएं। कहा कि पारा लीगल वोलेंटियर को थाने व पंचायत सचिवालय में बैठकर कोरम पूरा नहीं करना है बल्कि जरूरतमंदों को स्वयं आगे बढ़कर सहायता करनी है। साथ ही सरकार की योजनाओं को संबंधित पदाधिकारियों से मिलकर काम कराना जरूरी है। सभी पीएलवी पूरी तरह एक्टीव हो जाएं। कहा कि समय- समय पर नालसा व झालसा द्वारा निर्देशित कैंपेन व निदेशों को सही व बेहतर ढंग से किर्यांवित कराना पारा लीगल वोलेंटियर की जिम्मेवारी है।

# जल मीनार की सप्लाई पाइप की स्थिति जर्जर

### पानी हो रहा बर्बाद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़कागांव हजारीबाग।** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत चंदौल पंचायत के पुन्दोल गांव में संजय पासवान के घर के पास 2023-24 में लाखों रुपया खर्च से पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल हजारीबाग जल जीवन मिशन के तहत, सोलर आधारित लघुग्रामीण जलापूर्ति योजना हेतु जल मीनार का निर्माण संवेदक लोक इंटरप्राइजेज के द्वारा कराया गया है।

जल मीनार में निरंतर पानी तो चढ़ रहा है परंतु महज 2-4 घर को ही पानी सप्लाई हो पा रहा है। जबकि 30 से 35 घरों को पानी सप्लाई करना था। जिसे लेकर घर-घर नल भी लगाया गया है। परंतु अंडरग्राउंड पाइप कई जगह टूट गए हैं जिसके कारण पानी बाहर निकल कर बर्बाद हो जा रहा है। और कई जगह जमीन के अंदर ही पाइप दब गया है जिसके कारण पानी की सप्लाई आगे नहीं हो पा रहा है। जिसके कारण ग्रामीणों को पेयजल की घोर समस्या से जूझना पड़ रहा है। मामले को लेकर चंदौल पंचायत के उप मुखिया शमशेर अंसारी ने कहा कि जल निर्माण बने हुए महज 2 वर्ष हुए हैं। और खराब हुए 1 साल हो गए हैं। मात्र दो-चार घर में हीं पानी सप्लाई हो पा रहा है। संवेदक को कई बार बोलने के बाद भी ध्यान नहीं दे रहा है। जबकि जल मीनार का रख रखाव के लिए 5 वर्षों तक बेहतर ढंग से निरंतर संचालन के लिए संवेदक की जिम्मेवारी होती है। कहीं टूट-फूट हो, पाइप की मरमती हो इन सभी की जिम्मेवारी मरम्मत कराना संवेदक को करना होता है। जल्द मरम्मत नहीं हुआ और घर-घर पानी नहीं पहुंचा तो हम ग्रामीण डीसी से मिलकर शिकायत करेंगे।

# शिक्षा विभाग की बैठक में संबंधित विषयों पर हुई विस्तार से चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त आर. रॉनिटा ने की। बैठक में शिक्षा विभाग के सभी संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान विद्यालयों में छात्रों एवं शिक्षकों की उपस्थिति, विद्यालयों में पठन-पाठन, छात्रों के बीच ससमय छात्रवृत्ति एवं पोशाक वितरण, छुटे हुए बच्चों का आधार कार्ड निर्माण एवं बैंक खाता खोलने, रिक्त रसोईया के पद पर नियुक्ति, विद्यालय निरीक्षण रिपोर्ट एवं अन्य संबंधित विषयों पर विस्तार से समीक्षा की गई।

समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि विद्यालयों में सुचारू रूप से पठन पाठन सुनिश्चित किया जाए। छात्रों एवं शिक्षकों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा छात्रवृत्ति वितरण की प्रक्रिया को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया गया। विद्यालयी पोशाक, स्कूल बैग, पुस्तक एवं अन्य दिए जाने वाले लाभ सभी पात्र छात्रों तक सुनिश्चित करने को कहा गया। छूटे हुए छात्रों के बैंक खाते खोलने एवं इससे संबंधित प्रक्रियाओं को सरल बनाने के उपायों पर चर्चा किया गया। छुटे हुए छात्रों के आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। विद्यालयों में ससमय पहुंचकर शिक्षकों को बॉयोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज कर पठन पाठन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। वहीं ड्रॉप आउट बच्चों की विशेष सूची तैयार कर शिक्षकों को उन्हें विद्यालय आने हेतु प्रेरित करने का निर्देश दिया गया। जिससे ड्रॉप आउट बच्चों का पठन पाठन सुनिश्चित कराया जा सके। विद्यालयों में शत प्रतिशत बच्चों के एडमिशन/उपस्थिति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया।

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मेनू अनुसार मध्याह्न भोजन, समय पर छात्रवृत्ति जैसे छात्रों को दिए जाने वाले अन्य लाभ को लेकर दृढसंकल्पित है, सभी संबंधित पदाधिकारी, कर्मी एवं शिक्षक प्राथमिकता के आधार शिक्षा विभाग से जुड़े कार्यों को सम्पन्न करे, किसी भी परिस्थिति में कार्य में लापरवाही न बरतें। नियमित रूप से विद्यालयों में हो रहे पठन पाठन का सभी संबंधित अधिकारी जायजा लें। इस बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, एडीपीओ, बीइओ, बीपीओ, बीआरपी, सीआरपी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** समाहरणालय खूंटी स्थित सभागार में उपायुक्त आर. रॉनिटा की अध्यक्षता में विशेष केंद्रीय सहायता, जिला योजना अनाबद्ध निधि, डीएमएफटी, नीति आयोग, पीएम योजना समेत अन्य योजनाओं की प्रगति को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों से स्वीकृत योजनाओं के आलोक में संचालित कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा योजनाओं की वर्तमान स्थिति की गहन समीक्षा की। उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करें और कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने जिला परिषद एवं अन्य विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी विभाग आपसी समन्वय बनाते हुए योजनाओं को धरातल पर उतारें ताकि आम जनता को योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला योजना पदाधिकारी सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।



# यशस्वी जायसवाल के पास इतिहास रचने का मौका

## इंडिया-इंग्लैंडः राहुल द्रविड़-वीरेंद्र सहवाग का रिकॉर्ड तोड़ने के करीब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के स्टार बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराने और वीरेंद्र सहवाग और राहुल द्रविड़ जैसे दिग्गजों को पीछे छोड़ने के कगार पर हैं। टेस्ट क्रिकेट में 2023 में डेब्यू के बाद से ही यह युवा खिलाड़ी ने अपनी छाप छोड़ी है। उन्हें पहले से ही दुनिया के बेहतरीन युवा खिलाड़ियों में गिना जाता है। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज रिकॉर्ड बुक में अपना नाम और दर्ज करा सकता है। उसके पास टेस्ट में सबसे तेज 2000 रन बनाने वाले भारतीय बनने का सुनहरा मौका है।

### जायसवाल ने 52.88 के औसत से 1798 रन बनाए

जायसवाल ने फिलहाल 19 मैच की 36 पारियों में 52.88 के औसत से 1798 रन बनाए हैं। इसमें उनके नाम चार शतक और दस अर्द्धशतक हैं। अगर वह अगली तीन पारियों में 2000 रन का आंकड़ा पूरा करने में सफल हो जाते हैं, तो वह टेस्ट में भारत के लिए सबसे तेज 2000 रन बनाने के मामले में राहुल द्रविड़ और वीरेंद्र सहवाग को पीछे छोड़ सकते हैं। द्रविड़ और सहवाग दोनों ने 40 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी। ऐसे में जायसवाल के पास इंग्लैंड में आगामी सीरीज में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने का शानदार मौका होगा।

### इंग्लैंड में ओपनिंग करने की चुनौती आसान नहीं

यशस्वी जायसवाल के लिए इंग्लैंड की परिस्थितियों में ओपनिंग करने की चुनौती आसान नहीं होगी। दौरे की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अभ्यास मैच में चार पारियों में उन्होंने सिर्फ एक अर्धशतक बनाया। जायसवाल के साथ केएल राहुल पारी की शुरुआत कर सकते हैं, जिन्होंने दौरे की शुरुआत इंग्लैंड लायंस के खिलाफ शतक के साथ की थी और इंट्रा-स्क्वाड मैच में भी अर्धशतक बनाया था।

### विदेशी में जायसवाल का प्रदर्शन अच्छा

विदेशी में जायसवाल का प्रदर्शन अच्छा रहा है। वह बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में 10 पारियों में 43.44 की औसत से 1 शतक और 2 अर्द्धशतक की मदद से 391 रन बनाकर दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। भारतीय टीम उम्मीद करेगी कि वह अपना फॉर्म जारी रखें और इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन करें।

# 'प्रमुख भारतीय क्रिकेटर ने मुझे संन्यास लेने को कहा', करुण नायर के खुलासे ने मचाई सनसनी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज रोहित शर्मा और विराट कोहली के रिटायरमेंट के बाद इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टेस्ट टीम में करुण नायर की 7 साल बाद वापसी हुई। भारत-इंग्लैंड के बीच पहले टेस्ट मैच से पहले करुण नायर ने सनसनीखेज खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि भारत के एक प्रमुख क्रिकेटर ने उन्हें संन्यास लेने की सलाह दी थी। 2022 के घरेलू सत्र के बाद नायर को कर्नाटक ने सभी प्रारूपों से बाहर कर दिया। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने नॉर्थम्पटनशायर के साथ काउंटी चैंपियनशिप अनुबंध से वापसी करने से पहले लगभग 14 महीने तक कोई प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला। नायर ने खुलासा किया कि इस दौरान एक प्रमुख भारतीय क्रिकेटर ने उन्हें सलाह दी कि टी20 लीग पर ध्यान केंद्रित करने के लिए संन्यास लेने से उन्हें फाइनेंसियल सिक्योरिटी मिलेगी। नायर ने डेली मेल को दिए इंटरव्यू में बताया, मुझे अभी भी याद है कि एक प्रमुख भारतीय क्रिकेटर ने मुझे फोन करके कहा था कि तुम्हें संन्यास ले लेना चाहिए क्योंकि इन लीग में मिलने वाला पैसा मुझे सुरक्षित रखेगा। ऐसा करना आसान होता, लेकिन मुझे पता था कि पैसे की परवाह किए बिना, मैं इतनी आसानी से हार मानने के लिए खुद को कोसता। मैं फिर से भारत के लिए खेलने की कोशिश कभी नहीं छोड़ता। यह सिर्फ दो साल पहले की बात है और देखिए हम अब कहां हैं। यह पागलपन है, लेकिन अंदर से मुझे पता था कि मैं काफी बेहतर हूं।हाल ही में कैंटरबरी में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ इंडिया ए के मैच में शानदार प्रदर्शन करने के बाद नायर ने फिर से भारतीय टेस्ट टीम की प्लेइंग 11 में जगह बनाने के लिए अपना दावा मजबूत कर लिया है। नायर ने लायंस के खिलाफ दोहरा शतक जड़ा। यह इस साल उनका 5वां प्रथम श्रेणी शतक था।विदर्भ को रणजी ट्रॉफी खिताब दिलाने में करुण नायर ने अहम योगदान निभाया। नॉकआउट में उन्होंने 3 शतक लगाए। भारत के लिए 2016-17 के बीच छह टेस्ट मैचों में खेलने वाले नायर ने 374 रन बनाए। इसमें नौ साल पहले चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 303 रन की रिकॉर्ड तोड़ पारी भी शामिल है।

# खेल और सचिन के सहारे दंतेवाड़ा से दूर होगा नक्सलवाद, नक्सल प्रभावित क्षेत्र में बनेंगे 50 खेल मैदान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** 13 विभिन्न खेलों की सुविधाओं के साथ 20 खेल के मैदान विकसित किए गए हैं जिनमें रनिंग ट्रैक, गोला फेंक, भाला फेंक, चक्का फेंक, लंबी कूद, वॉल क्लाइंबिंग शामिल हैं। महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के फाउंडेशन और स्थानीय प्रशासन ने मिलकर ऐसी अनोखी पहले शुरू की है, जिससे छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा पर लगा नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्र का ठप्पा जल्द बीते दिनों की बात होगी। स्थानीय प्रशासन ने सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन और मान देशी फाउंडेशन के साथ मिलकर मैदान कप की शुरुआत की है। इसके तहत दंतेवाड़ा में खेल संस्कृति और प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए 50 खेल के मैदान विकसित किए जाएंगे। दंतेवाड़ा के कलेक्टर कुणाल दुदावत के मुताबिक इस परियोजना के तहत सामुदायिक भागीदारी से अब तक जिले में कम से कम 20 खेल के मैदान विकसित किए गए हैं और अक्टूबर तक 50 मैदान के लक्ष्य को हासिल कर लिया जाएगा। बीते वर्ष राज्य सरकार ने बस्तर क्षेत्र के दंतेवाड़ा और छह अन्य जिलों की खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया था। दुदावत ने बताया कि इसका उद्देश्य नक्सल प्रभावित और संवेदनशील जिलों की खेल प्रतिभाओं को खेलों के माध्यम से दुनिया से जोड़ना था। उन्होंने कहा, इसी तर्ज पर हमने सचिन फाउंडेशन और मान देशी फाउंडेशन के सहयोग से युवाओं को खेल के मैदान उपलब्ध कराने के लिए मैदान कप शुरू करने का फैसला किया।

# वीवीएस लक्ष्मण नहीं तो कौन!



## हेड कोच पर चौंकाने वाला खुलासा, सामने आया पूरा सच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण इन दिनों इंग्लैंड में मौजूद हैं, जो चर्चा का विषय बना हुआ है. दरअसल, टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर टेस्ट सीरीज के शुरू होने से पहले अपने घर वापस लौट आए हैं. उनकी मां नई दिल्ली के अस्पताल में भर्ती हैं. ऐसे में कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि वीवीएस लक्ष्मण को बतौर हेड कोच टीम इंडिया के साथ जुड़ा जा सकता है. लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है. यह खबर क्रिकेट प्रेमियों के बीच चर्चा का विषय बन गई है. लेकिन वीवीएस लक्ष्मण को लेकर अब एक बड़ा अपडेट सामने आया है.

### टीम इंडिया के हेड कोच पर बड़ा खुलासा

एक रिपोर्ट के मुताबिक, वीवीएस लक्ष्मण इंग्लैंड में हैं, लेकिन भारतीय टीम के आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए उनकी कोई औपचारिक नियुक्ति नहीं हुई है. हालांकि यह साफ नहीं है कि लक्ष्मण इंग्लैंड में किस उद्देश्य से गए हैं, लेकिन माना जा रहा है कि यह उनकी व्यक्तिगत यात्रा या क्रिकेट से संबंधित किसी दूसरी गतिविधि से जुड़ा हो सकता है. लक्ष्मण, जो वर्तमान में नेशनल क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के हेड हैं, वह कई बार टीम इंडिया के अंतरिम कोच के रूप में काम कर चुके हैं, लेकिन इस बार ऐसा मुश्किल माना जा रहा है. बीसीसीआई के एक सूत्र ने क्रिकबज को बताया, 'लक्ष्मण किसी अन्य उद्देश्य से इंग्लैंड गए हैं, भारतीय टीम के साथ किसी असाइनमेंट पर नहीं. वह लुसाने से लंदन गए हैं. एक दूसरे सूत्र ने कहा, 'लक्ष्य इंग्लैंड में जीतना है, और हो सकता है कि उन्होंने यहां मौजूद कोचों और चयनकर्ताओं से बात की हो, और शायद इंट्रा-स्क्वॉड गेम में भी शामिल हुए हों. लेकिन इस टीम के साथ उनकी कोई आधिकारिक भूमिका नहीं है.' वहीं, एक सूत्र ने कहा, 'वह स्विटजरलैंड गए और लंदन में बस लड़कों के साथ समय बिताने के लिए रुके. यह हमेशा उनकी योजना का हिस्सा था.'

### गौतम गंभीर की जल्द होगी वापसी

दोनों टीमों के बीच इस सीरीज का पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा. क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, गंभीर इस मुकाबले से पहले इंग्लैंड लौट सकते हैं. गंभीर के एक करीबी सूत्र ने क्रिकबज को बताया, 'वह निश्चित रूप से पहले टेस्ट से पहले टीम से जुड़ जाएंगे. उन्होंने अपनी मां की हालत के बारे में डॉक्टरों से सलाह ली है.

# बड़े-बड़े क्रिकेटरों से नहीं, तमिलनाडु के अपने साथी खिलाड़ी प्रेरित हैं साई सुदर्शन

**बेकेनहैम (यूके), एजेंसी।** लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट से पूर्व भारत के उभरते हुए बल्लेबाज साई सुदर्शन ने बताया कि कैसे तमिलनाडु के ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर उनके लिए प्रेरणा रहे हैं जिन्होंने उन्हें आगे बढ़ने और भारतीय टीम की जर्सी पहनने के लिए प्रेरित किया। 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पहला टेस्ट 23 वर्षीय सुदर्शन के टेस्ट करियर की शुरुआत कर सकता है जिन्होंने अब तक तीन वनडे और एक टी20आई में भारत का प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका में दो वनडे अर्धशतक शामिल हैं। हाल ही में उन्होंने गुजरात टाइटन्स के लिए इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान सबसे अधिक रनों के लिए ऑरेंज कैप और इमर्जिंग प्लेयर का पुरस्कार जीता जिसमें उन्होंने 16 पारियों में एक शतक और छह अर्धशतकों के साथ 759 रन बनाए।



सुदर्शन घरेलू क्रिकेट में सुंदर से जूनियर हैं, इस ऑलराउंडर ने 2016 में 17 साल की उम्र में अपना प्रथम श्रेणी डेब्यू किया था। सुदर्शन ने छह साल बाद 21 साल की उम्र में डेब्यू किया। आईपीएल स्टार बनने से पहले सुदर्शन ने तमिलनाडु प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन किया, जहां वह 30 पारियों में 56.65 की औसत, एक शतक और 13 अर्द्धशतक के साथ 1,303 रन बनाकर शीर्ष रन बनाने वालों में 10वें नंबर पर हैं। 2017 में एक किशोर के रूप में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले और 2021 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार ब्रिस्बेन टेस्ट के दौरान टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले सुंदर को आदर्श मानने के बारे में बात करते हुए सुदर्शन ने कहा कि 25 वर्षीय सुंदर की त्वरित प्रगति ने उनके लिए प्रेरणा और प्रेरक का काम किया। आधिकारिक वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में सुदर्शन ने कहा, जब मैं छोटा था, तब से ही वह मेरी प्रेरणा रहे हैं। मैंने उनके खिलाफ कुछ मैच खेले हैं, इसलिए यह हमेशा खास होता है। ईमानदारी से कहूं तो हमने उनसे बहुत प्रेरणा ली है। मैंने एक या दो बार (सुंदर के खिलाफ) अभ्यास किया है, जिस तरह से वह आगे बढ़े और जिस तरह से उन्होंने देश के लिए खेला, वह वाकई बहुत तेज था, इसलिए मैंने इसे अपने दिमाग में रखा।

## 5वां केयर्नस् कप शतरंज


# फिर जीती हंपी और हरिका




**सेंट लुइस,यूएसए, एजेंसी।** में चल रही दुनिया की सबसे मज़बूत महिला प्रतियोगिताओं में से एक केयर्न्स कप के चौंथे राउंड में भारत की दोनों महिला खिलाड़ी विश्व रैपिड चैम्पियन कोनेरु हम्पी और हरिका द्रोणावल्ली नें एक बार फिर से जीत दर्ज करते हुए खुद को पुन : सयुंक्त बढ़त में शामिल कर लिया है । हम्पी नें सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए कजक्सितान की बीबीसारा के खिलाफ सेमी स्लाव ओपनिंग में शुरुआत से दबाव बनाया और मात्र 35 चालों में अपनी जीत सुनिश्चित की ।इस जीत के साथ हम्पी लाइव रैंकिंग में एक बार फिर 2550 के पार पहुँच गयी है ।हरिका द्रोणावल्ली की दूसरी जीत जॉर्जिया की नंबर एक खिलाड़ी नाना दगनिडजे के खिलाफ आई और उन्होने काले मोहरो से खेलते हुए कुईं पान ओपनिंग में हाथी और ऊंट के एंडगेम में 47 चालों में जीत दर्ज की ।

# दो बच्चों की मां मारिया क्वींस क्लब टेनिस चैंपियन; डुप्लांटिस ने अपना विश्व रिकॉर्ड फिर तोड़ा

**लंदन, एजेंसी।** विंबलडन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर चुकीं विश्व नंबर 86 मारिया का इस टूर्नामेंट में प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में पूर्व विंबलडन विजेता चौथी वरीय एलीना रिबाकीना, तीसरे दौर में छठी वरीय कैरोलिन मुचोवा को पराजित किया। दो बच्चों की मां और बतौर क्वालिफायर टूर्नामेंट में खेलने वाली जर्मनी की 37 वर्षीय तात्याना मारिया ने प्रेरणा दायक प्रदर्शन करते हुए क्वींस क्लब टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। उन्होंने फाइनल में अमेरिका की अमांडा एनिसिमोवा को 6-3, 6-4 से पराजित किया। उन्होंने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता अमेरिका की मेडिसन कीज को 6-3, 7-6 से हराया था। मारिया बीते पांच वर्ष में किसी टूर्नामेंट का खिताब जीतने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। इससे पहले 2020 में सेरेना विलियम्स ने 38 वर्ष की उम्र में ऑकलैंड क्लासिक का खिताब जीता था। विंबलडन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर चुकीं विश्व नंबर 86 मारिया का इस टूर्नामेंट में प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में पूर्व विंबलडन विजेता चौथी वरीय एलीना रिबाकीना, तीसरे दौर में छठी वरीय कैरोलिन मुचोवा को पराजित किया। मारिया ने कहा कि वह इस खेल से प्यार करती हैं। वह इन क्षणों के लिए ही जी रही हैं। एनिसिमोवा ने कहा कि उनका परिवार बहुत प्यारा है। वह उनके बच्चों को हर जगह आते देखती हैं।



# महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 का पूरा शेड्यूल जारी




## टूर्नामेंट दो देशों के पांच प्रमुख स्थानों पर आयोजित किया जाएगा

| | |
|---|---|
| मंगलवार, 30 सितंबर – भारत बनाम श्रीलंका – बेंगलुरु | बुधवार, 15 अक्टूबर – इंग्लैंड बनाम पाकिस्तान – कोलंबो |
| बुधवार, 1 अक्टूबर – ऑस्ट्रेलिया बनाम न्यूजीलैंड – इंदौर | गुरुवार, 16 अक्टूबर – ऑस्ट्रेलिया बनाम बांग्लादेश – विजाग |
| गुरुवार, 2 अक्टूबर – बांग्लादेश बनाम पाकिस्तान – कोलंबो | शुक्रवार, 17 अक्टूबर – दक्षिण अफ्रीका बनाम श्रीलंका – कोलंबो |
| शुक्रवार, 3 अक्टूबर – इंग्लैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका – बेंगलुरु | शनिवार, 18 अक्टूबर – न्यूजीलैंड बनाम पाकिस्तान – कोलंबो |
| शनिवार, 4 अक्टूबर – ऑस्ट्रेलिया बनाम श्रीलंका – कोलंबो | रविवार, 19 अक्टूबर– भारत बनाम इंग्लैंड – इंदौर |
| रविवार, 5 अक्टूबर – भारत बनाम पाकिस्तान – कोलंबो | सोमवार, 20 अक्टूबर – श्रीलंका बनाम बांग्लादेश – कोलंबो |
| सोमवार, 6 अक्टूबर – न्यूजीलैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका – इंदौर | मंगलवार, 21 अक्टूबर – दक्षिण अफ्रीका बनाम पाकिस्तान – कोलंबो |
| मंगलवार, 7 अक्टूबर – इंग्लैंड बनाम बांग्लादेश – गुवाहाटी | बुधवार, 22 अक्टूबर – ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड – इंदौर |
| बुधवार, 8 अक्टूबर – ऑस्ट्रेलिया बनाम पाकिस्तान – कोलंबो | गुरुवार, 23 अक्टूबर – भारत बनाम न्यूजीलैंड – गुवाहाटी |
| गुरुवार, 9 अक्टूबर – भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका – विजाग | शुक्रवार, 24 अक्टूबर – पाकिस्तान बनाम श्रीलंका – कोलंबो |
| शुक्रवार, 10 अक्टूबर – न्यूजीलैंड बनाम बांग्लादेश – विजाग | शनिवार, 25 अक्टूबर – ऑस्ट्रेलिया बनाम श्रीलंका – इंदौर |
| शनिवार, 11 अक्टूबर – इंग्लैंड बनाम श्रीलंका – गुवाहाटी | रविवार, 26 अक्टूबर – इंग्लैंड बनाम न्यूजीलैंड – गुवाहाटी |
| रविवार, 12 अक्टूबर – भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया – विजाग | रविवार, 26 अक्टूबर – भारत बनाम बांग्लादेश – बेंगलुरु |
| सोमवार, 13 अक्टूबर – दक्षिण अफ्रीका बनाम बांग्लादेश – विजाग | बुधवार, 29 अक्टूबर – सेमीफाइनल 1 – गुवाहाटी/कोलंबो |
| मंगलवार, 14 अक्टूबर – न्यूजीलैंड बनाम श्रीलंका – कोलंबो | गुरुवार, 30 अक्टूबर – सेमीफाइनल 2 – बेंगलुरु |

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। महिला विश्व कप 30 सितंबर से शुरू होगा जिसमें मेजबान भारत श्रीलंका से पहला मुकाबला बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेलेगा। आठ टीमों का यह टूर्नामेंट राउंड-रॉबिन प्रारूप का होगा जिसमें शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। हुप्रतीक्षित फाइनल 2 नवंबर खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया अपना अभियान 1 अक्टूबर को इंदौर के होलकर क्रिकेट स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू करेगा। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण पाकिस्तान अपने सभी मैच कोलंबो, श्रीलंका में खेलेगा जो बीसीसीआई और पीसीबी द्वारा सहमत हाइब्रिड होस्टिंग मॉडल के तहत होगा। ऐसे में भारत सहित पाकिस्तान के साथ खेलने वाली टीमें कोलंबो जाएंगी, जो एक तटस्थ स्थल है। कोलंबो में 5 अक्टूबर को भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप स्टेज का सबसे प्रतीक्षित मुकाबला 5 अक्टूबर को खेला जाएगा।

संक्षिप्त समाचार

## एमसीडी के स्वीमिंग पूल में डूबकर 6 साल के बच्चे की मौत, मां-बाप की इकलौती संतान था तक्ष

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के पीतमपुरा स्थित एमसीडी के स्वीमिंग पूल में डूबने से छह साल के बच्चे की मौत हो गई। मृतक बच्चा अपने माता-पिता की इकलौती संतान था। वह पहली क्लास का छात्र था। मौर्या एंक्लेव थाना पुलिस ने इस संबंध में लापरवाही से मौत की धारा में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों ने स्विमिंग पूल संचालकों पर लाइफ गार्ड नहीं होने का आरोप लगाया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि छह साल का तक्ष राठी मां और नाना-नानी के साथ हैदरपुर की अम्बेडकर नगर कॉलोनी में रहता था। तक्ष के नाना लक्ष्मण ने बताया कि शुक्रवार सुबह तक्ष स्वीमिंग कॉस्ट्यूम लेकर नीचे के फ्लोर के 14 और 10 वर्षीय दो लड़कों के साथ तैरने गया था। वह अच्छा तैराक था। वह अपने साथ गए दोनों बच्चों और अन्य के साथ स्वीमिंग पूल में तीन फीट की गहराई में तैर रहा था। बच्चों ने बताया कि वे तक्ष के साथ स्वीमिंग पूल का एक चक्कर लगाकर वापस लौट रहे थे। तक्ष भी पीछे-पीछे तैर रहा था, लेकिन जब किनारे पर पहुंचे तो तक्ष वहां नहीं था। उन्होंने शोर मचाया और लाइफ गार्ड को बुलाया। लाइफ गार्ड ने बच्चे को निकाला और स्वीमिंग पूल के पीछे स्थित अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। हादसे की सूचना परिजनों को दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के बाद शनिवार को परिजनों को सौंप दिया है। बच्चे के नाना ने आरोप लगाया कि अगर मौके पर लाइफ गार्ड मौजूद होते तो यह हादसा नहीं हुआ होता। उन्होंने जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। मां के लिए इकलौता सहारा था – पुलिस अधिकारी ने बताया कि तक्ष की मां कीर्ति एक डांस टीचर हैं, जबकि पिता अजित कुमार निजी कंपनी में काम करते हैं। तक्ष के जन्म के कुछ समय बाद से ही दोनों में विवाद होने लगा और तलाक के लिए मुकदमा चल रहा है। आम आदमी पार्टी ने पीतमपुरा कम्युनिटी सेंटर में छह साल के बच्चे की डूबने से हुई मौत के लिए एमसीडी को जिम्मेदार ठहराया है। विपक्ष नेता अंकुश नारंग ने कहा कि हादसे के वक्त न लाइफ गार्ड था, न सुरक्षा उपकरण। एमसीडी ने निजीकरण तो किया, पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी की।

## दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर एक रनवे बंद, अनेक उड़ानें प्रभावित; 3 महीने होगी दिक्कत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल (आईजीआई) एयरपोर्ट के रनवे संख्या 28/10 पर रविवार से मरम्मत काम शुरू हो गया है। इसके चलते एक रनवे को बंद कर तीन रनवे से उड़ानों का संचालन किया गया। इसकी वजह से 12 अंतराष्ट्रीय और घरेलू उड़ानें रद्द रहीं और 100 से अधिक विमानों ने देरी से उड़ान भरी। दिल्ली एयरपोर्ट पर कुल चार रनवे से विमानों का परिचालन किया जाता है। रनवे संख्या 28/10 पर अप्रैल में मरम्मत का काम शुरू किया गया था, लेकिन हवा की दिशा बदलने से विमानों का परिचालन बहुत अधिक बाधित हो रहा था। इसके चलते मरम्मत कार्य को मई माह के पहले सप्ताह से बंद कर दिया था। अब फिर से मरम्मत कार्य शुरू किया गया है जो 15 सितंबर तक चलेगा। इसे कैट-3 सुविधा से लैस किया जा रहा है, जिससे कम दृश्यता में भी विमानों को उतारा जा सके। रविवार को मरम्मत कार्य शुरू होने के पहले दिन 22 अंतरराष्ट्रीय और 85 घरेलू विमानों ने देरी से उड़ान भरी। इस मरम्मत कार्य के चलते उड़ानों पर पड़ने वाले प्रभाव की जानकारी एयरलाइंस ने यात्रियों को ले रहे हैं। माना जा रहा है कि दिल्ली एयरपोर्ट के रनवे संख्या 28/10 की मरम्मत के काम में लगभग तीन महीने का समय लग सकता है और तब तक यह रनवे बंद रहेगा। यह काम 15 जून से शुरू हुआ है जो 15 सितंबर तक पूरा होगा। इसके चलते लगभग 114 विमानों की उड़ान को विभिन्न एयरलाइंस की ओर से रद्द किया गया है, जबकि लगभग 80 की उड़ान का समय बदला गया है। इसके बावजूद विमानों की उड़ान में देरी देखने को मिल सकती है। एयरपोर्ट प्रशासन की तरफ से यात्रियों को सलाह दी गई है कि वह उड़ान के समय को लेकर एयरलाइंस के संपर्क में रहें। बता दें कि दिल्ली एयरपोर्ट के रनवे संख्या 28/10 पर बीते अप्रैल माह में मरम्मत कार्य किया जा रहा था, लेकिन उस दौरान हवा की दिशा बदलने के चलते विमानों की उड़ान बहुत ज्यादा प्रभावित हो रही थी। एक तरफ जहां विमानों को उतरने में समय लग रहा था तो वहीं दूसरी तरफ इसका असर एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाले विमानों पर भी पड़ रहा था।

# सर्किल रेट में होगा बड़ा बदलाव, जमीन महंगी होगी या सस्ती

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दुनिया के ज्यादातर देशों में नागरिकों का सपना होता है कि देश की राजधानी में उनका अपना घर हो। भारत में भी दिल्ली-एनसीआर के आसपास रहने वाले और राजधानी में रहकर काम करनेवाले लोगों के मन में अपना घर खरीदने का सपना बना रहता है। ऐसे में लोगों की जमीन और संपत्तियों के दामों में दिलचस्पी बनी रहती है। अब हम दिल्ली की जमीनों के सर्किल रेट को लेकर बड़ा अपडेट लेकर आए हैं। दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार जमीन के सर्किल रेट में बड़ा बदलाव करने जा रही है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में सर्किल रेट में बड़े बदलाव के बाद राजधानी में जमीन खरीदना और महंगा हो जाएगा। आइए जानते हैं क्या चल रहा है। बीते दिनों दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की थी। इस बैठक में रेखा गुप्ता ने निर्देश दिया कि डिविजनल कमिश्नर के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया जाए और दिल्ली के भारी अंतर वाले अलग-अलग इलाकों के



सर्किल रेट की रिपोर्ट पेश की जाए। रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली के अलग-अलग बाजारों की स्थिति के हिसाब से वहां का सर्किल रेट कितना है, इसकी रिपोर्ट भी पेश की जाएगी। इस रिपोर्ट के बाद दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में सर्किल रेट में बदलाव किया जाएगा और संपत्तियां महंगी होने की संभावना है।

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता द्वारा की गई इस बैठक में दिल्ली-एनसीआर के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के साथ ही व्यापार को आसान बनाने पर चर्चा की गई। इस बैठक में सीएम के साथ कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, एमसीडी, दिल्ली विकास प्राधिकरण, दिल्ली मेट्रो रेल कार्पोरेशन, सहकारियों समितियों के रजिस्ट्रार और भारतीय उद्योग परिसंघ के कई प्रतिनिधि शामिल हुए थे। इस बैठक में दिल्ली की अनाधिकृत कॉलोनियों के विकास पर भी प्राथमिकता के साथ बात हुई। सीएम रेखा गुप्ता ने डीडीए और शहरी विकास विभाग को इन अनाधिकृत कॉलोनियों और उनके अधिकारों के साथ ही इनके रजिस्ट्रेशन पर एक विस्तृत रिपोर्ट पेश करने के लिए निर्देश दिया है।

# किडनैपिंग की झूठी कहानी से लेकर इंटरनेशनल सट्टा का खेल, थाईलैंड-दुबई तक फैले गिरोह का पर्दाफाश

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
ग्रेटर नोएडा के कासना कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम ने क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा लगवाने वाले गिरोह का रविवार को पर्दाफाश किया। ग्रेनो वेस्ट की दो अलग-अलग सोसाइटी से आठ सटोरियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपी ऐप के जरिये यह काम करते थे। यह गिरोह थाईलैंड और दुबई से चलाया जा रहा था।

ग्रेटर नोएडा के डीसीपी साद मियां खान ने बताया कि कासना कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम ने अलवर राजस्थान के दो युवकों के अपहरण की झूठी कहानी की जांच के दौरान अंतर्राष्ट्रीय सट्टा गिरोह का पर्दाफाश किया। पुलिस टीम ने ग्रेनो वेस्ट की व्हाइट आर्किड और राधा स्काई गार्डन सोसाइटी से आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान भीम, नारायण, ध्रुव, सन्नी, मुकीम, विशाल कुमार, हिमाशु दकान और सुखदेव सिंह के तौर पर हई। सभी मौजूदा समय में राधा स्काई गार्डन और व्हाइट



आर्किड सोसाइटी में रह रहे थे।

आरोपियों के पास से चार लैपटॉप, 26 मोबाइल, 16 सिम, दो रजिस्टर, फर्जी आधार कार्ड, दो चेक बुक, तीन पासबुक और एक पासपोर्ट समेत अन्य सामान बरामद किया गया। पुलिस का दावा है कि गिरोह के सदस्य रुद्रा क्रिकलिव ऐप का इस्तेमाल कर रहे थे। यह ऐप भारत में प्रतिबंधित है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों से पता चला कि यह लोग ऐप के माध्यम से लाइव क्रिकेट मैच में ओवर के दौरान बनाए जाने वाले रन स्कोर और विकेट पतन व हार जीत आदि को लेकर सट्टा लगाते हैं। ऐप में इनके व्हाट्सएप नंबर चालू रहते हैं। जिन लोगों को सट्टा खेलना होता है, वह इनके द्वारा दिए गए नंबरों पर व्हाट्सएप कॉल करते हैं। इनके द्वारा प्रति व्यक्ति को अलग अलग आईडी प्रदान की जाती है। इसी आईडी के माध्यम से लोग सट्टा खेलते हैं। यह पूरा काम लैपटॉप और मोबाइल फोन के माध्यम से अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर किया जाता है। डीसीपी साद मियां खान ने बताया कि इस गिरोह में अकाउंट का काम देखने वाले राजस्थान के रहने वाले भीम ने खुद के अपहरण की एक झूठी कहानी रची थी। दरअसल, कासना पुलिस को 12 जून को सूचना मिली कि दो युवकों का अपहरण कर लिया गया है।

# अरावली में बनाए थे अवैध बैंक्वेट हॉल, प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर सब साफ कर दिया

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
अरावली वन क्षेत्र में बने बैंक्वेट हॉल और अवैध निर्माण के खिलाफ चल रही तोड़फोड़ रविवार को भी जारी रही। बताया जा रहा है कि इस दौरान एक मंत्री और विधायक के अवैध बैंक्वेट हॉल समेत आठ पर वन विभाग का बुलडोजर चला। करीब छह घंटे तक अरावली में तोड़फोड़ चली। तोड़फोड़ के विरोध में अनंगपुर गांव के निवासियों ने सूरजकुंड रोड को जाम कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम खुलवा दिया। करीब 20 मिनट रोड जाम रहा।

पूर्व मंत्री महेंद्र प्रताप के बेटे विवेक प्रताप ने विरोध प्रदर्शन करने वालों का समर्थन करते हुए अनंगपुर चौक पर पहुंच गए। यहां उन्होंने तोड़फोड़ पर आपत्ति जताई। अनंगपुर गांव के निवासी तोड़फोड़ को गलत बता रहे थे और इन्होंने तोड़फोड़ की कार्रवाई में भेदभाव बरतने का आरोप भी लगाया। विरोध प्रदर्शन के चलते तोड़फोड़ की कार्रवाई के दोपहर करीब 3ः00 बजे शुरू हो पाई। पांचवें दिन आठ बैंक्वेट हॉल को तोड़ा गया गया। वन



विभाग के एक अधिकारी के मुताबिक, इसमें एक बैंक्वेट हॉल विधायक और बड़े राजनीतिक दल के मंत्री का है। वन विभाग और नगर निगम की संयुक्त टीम गांव अनंगपुर में बने बैक्वेंट हॉल सहित अन्य अवैध निर्माणों को तोड़ने के लिए सुबह 11ः00 बजे पहुंच गई थी। तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू होती कि इससे पूर्व ही ग्रामीणों ने सूरजकुंड रोड जाम कर दिया।

इस दौरान पुलिस ने लोगों को काफी समझाने का प्रयास किया,लेकिन कोई भी सुनने को तैयार नहीं था। ग्रामीणों ने करीब 20 मिनट तक रोड जाम किए रखा। इस दौरान राहगीरों को काफी परेशानी हुई। काफी वाहन चालक जाम न खुलता देख दूसरे मार्गों से अपनी मंजिल की ओर बढ़ गए। पुलिस के काफी समझाने के बाद सड़क आक्रोशित लोगों ने जाम खोल दिया। वर्ष 2021 में नगर निगम ने खोरी गांव स्थित अपनी जमीन पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की थी। यह कार्रवाई 22 दिनों तक चली थी। तोड़फोड़ से नाराज लोग एक सामाजिक संस्थान के सहयोग से सुप्रीम कोर्ट चले गए थे। सुप्रीम कोर्ट ने सर्वे कराने के आदेश दिए। इसके तहत वन विभाग ने करीब छह हजार अवैध निर्माणों को चिन्हित किया था और तोड़फोड़ क कार्रवाई की जानी थी। वन विभाग को अपनी तोड़फोड़ की कार्रवाई की रिपोर्ट अप्रैल में सुप्रीम कोर्ट में पेश करनी थी। अप्रैल की रिपोर्ट से सुप्रीम कोर्ट संतुष्ट नहीं था और तोड़फोड़ के लिए तीन महीने का समय देकर दोबारा से रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए थे। इसके तहत पांच दिनों से तोड़फोड़ की कार्रवाई की जा रही है। अबतक 40 से अधिक अवैध निर्माणों को तोड़ा जा चुका है। ग्रामीणों का आरोप है कि अरावली वन क्षेत्र में कई बड़े नामचीन शिक्षण संस्थान हैं, उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। यह प्रशासन के भेदभाव रवैये को दर्शाता है। लोग बार-बार बीच में आकर तोड़फोड़ की कार्रवाई को बाधित करने का प्रयास करते रहे।

इस दौरान पुलिस ने लोगों को बीच से हटाया उसके बाद बैंक्वेट हॉल तोड़े जा सकें। तोड़फोड़ की कार्रवाई के दौरान 300 से अधिक पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद रहे। पुलिसबल की मौजूदगी में जब कुछ लोगों ने प्रदर्शन किया तो उन्हें शांत करा दिया गया।

# इजराइल का अब ईरान के विदेश मंत्रालय पर अटैक : अब तक 224 की मौत

### ईरान का बैलिस्टिक मिसाइलों से पलटवार- 5 मरे, 67 घायल

**तेहरान/तेल अवीव, एजेंसी।**
ईरान और इजराइल के बीच चौथे दिन भी लड़ाई जारी है। इजराइल ने रविवार रात ईरान के विदेश मंत्रालय पर हमला किया। इसमें 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। इससे एक दिन पहले इजराइली सेना ने ईरानी रक्षा मंत्रालय पर भी हमला किया था। ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इजराइली हमलों में अब तक 224 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि 1,277 से ज्यादा घायल हुए हैं। वहीं, अमेरिका में स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स ग्रुप ने ईरान में 406 लोगों के मारे जाने का दावा किया है।

ईरान ने भी इजराइल पर पलटवार किया है। ईरान ने सोमवार सुबह सेंट्रल इजराइल में 4 बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। इसमें 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 90 घायल हुए। अब तक इजराइल में ईरानी हमलों में 20 लोग मारे गए हैं, जबकि करीब 500 घायल हुए हैं।

इजरायल ने बीते सप्ताह ईरान पर ताबड़तोड़ हमले किए थे। तड़के 3 बजे ही इजरायली मिसाइलें ईरान के परमाणु ठिकानों पर बरसीं और सेना प्रमुख समेत 20 टॉप सैन्य कमांडरों को मार डाला गया। इन हमलों के बाद इजरायल को लगा होगा कि शायद इससे ईरान दहशत में होगा और मजबूत जवाब नहीं दे सकेगा। लेकिन अब तक के हालात से अंदाजा लग रहा है कि शायद इजरायल गलत था। ईरान की भले ही टॉप मिलिट्री लीडरशिप हमले में मारी गई, लेकिन वह जल्दी ही उससे उबरता दिखा है। उसने रविवार रात को इजरायल पर जमकर हमले बोले।



यहां तक कि इजरायल की राजधानी तेल अवीव पर भी मिसाइलें बरसी हैं। सोमवार सुबह तेल अवीव में बसे इजरायली उठे तो चारों तरफ मलबा था। कई इमारतें जमींदोज हो गईं। चारों तरफ लोग खौफ में दिख रहे हैं और सुरक्षित ठिकानों की तलाश में हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक तेल अवीव में ही ईरान की 4 बलिस्टिक मिसाइलें गिरी हैं। बंकर में छिपी एक महिला ने बताया कि उसने नीचे से ही धमाकों की आवाज महसूस की। यह बहुत तेज थी और मिसाइलों के हमले के चलते इमारतें पल भर में धराशायी हो गईं। महिला ने बताया कि सुबह होने पर जब हम बाहर निकले तो डर रहे थे। हर कोई खौफ में था। यहां तक कि हम मलबे के बीच से होते हुए गुजरे तो लोगों ने नाक बंद कर रखी थी। इसकी वजह यह थी कि हमें डर था कि कहीं हम सांस लेते हुए बारूद ही न अंदर ले जाएं। करीब 10 इजरायलियों को अस्पताल ले जाया गया है और 4 लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा कई इमारतें गिरी हैं। इजरायलियों के घायल या हताहत होने की संख्या बढ़ सकती थी।

# ईरान-इजरायल संघर्ष में निर्णायक भूमिका निभा रहे ड्रोन, नई रणनीति से बदल जाएगा युद्ध का तरीका

**वाशिंगटन एजेंसी।**
पहले रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष के दौरान, और अब इजरायल और ईरान के बीच लड़ाई में भी ड्रोन की प्रभावी भूमिका स्पष्ट रूप से नजर आ रही है। आकार में छोटा, रडार की पकड़ से दूर और शक्तिशाली हमले करने में सक्षम - ये हमलावर ड्रोन आधुनिक युद्ध में एक बेहद प्रभावी हथियार बन गए हैं।

जब दुश्मन के इलाके के बहुत अंदर से ये लांच किए जाते हैं, जैसा कि इस महीने ईरान और रूस में हुआ, तो उनका प्रभाव और भी विनाशकारी होता है। दुश्मन के इलाके के अंदर से हमला करने वाले ड्रोन को रोकना एक सरप्राइज फैक्टर होता है क्योंकि इसमें आधुनिक तकनीक के साथ-साथ एक कुशल सैन्य रणनीति भी शामिल होती है।

**घातक ड्रोन बनाना रणनीति का हिस्सा:** अधिकारियों और हथियार विशेषज्ञों का कहना है कि जासूसी और गुप्त ऑपरेशन लंबे समय से युद्ध का हिस्सा रहे हैं। लेकिन, दुश्मन को हैरत में डालने एवं उनके दांत खट्टे करने के लिए घातक ड्रोन बनाना या तैनात करना युद्ध की निरंतर विकसित होती एक नई रणनीति का ही हिस्सा है।

ऐसा ही मामला दो सप्ताह पहले भी सामने आया था जब 40 से अधिक रूसी युद्धक विमानों को 117 ड्रोनों के झुंड ने



निशाना बनाया था। उन्हें यूक्रेन ने महीनों पहले रूस के सैन्य ठिकानों के पास गुप्त रूप से लगाया था। इनमें से कुछ यूक्रेन से हजारों मील दूर थे। ईरान में भी यही हुआ था। शुक्रवार को ड्रोन और अन्य हथियारों द्वारा उसके मिसाइलों, इंटरसेप्टर और वायु रक्षा प्रणालियों को ध्वस्त कर दिया गया।

इन ड्रोन को इजराइली खुफिया अधिकारी पहले से ही वहां तस्करी करके लाए थे। हालांकि, खुफिया जानकारी जुटाने के तरीकों और गुप्त सूचना के स्त्रोतों की सुरक्षा के दृष्टिगत गुप्त अभियानों को कैसे अंजाम दिया गया, इसके बारे में कई विवरण अभी भी अस्पष्ट हैं। लेकिन, इजरायल के दृष्टिकोण ने उसे ईरान के खिलाफ अपने व्यापक हमले में बढ़त दिलाई।

# यूक्रेन जंग में उ कोरिया का नुकसान, गंवाए हजारों सैनिक

**मास्को, एजेंसी।** रूस और यूक्रेन के बीच बीते 3 सालों से जारी जंग में उत्तर कोरिया की एंट्री ने सबका ध्यान खींचा था। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने अपने दोस्त पुतिन की मदद के लिए हजारों उत्तर कोरियाई सैनिकों को रूस की ओर से लड़ने के लिए भेजा था। अब हाल ही में यह खबर सामने आई है कि उत्तर कोरिया को जंग में भारी नुकसान पहुंचा है। ब्रिटिश डिफेंस इंटेलीजेंस ने हाल ही में दावा किया है कि यूक्रेन में रूसी सेना की ओर से लड़ रहे हजारों उत्तर कोरियाई सैनिक हताहत हुए हैं। इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि रूस यूक्रेन जंग में कम से कम 6000 उत्तर कोरियाई सैनिक या तो मारे गए हैं, या इनमें से कुछ मारे गए और कुछ घायल हुए हैं। बता दें कि किम जोंग अब तक अपने 11 हजार से ज्यादा सैनिकों को रूस भेज चुके हैं। इनमें से आधे सैनिकों के हताहत की होना किम जोंग के लिए अच्छी खबर नहीं है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यह आंकड़े साझा किए हैं। इस दौरान यह भी कहा गया है कि किम जोंग ने हाल ही में अन्य सैनिकों को भी रूस भेजा है। बताया गया कि उत्तर कोरियाई सैनिकों को सबसे ज्यादा नुकसान कुर्स्क के रूसी ओब्लास्ट में हुआ है, जहां यूक्रेनी सैनिकों के खिलाफ लड़ते हुए सैंकड़ों सैनिक घायल हो गए। हालांकि इन सब के बीच भी पुतिन को उ कोरिया का पूरा साथ है। किम जोंग ने हाल ही में पुतिन को एक खास संदेश भेजा है। उत्तर कोरिया के तानाशाह ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को एक संदेश में कहा कि उत्तर कोरिया हमेशा रूस के साथ खड़ा रहेगा।

# ग्रीनलैंड को बेचा या छीना नहीं जा सकता, ट्रंप की मंशा पर फ्रांस के राष्ट्रपति की दो टूक

**नूक (ग्रीनलैंड) , एजेंसी।**
फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों जी7 देशों के शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए कनाडा जाने से पहले ग्रीनलैंड की राजधानी नूक पहुंचे। जहां उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के द्वारा ग्रीनलैंड पर नियंत्रण करने की इच्छा पर दो टूक जवाब दिया। राष्ट्रपति मैक्रों ने जोर देते हुए कहा कि ग्रीनलैंड को ना ही बेचा जा सकता है और न ही छीना जा सकता है।

उन्होंने कहा कि सीधी बात ये है कि फ्रांस और यूरोपीय संघ के सभी लोग मानते हैं कि ग्रीनलैंड बिकाऊ नहीं है और इसे कोई जबरन नहीं ले सकता। मैक्रों के इस बयान को स्थानीय लोगों ने तालियों से स्वागत किया। बता दें कि जी7 देशों के शिखर सम्मेलन में भाग लेने से पहले ग्रीनलैंड की राजधानी नूक पहुंचे मैक्रों का डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन और ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेन्स-फ्रेडरिक नीलसन ने जोरदार स्वागत किया।

राष्ट्रपति मैक्रों ने आगे कहा कि ग्रीनलैंड की स्थिति यूरोप के लिए एक चेतावनी है। मैं साफ-साफ कहना चाहता हूं कि आप अकेले नहीं हैं। फ्रांस और यूरोप आपके साथ हैं। इसके साथ ही जब मैक्रों से पूछा गया कि अगर राष्ट्रपति ट्रंप ग्रीनलैंड पर सैन्य कब्जा करने की कोशिश करें तो क्या फ्रांस मदद करेगा?



तो इस बात के जवाब में मैक्रों ने इस सवाल से बचते हुए कहा कि मैं सार्वजनिक रूप से इस तरह के काल्पनिक सवालों पर टिप्पणी नहीं करूंगा, क्योंकि मैं नहीं मानता कि हमारा मित्र और सहयोगी अमेरिका किसी दूसरे सहयोगी के खिलाफ आक्रामक कदम उठाएगा। देखा जाए तो इस बयान के जरिए मैक्रों ने अमेरिका को स्पष्ट संकेत दिया है कि यूरोप ग्रीनलैंड को लेकर किसी भी दबाव या दखलअंदाजी को स्वीकार नहीं करेगा।

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने हाल के महीनों में यूरोपीय संघ में फ्रांस की भूमिका को मजबूत करने की कोशिशें तेज कर दी हैं। उन्होंने खुद को यूरोप के नेता के तौर पर पेश किया है, खासकर ऐसे समय में जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यूक्रेन को दिए जा रहे समर्थन पर सवाल उठा रहे हैं। मैक्रों ने हाल ही में पेरिस में एक सम्मेलन बुलाया जिसमें कई यूरोपीय देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में यूक्रेन संकट और यूरोप की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। ग्रीनलैंड की यात्रा के दौरान रविवार को मैक्रों से डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन और ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेन्स-फ्रेडरिक नीलसन ने एक डेनिश हेलिकॉप्टर कैरियर पर मुलाकात की। यह बैठक इस बात का संकेत थी कि फ्रांस आर्कटिक क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर गंभीर है। इसके बाद तीनों नेता तेजी से पिघल रहे एक ग्लेशियर पर भी गए। वहां उन्होंने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को देखा और साथ ही आर्थिक विकास, कम-कार्बन ऊर्जा और महत्वपूर्ण खनिज संसाधनों पर चर्चा की। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ग्रीनलैंड पर निगाहें कोई नई बात नहीं है। जहां पिछले हफ्ते भी अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने संकेत दिया कि पेंटागन ने जरूरत पड़ने पर ग्रीनलैंड और पनामा पर बलपूर्वक नियंत्रण पाने की योजनाएं बनाई हैं। हालांकि, जब उनसे कांग्रेस की सुनवाई में इस पर सवाल किए गए तो उन्होंने स्पष्ट जवाब देने से इनकार कर दिया।

# पदाधिकारी-कर्मियों का बनेगा पहचान पत्र : उपायुक्त



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय एवं विभिन्न विभागों के कार्यालयों में कार्यरत कर्मियों की पहचान एवं कार्यस्थल पर अनुशासन बनाएं रखने के उद्देश्य से उपायुक्त अजय नाथ झा ने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के लिए पहचान पत्र (आइ कार्ड) निर्माण को लेकर नजारत उप समाहर्ता (एनडीसी) को जरूरी दिशा - निर्देश दिया हैं।

**कलर कोडिंग के आधार पर तैयार होंगे पहचान पत्र**

कार्डों को वगीर्कृत और आसानी से पहचाने जाने योग्य बनाने हेतु कलर कोडिंग प्रणाली लागू की जा रही है। इस प्रणाली के अंतर्गत रेड (लाल) रंग का आइडी कार्ड - सीनियर पदाधिकारियों को प्रदान किया जाएगा। ब्लू (नीला) रंग का आइडी कार्ड - अन्य पदाधिकारियों को दिया जाएगा एवं ग्रीन (हरा) रंग का आइडी कार्ड - कर्मचारियों/सामान्य स्टाफ के लिए निर्धारित किया गया है। इस वर्गीकरण का उद्देश्य कार्यस्थल पर त्वरित पहचान सुनिश्चित करना तथा सुरक्षा मानकों को और अधिक सुदृढ़ करना है।

**कार्यालय में पारदर्शिता और सुरक्षा व्यवस्था होगी मजबूत**

उपायुक्त ने कहा कि यह कदम जिला प्रशासन में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और कार्य दक्षता को बढ़ावा देगा। साथ ही, कार्यालय में आगंतुकों एवं आंतरिक कर्मचारियों के बीच स्पष्ट पहचान प्रणाली लागू होने से सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

# बिरसा सिंचाई कूप से अब किसान कर रहे हैं पूरे वर्ष खेती

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में जहां एक ओर महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गरांटी योजना (मनरेगा) के जॉब कार्डधारियों को 100 दिनों का रोजगार देने का काम किया जा रहा है। वहीं, मनरेगा योजना के तहत बने बिरसा सिंचाई कूप का लाभ क्षेत्र के किसानों को मिल रहा है। क्षेत्र के किसान मनरेगा योजना से बने सिंचाई कूप से अपने खेतों में पूरे वर्ष सिंचाई कर पा रहे हैं। इससे उनकी आजीविका भी बढ़ रही है एवं वह आर्थिक रूप से समृद्ध भी हो रहे है। जहां कभी सिंचाई की सुविधा नहीं हो पाने की परिस्थिति में एक से अधिक फसलें नहीं हो पाती थी उसमें अब रबी व खरीफ फसलों के साथ - साथ बहुतायत मात्रा में सब्जियों की खेती हो पा रही है। सब्जी की पैदावार होने से वे किसान अब नकद मुनाफा भी कमा पा रहे हैं। किसानों की जो जमीनें फसल उगा पाने के लिए बारिश का इंतजार



करती थी, उन जमीनों में आज एक से अधिक फसल का उत्पादन हो रहा है। किसान उन खेतों में सब्जियां उगा रहे हैं, जिससे उन्हें रोज आमदनी हो रही है। इससे किसान सशक्त हो रहे हैं।

**क्या कहते हैं किसान**

चंदनकियारी प्रखंड के लालपुर पंचायत निवासी दिनेश कुमार माहथा अपने खेत में बने सिंचाई कूप से खेतों की बेहतर ढ़ंग से सिंचाई कर पा रहे हैं और उससे लाभान्वित भी हो रहे हैं। पहले खेतों की सिंचाई के लिए पानी की काफी समस्या होती थी, जिससे वे एक से अधिक फसलों का उत्पादन भी नहीं कर पाते थे। जिस कारण से उनकी आमदनी भी प्रभावित होती थी। वित्तीय वर्ष 2023 - 24 में बिरसा सिंचाई संवर्धन योजना के तहत लगभग 3 लाख 96 हजार रुपये की लागत से सिंचाई कूप का निर्माण उनके खेत में कराया गया। इसके लिए ग्राम सभा से सर्वसम्मति से सिंचाई कूप निर्माण पारित भी हुआ। मनरेगा के मजदूरों के द्वारा सिंचाई को निर्माण में



कार्य भी हुआ। जिसके बाद लाभुक को सिंचाई कूप उपलब्ध हो गया। सिंचाई कूप बनने के बाद खेतों की सिंचाई हेतु पानी की समस्या समाप्त हो गयी। अब लाभुक अपने खेत में गेहूं, धान के अलावा सब्जियों में आलू, प्याज, टमाटर, बैगन, लहसुन, मिर्च, खीरा इत्यादि का उत्पादन कर पा रहा है। इससे आर्थिक सहयोग भी मिल रहा है। प्रति वर्ष 50 - 60 हजार रुपए की वार्षिक आय हो रही है। चंदनकियारी प्रखंड के लालपुर पंचायत के ही सोमनाथ बनर्जी ने कहा कि उनके पास जमीन तो थी परंतु सिंचाई का कोई साधन नहीं होने के कारण काफी समस्या होती थी। उनके खेत पहले पानी की कमी से सूखे रहते थे, सिंचाई की कोई आसान सुविधा नहीं थी, तो बारिश के पानी पर ही निर्भर रहना पड़ता था। इसके बाद मनरेगा के द्वारा उनकी जमीन पर बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत सिंचाई कूप का निर्माण कराया गया। अब जो खेत बरसात के अलावा बाकी समय सूखे पड़े रहते हैं, उनमें आज फसल लहलहा रही है। अब वे पूरे वर्ष खेती कर रहे हैं। वह अभी लगभग डेढ़ एकड़ की जमीन में झिंगली, करेला, भिंडी व मकई की खेती कर रहे हैं। बेहतर सिंचाई होने के कारण फसलों की अच्छी पैदावार भी हो रही है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति अब मजबूत हो रही है।

**वर्जन**

मानसून आने वाला है, ऐसे में अपूर्ण बिरसा सिंचाई कूप निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को तेजी लाने का निर्देश दिया है। योजना के तहत जो किसान पूरे वर्ष सिंचाई कर आर्थिक रूप से समृद्ध और सशक्त बन रहे है। दूसरे किसानों को भी इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने, उन्हें समृद्ध करने के दिशा में सतत काम कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### निषिद्ध मादक पदार्थों के प्रति जागरूकता को नुक्कड़ नाटक

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बाल विकास परियोजना, चास ग्रामीण के तत्वावधान में निषिद्ध मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से चास प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक और शपथ ग्रहण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस क्रम में जोधाडीह और भवानीपुर साइट, चास में नुक्कड़ नाटक एवं सामूहिक शपथ ग्रहण



कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्थानीय लोगों, किशोरियों एवं युवाओं ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों को जन-जन तक पहुँचाया गया तथा उपस्थित सभी लोगों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। इसी कड़ी में शिवपुरी कॉलोनी और तेलीडीह बस्ती, चास में भी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। कलाकारों द्वारा मंचित नाटकों के माध्यम से यह बताया गया कि मादक पदार्थों की लत व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और समाज को कैसे प्रभावित करती है और इससे कैसे बचा जा सकता है। कार्यक्रम का उद्देश्य विशेषकर किशोर-किशोरियों, महिलाओं एवं युवा वर्ग को नशे के खिलाफ जागरूक करना तथा उन्हें एक स्वस्थ, नशामुक्त जीवन की दिशा में प्रेरित करना है।

### बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ बीएसएल के खिलाफ करेगा आंदोलन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आश्रित, विस्थापित, अप्रेंटिस, दुकानदार, रिटायर कमीयी, लीजधारियो एवं खटालवासियो सहित सभी की मांगो को बी एस एल प्रबंधन को पूरा करना होगा नही तो हमलोग आंदोलन



तेज करेगे। उक्त बातें महामंत्री सह मजदूर नेता सुमन सिंह ने बैठक के दौरान कही है। बिमारी से ग्रस्त पिता की जगह नियोजन एक वर्ष मे अनिवार्य करना एंव जबरन नौकरी ने निकालने की कोशिश पर आक्रोश व्यक्त किया गया। टू टैंक गार्डन मे बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ यूनियन की बैठक संजय कुमार की अध्यक्षता मे हुई। बैठक मे यूनियन के पदाधिकारीयो ने अपनी बातें रखीं। बैठक में ओमप्रकाश तिवारी,निवारण प्रसाद महतो,मिथिलेश पाल सिंह,बिनोद सिंह यादव,मनोज महतो,शंभू सिंह यादव, इंदू तिवारी,श्रवण कुमार झा,सुमित सिंह, नारायण महतो तथा श्याम कुमार, विशेश्वर बम,मनोज कुमार, महेश्वर पाठक, उमाशंकर प्रसाद, उदय सिंह आदी दर्जनभर मजदूर उपस्थित रहे।

### भारतीय इस्पात कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी समिति भंग : प्रेम कुमार

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय इस्पात कर्मचारी संघ के कार्यकारिणी समिति ( 2022-2025) की बैठक संघ के प्रधान कार्यालय मे हुई, जिसकी अध्यक्षता संयुक्त सचिव शम्भु कुमार ने की। संघ के महासचिव




प्रेम कुमार ने वर्ष (2022-2025)के निर्वाचित कार्यकारिणी समिति को भंग करने का प्रस्ताव समिति के समक्ष रखा, जिसे उपस्थित सभी सदस्यों ने एक मत से पारित कर दिया और चुनाव आगामी 10 अगस्त को चुनाव कराने का निर्णय लिया गया' चुनाव होने तक प्रेम कुमार को महासचिव पद पर बने रहने और चुनाव की प्रक्रिया का संचालन की जिम्मेदारी दी गई। बैठक मे मुख्य रूप से संयुक्त सचिव सुरेंद्र महतो, मुकेश कुमार, सचिव सुशील कुमार,, उपाध्यक्ष दिनेश मांझी, मनोज कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष सुशील कुमार सिंह, अधिशासी अमित सिन्हा, दिलीप कुमार, राकेश कुमार,दुर्गा प्रसाद मुर्मू, दुर्गा मांझी, अशोक कुमार शर्मा,कमलेश कुमार, राजेंद्र महतो शामिल थे।

### सहकर्मी के खिलाफ महाप्रबंधक से महिला कर्मी ने की शिकायत

**धनबाद/भौंरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बीसीसीएल के पूर्वी झरिया क्षेत्र में कार्यरत एक महिला कर्मी ने क्षेत्र के महाप्रबंधक को पत्र लिखा कर एक कर्मी के ऊपर अश्लील हरकत व अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। महिला कर्मी ने अपने पत्र में कहा कि उसका एक सह कर्मी विगत कुछ दिनों से कार्य स्थल पर बराबर आ जाता है और सामने बैठ कर अश्लील गाना बजाता है,। गन्दी नजरों से देखता है। और कहता है कि तुमको मेरी हर बात माननी होगी। नहीं तो तुमको महाप्रबंधक से बोल कर सस्पेंड करा देगे। कहा कि उक्त कर्मी क्षेत्रीय कार्यालय में भी कार्यरत महिला कर्मियों से गद्दी हरकत व भद्दी भाषा में कुछ भी बोल देता है। महिला कर्मी ने क्षेत्र के महाप्रबंधक से आग्रह किया है कि मुझे उक्त स्थान से हटा दिया जाए ताकि अपना मान समान व इज्जत की रक्षा कर सकें।

# उपायुक्त ने की मत्स्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रंजन ने आज मत्स्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024 - 25 के लिए धरती आबा जनजातीय ग्रामीण उत्कर्ष अभियान के तहत प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध लाभुकों का चयन, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023 - 24 के चयनित लाभुक का प्रतिस्थापन की समीक्षा की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2025 - 26 के लिए धरती आबा जनजातीय ग्रामीण उत्कर्ष अभियान के कार्य योजना का प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत सक्रिय मत्स्य पालकों का ग्रुप एक्सीडेंटल इंश्योरेंस स्कीम के तहत बीमा करने की स्वीकृति दी। वहीं धरती आबा जनजातीय ग्रामीण उत्कर्ष अभियान में विभागीय दिशा निदेर्शों का पालन करते हुए योजना के लिए योग्य लाभुकों का चयन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने बेलगड़िया टाउनशिप में निवास करने वालों को रोजगार से जोड़ने, महिलाओं को भी मत्स्य पालन के लिए प्रेरित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने तथा माइनिंग क्षेत्र के बंद खदान, जहां पानी का जमाव हो, वहां मत्स्य पालन के लिए प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त सादात अनवर, जिला मत्स्य पदाधिकारी उषा किरण, एलडीएम अमित कुमार व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# हाल के हत्याकांडों के कारण व निवारण पर हुई चर्चा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो मॉल के हॉल में 'जिओ और जीने दो' के बैनर तले संयोजिका कनक लता राय के नेतृत्व में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विषय था 'वर्तमान में हो रहे हत्याकांड में सुर्खियों में है महिलाएँ'। इसके कारण और इसके निवारण के उपाय पर चर्चा की गई। कनक लता राय ने गोष्ठी में अपने उद्बोधन में कहा कि



समाज में वर्तमान में की जा रही इन हत्याओं पर हमें समग्रता से विचार करना चाहिए। पुलिस और कानून सबूत के आधार पर दोषी को सजा दिलाते हैं और उनकी भूमिका समाप्त हो जाती है। समाज के प्रबुद्ध और जागरूक लोग समस्या की जड़ तक जाना चाहते हैं कि आखिर यह अपराध हुआ क्यूँ। हम मानव मन के और समाज की वर्तमान स्थिति पर नजर रखते हुए विचार विमर्श करते हैं। अपराधी की पारिवारिक, सामाजिक और आर्थिक पृष्ठभूमि के साथ उसके मनोवैज्ञानिक पक्ष पर भी विचार करते हैं और किया जाना चाहिए। सुभद्रा मिश्रा(शिक्षिका) ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी विवाह को बहुत हल्के में ले रही है।विवाह का अर्थ हो गया है केवल आजादी और सुख भोगने की लालसा।औरों से उच्च वर्ग से अपनी तुलना करना और संतोष का अभाव मुख्य कारण है। इंदू अग्रवाल (भूतपूर्व मारवाड़ी महिला अध्यक्ष) ने बताया कि मानवीय गुणों का ह्रास, संवेदनहीनता, करुणा, ममता और प्रेम का अभाव, चरित्रहीनता, नशाखोरी, संक्षिप्त में कहूं तो विचारों का दूषित होना ही समाज में अपराधिक समस्याओं को जन्म देता है। अमृता शर्मा (कवयित्री) ने अपने विचार रखते हुए कहा कि आज जो भी भयावह परिस्थिति पैदा हुई है, उसके लिये एक हद तक बच्चों की परवरिश जिम्मेदार है।कभी हम बेटों को सर पर बिठा लेते है तो कभी बेटियों को। बेटा हो या बेटी जबतक हम दोनों को सिर्फ अपनी सन्तान मानकर उनका पालन-पोषण नहीं करेंगे तब तक कभी तो बेटे शैतान बनकर विध्वन्स करेंगे कभी बेटियां शुर्पनखा बनकर विनाश करेंगी। अंत में गोष्ठी के संपन्न होने पर सह संयोजिका कस्तूरी सिन्हा के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

## अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के पहले स्थापना दिवस में शामिल हुए 26 राज्यों के आदिवासी

**रामगढ़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामगढ़ जिले के सिद्धू कान्हू जिला मैदान में आज अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के पहले स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में 26 राज्यों के आदिवासियों ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरूआत आदिवासियों के विभिन्न राज्यों से संथाली स्वतंत्रता सेनानियों के लगे तस्वीरों पर माल्यार्पण, संथाली नृत्य एवं संगीत के साथ हुई। कार्यक्रम में पहुंचे सैकड़ो की संख्या में लोगों ने अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के केंद्रीय अध्यक्ष विनोद किस्कु का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष ने सभी आदिवासियों से यह गुजारिश किया कि संथाली समाज अब एक होकर अपने हक और अधिकार की लड़ाई पूरे देश में लड़ेगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समाज के उत्थान एवं विकास को लेकर केंद्र एवम राज्य की सरकारों को यह बताना है कि अब आदिवासी समाज अपने हक के लिए जाग चुका है। मौके पर अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के केंद्रीय अध्यक्ष बिनोद किस्कु ने बताया कि पूरे देश को सजाने एवं संवारने में आदिवासियों का बहुत बड़ा योगदान है और आदिवासी अब अपने हक की लड़ाई के लिए तीर धनुष उठाकर डुगडुगी बजाएगा।

# हाथियों द्वारा की गई क्षति की भरपाई वन विभाग करेगा : डीएफओ

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिले में हाथियों के दो अलग-अलग झुंड विचरण कर रहे हैं, जिसमें 40 हाथी शामिल हैं। हाथी अनाज खाने को लेकर किसानों को नुकसान पहुँचा रहे हैं। स्कूल में रखे अनाज खाने को हाथी भवन को भी क्षति ग्रस्त कर रहे हैं। स्कूल की मरम्मती के लिए वन विभाग मुआवजा भी देने का काम करेगी। यह जानकारी बोकारो डीएफओ रजनीश कुमार ने दी है। बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड के इलाके में हाथियों का आतंक लगातार जारी है। बीती रात गोमिया प्रखंड के नव प्राथमिक विद्यालय, केन्दुआ(चोरगांवां) में 10



से अधिक हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाया है। लोहे की खिड़की को बैंड कर अंदर रखे ढाई क्विंटल चावल और दस पंद्रह किलो आलू को सूंड से बाहर निकाला और पूरी सिद्दत से चट करने के बाद पुनः जंगल की ओर कूच कर गए। डीएफओ का रजनीश कुमार ने बताया कि विभाग का हाथी बचाव दल इलाके में नजर रखे हुए है। हाथियों को जंगल में भेजने का काम भी किया जा रहा है। अब हाथी भी पूरी तरह से डिस्टर्ब हो चुके हैं। इतने हाईवे बन रहे हैं। जिस कारण उनके रास्ते अवरुद्ध हो चुके हैं। वन क्षेत्र में कोलियरी भी काम कर रही है जिसके चलते उन्हें परेशानी हो रही है और वह जंगल से बाहर आ जा रहे हैं। एक जगह से दूसरी जगह जा नहीं पा रहे हैं। कारण यह है कि हाथियों का झुंड जंगल से बाहर आ जा रहे हैं और नुकसान पहुंचा रहे हैं।

## एनएसयूआई ने झारखंड के विवि में अपने अध्यक्ष किए नियुक्त

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी एवं प्रदेश प्रभारी कुणाल शेरावत की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव द्वारा झारखंड के सभी विश्वविद्यालयों में अध्यक्षों की नियुक्ति की गई। विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में राज रंजन सिंह को विश्वविद्यालय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राज रंजन सिंह वर्तमान में विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग से स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहे हैं। इससे पूर्व वे पी.के. रॉय कॉलेज के अध्यक्ष रह चुके हैं। अपनी नियुक्ति के बाद राज रंजन सिंह ने कहा कि उनका




उद्देश्य धनबाद और बोकारो के सभी कॉलेजों में पढ़ाई को सुचारू रूप से सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि कई निजी डिग्री कॉलेज और बी.एड संस्थान मनमानी कर रहे हैं, जिसे रोकना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड के अन्य विश्वविद्यालयों की तुलना में विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय अभी भी पिछड़ा हुआ है, और कई कॉलेज केवल नामांकन लेकर डिग्री बेचने का कार्य कर रहे हैं। जब तक इन संस्थानों में सुधार नहीं होता, वे अपनी टीम के साथ मिलकर इनके विरुद्ध आंदोलन करते रहेंगे। साथ ही, परीक्षाएं समय पर आयोजित हो, इसका भी विशेष ध्यान रखा जाएगा।

# अनिल चौरसिया थे दलितों, शोषितों व गरीबों के दिल में बसने वाले सामाजिक न्याय के पुरोधा : आलोक चौरसिया

**स्व अनिल चौरसिया की मनी 13वीं पुण्यतिथि**

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डालटनगंज -भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी विधायक आलोक कुमार चौरसिया के पिता स्व अनिल चौरसिया की 13वीं पुण्यतिथि किन्नी गांव में मनाई गई। इसमें विधायक आलोक कुमार चौरसिया, श्याम नारायण दुबे, पूर्व सांसद घूरन राम, पूर्व सांसद मनोज, भुइयां, अविनाश वर्मा, दुर्गा जौहरी, अमित तिवारी, लवली गुप्ता, भीष्म चौरसिया, बसंती देवी, अर्जुन सिंह, प्रभात भुइयां, किशोर पांडे, नरेंद्र पांडेय ने स्व अनिल चौरसिया के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने कहा कि अनिल चौरसिया दलितों, शोषितों व गरीबों के दिल में बसने वाले सामाजिक न्याय के पुरोधा थे। कहा कि स्वर्गीय अनिल चौरसिया जी के सपनों को पूरा करना उनकी जिम्मेवारी है। क्षेत्रवासियों ने उन्हें लगातार



अपना प्रतिनिधि बनाकर अनिल चौरसिया जी के आदर्श को अपनाने के लिए प्रेरित किया है। वे जनता के विश्वास पर खरा उतरने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। स्वर्गीय अनिल चौरसिया जी के नहीं रहने के बावजूद उनकी सोच व उनके बताए गए राह पर चल रहे हैं। क्षेत्र के लोगों ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर लगातार काम कर रहे हैं। वे गरीबों दलितों, पिछड़ों व मजदूरों के लिए अंतिम दम तक संघर्ष करते रहेंगे। साथ ही उनकी आवाज उठाते रहेंगे। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे ने कहा कि अनिल चौरसिया दलितों, पिछड़ों, शोषितों व वंचितों की आवाज थे। आज उन्हीं के पद चिन्हों पर विधायक आलोक कुमार चौरसिया चल रहे हैं। साथ ही अपने पिता का सपना साकार कर रहे है। लवली गुप्ता ने कहा कि अनिल चौरसिया गरीबों के शुभ चिंतक थे। हर समय गरीबों के साथ कंधे से कंधे मिला कर चलते थे। आज उन्हीं के पद चिन्हों पर हम सभी को चल कर विधायक आलोक कुमार चौरसिया के साथ कदम से कदम मिला कर चलना है। मौके पर राम लव चौरसिया, विकास चौरसिया उर्फ संटू चौरसिया, पूर्व मुखिया भीष्म चौरसिया व अशेष चौरसिया, राम करेश चौरसिया, विजय शर्मा, दीनानाथ मांझी, सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता व कार्यकर्ता सहित विधायक आलोक चौरसिया के समर्थक मौजूद थे।

## बंद खदानों में मछलीपालन की योजना तैयार करे विभाग : डीसी

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने आज मत्स्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने विभाग को निर्देश दिया कि धनबाद में बंद पड़े कोयला खदानों में मछलीपालन के लिए डीपीआर बनाने का निर्देश जिला मत्स्य पदाधिकारी को दिया। उपायुक्त ने महिलाओं को मछलीपालन से जोड़कर उन्हें स्वरोजगार करने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया है। सोमवार को आयोजित बैठक में उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए धरती आबा जनजातीय ग्रामीण उत्कर्ष अभियान के तहत प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध लाभुकों का चयन, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 के चयनित लाभुक का प्रतिस्थापन की समीक्षा की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए धरती आबा जनजातीय ग्रामीण उत्कर्ष अभियान के कार्य योजना का प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया।

# बीएसएल की क्वालिटी सर्किल टीमों का 'कार्यस्थल प्रबंधन की 5-एस प्रणाली' के राष्ट्रीय सम्मेलन में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** केएलएन इंजीनियरिंग कॉलेज, मदुरै में क्यूसीएफआई द्वारा आयोजित 'कार्यस्थल प्रबंधन की 5-एस प्रणाली' के राष्ट्रीय सम्मेलन में बोकारो स्टील प्लांट की क्वालिटी सर्किल टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है. इस सम्मलेन में बीएसएल की 14 क्वालिटी सर्किल टीमों ने भाग लिया जिनमें 11 टीमों ने प्रतिष्ठित पार-एक्सीलेंस अवार्ड तथा 03 टीमों ने एक्सीलेंस अवार्ड प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर बोकारो स्टील का मान बढ़ाया है. इस सम्मेलन में देश भर से कई प्रतिष्ठित संगठनों की टीमें शामिल हुई थी. बीएसएल के पीईबी विभाग की टीम जिज्ञासा, बीजीएच की टीम गौतम, क्षितिज तथा रूपांतर, हॉट स्ट्रिप मिल की टीम रेडियंस, हैवी मेंटेनन्स विभाग की टीम उद्योग, सीआरएम-क्क्क



की टीम प्रयास तथा टीम स्तंभ, ईटीएल विभाग की टीम संकल्प, सीओ एंड सीसी विभाग की टीम प्रगति, तथा ट्रैफिक विभाग की टीम सृजन-ज्योति के साथ कुल 11 टीमों ने कार्यस्थल प्रबंधन की 5-एस प्रणाली के पुरस्कार की सर्वोच्च श्रेणी पार-एक्सीलेंस अवार्ड जीता. क्यूसीएफआई द्वारा आयोजित कार्यस्थल प्रबंधन की 5-एस प्रणाली के पुरस्कार की दूसरी सर्वोच्च श्रेणी एक्सीलेंस अवार्ड बीएसएल के नगर प्रशासन के जलापूर्ति विभाग की टीम आकर्षक, एच आर सी एफ विभाग की टीम हिमालय तथा आर सी एल विभाग की टीम कर्ण को मिला. राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने से पहले, उपरोक्त टीमों ने बी एस एल के बिजनेस एक्सीलेंस विभाग द्वारा इन-हाउस आयोजित और संचालित डायरेक्टर-इन-चार्ज 5-एस ट्रॉफी' 2025 में अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत मदुरै के राष्ट्रीय सम्मेलन में अपनी जगह बनाई थी. राष्ट्रीय कॉन्क्लेव में बीएसएल टीमों की तैयारी और सफल भागीदारी की सुविधा बिजनेस एक्सीलेंस विभाग ने प्रदान की थी. बोकारो स्टील प्लांट के शीर्ष प्रबंधन ने सभी पुरस्कार विजेता टीमों को अपने संबंधित कार्य क्षेत्रों और विभागों में कार्यस्थल प्रबंधन की 5-एस प्रणाली की संस्कृति को मजबूत करने में उनके सार्थक प्रयासों की सराहना के साथ बधाई दी है.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com